ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 13 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 99 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


अनन्या पांडे ने खींचा सबका ध्यान, लोगों ने...

पेज 12 पर



## झारखंड में बढ़ रही है गर्मी, पारा 43 के पार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के कई शहरों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है पारा 43 के पार होने लगा है। अभी मौसम विभाग ने कई शहरों में तापमान और वृद्धि होने की संभावना जाहिर की है। पछुआ हवा और उमस भरी गर्मी से लोगों को हाल बेहाल है। मौसम विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि बाहर निकलते वक्त अपना विशेष ध्यान रखें। इस बीच मौसम विभाग ने 16 और 17 मई को थोड़ी राहत की संभावना जताई है। संताल सहित कई इलाकों में तापमान में थोड़ी कमी आ सकती है साथ ही बादल के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। इसकी वजह से मौसम के मिजाज में



थोड़ी राहत मिल सकती है।

### गर्मी से मिल सकती है आंशिक राहत

मौसम विभाग वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा, रांची के साथ- साथ आसपास के क्षेत्रों में गर्मी से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। अगले 24 घंटों के बाद आसमान में आंशिक बादल उभर सकते हैं। लेकिन हल्के बादल होने के कारण 16 और 17 मई को कहीं-कहीं छिटपुट बारिश शेष पृष्ठ 11 पर

### सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई

**एक** माह में सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मौसम में



बार-बार परिवर्तन से सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा है। इससे एक माह में कीमतें 10 से 20 रुपए किलो तक बढ़ी हैं। अभी हरी सब्जियां 35 से 40 रुपये प्रतिकिलो बिक रही हैं। फूलगोभी 50 से 60 रुपए किलो मिल रही है। बीएयू के डिपार्टमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर के प्रधान डॉ संयत मिश्रा ने कहा कि मौसम में काफी बदलाव आ रहा है। गर्मी काफी पड़ती है, इसके बाद तुरंत ठंडक आ जाती है। ऐसा मौसम सब्जियों के लिए अनुकूल नहीं है। वहीं पिछले महीने भी बारिश से फसल को नुकसान पहुंचा था।

### सीबीएसई रिजल्ट 2023 : 10 वीं 10वीं में 94.45 व 12वीं में 89.72 प्रतिशत

## झारखंड में बेटियों का कमाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीएसई के 12वीं बोर्ड का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। प्रदेश का रिजल्ट 89.72 प्रतिशत रहा। इसबार भी छात्राओं का ही दबदबा रहा। 92.94 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 87.45 रहा। वहीं, सीबीएसई 10वीं में झारखंड का रिजल्ट 94.45 प्रतिशत रहा। 95.30 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं, जबकि 93.90 प्रतिशत छात्र सफल रहे। गौरतलब है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन 15 फरवरी से 5 अप्रैल के बीच आयोजित की गई थी।

### सीएम ने दी बधाई और शुभकामना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। इस अवसर पर अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन को भी मैं हार्दिक बधाई देता हूं। आप सभी छात्र-छात्राएं खूब आगे बढ़ें, यही कामना करता हूं।

## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की दी शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में हमेशा अभूतपूर्व योगदान देने वाले, समर्पण और सेवा की मिसाल देश के नर्स समूह को ढेरों शुभकामनाएं और जोहार।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आज

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित किए जाएंगे। 224 सीटों के लिए 10 मई को चुनाव हुआ था, जिसमें 73.19 प्रतिशत मतदान हुआ था। प्रदेश के 36 केन्द्रों पर सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू होगा। इस चुनाव में मुख्य तौर पर जनता दल (एस) के अलावा भाजपा और कांग्रेस के बीच जबरदस्त टक्कर देखी जा रही है। हालांकि एक्जिट पोल के मुताबिक कांग्रेस को थोड़ी बढ़त जरूर है लेकिन सभी पार्टियां उत्सुकता से नतीजों का इंतजार कर रही हैं।

### झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का 24 मई को होगा उद्घाटन

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन आगामी 24 मई को होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के साथ वर्चुअली बैठक की। इस बैठक में हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन से संबंधित तैयारियों सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। इस वर्चुअली बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव भवन निर्माण विभाग सुनील कुमार एवं डीआईजी रांची अनूप बिरथरे भी शामिल हुए।

### टाटा कैंसर हॉस्पिटल का सीएम हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन, कहा

## वर्ल्ड क्लास मशीनों के साथ अस्पताल जनता को समर्पित

### टाटा कैंसर अस्पताल सिर्फ इलाज नहीं रिसर्च भी करेगा : हेमंत सोरेन

### रांची कैंसर अस्पताल व अनुसंधान केंद्र राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में टाटा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस मौके पर टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी और वाइस चेयरमैन टाटा स्टील नवल टाटा मौजूद रहे। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, महगामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह सिंह सहित टाटा के कई वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर, विधायक और सरकारी अधिकारी मौजूद रहे।

### कैंसर अस्पताल में अब हमारे पास वर्ल्ड क्लास की मशीन

राजधानी के कांके में यह आधुनिक अस्पताल तैयार हुआ है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, रांची में टाटा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई चीजें जुड़ती आयी हैं लेकिन कैंसर से संबंधित स्वास्थ्य सुविधा इस प्रदेश में लगभग ना के बराबर था। सरकार बनने के बाद से ही हम लोगों ने इस संबंध में प्रयास किया था। हमारे राज्य में कैंसर के मरीज दूसरे राज्यों में जाया करते थे।हेमंत सोरेन ने कहा, हमने भी कई लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्य भेजा है। आज हमारे राज्य में भव्य कैंसर अस्पताल मौजूद है। आज यह जनता को समर्पित किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह अस्पताल राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि यह सिर्फ अस्पताल नहीं रिसर्च सेंटर भी है। मैं अपील करता हूं कि नवल टाटा जी इसे इस तरह विकसित करें शेष पृष्ठ 11 पर




### कैंसर का इलाज आसान हो, बेहतर हो

**टाटा** ट्रस्ट के ट्रस्टी और वाइस चेयरमैन टाटा स्टील नवल टाटा ने उद्घाटन के दौरान कहा, यह राज्य सरकार के सहयोग से संभव हो सका है। कैंसर से लड़ने के लिए बेहतर सुविधा कम जगहों पर है, कई इलाके के लोगों को लिए यहां पहुंचना संभव नहीं है। बड़े शहरों में कैंसर अस्पताल का बेहतर इलाज होना छोटे शहर में रहने वालों के लिए वहां पहुंचना मुश्किल होता है। टाटा कैंसर से लड़ने के लिए छह राज्यों में काम कर रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, झारखंड, असम, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक। इन्हें हम चार समूह में बाट रहे हैं जिनमें लोगों की पहुंच, सुविधा, योजना का लाभ, उच्च गुणवत्ता, जागरूकता। रांची कैंसर अस्पताल सिर्फ मरीजों के लिए इलाज के लिए नहीं है, रिसर्च के लिए भी है। यहां उच्च तकनीक की मदद से डॉक्टर और वैज्ञानिक रिसर्च करेंगे। राज्य अर्थव्यस्था को मजबूत करने पैसे कमाने के लिए लोगों को सुविधा देने के लिए चलता है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा, इस राज्य के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा। इसी विश्वास के साथ हमारे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लगातार स्वास्थ्य विभाग से समीक्षा करते रहे। स्वास्थ्य की सुविधा कैसे बेहतर हो इसे लेकर मुख्यमंत्री चिंतित रहते हैं। राज्य अर्थव्यस्था के लिए नहीं होता है, जनता को बेहतर सुविधा देने के लिए होता है।

### कैंसर पर रिसर्च भी होगा

**इस** टाटा कैंसर हॉस्पिटल में ओपीडी का संचालन एक साल पहले से किया जा रहा है। अस्पताल में फिलहाल 82 बेड हैं, जिनमें से 50 फीसदी यानि 41 बेड स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित हैं. अस्पताल में 14 ऑपरेशन थिएटर और 28 बेड का आइसीयू हैं। अस्पताल का निर्माण टाटा ट्रस्ट ने किया है. इस अस्पताल की खास बात ये है कि इसमें इलाज के साथ कैंसर पर रिसर्च भी होगा. अस्पताल को मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के समान विकसित किया जाना है।

### कैंसर से लड़ाई अब झारखंड में होगी आसान

**इस** अस्पताल का शिलान्यास रतन टाटा और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 10 नवंबर 2018 को किया था। इस अस्पताल में अक्टूबर 2022 से ही ओपीडी आरंभ हो गया था। यहां कैंसर के सभी टेस्ट और इलाज समेत रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी समेत अन्य सुविधा है। इस अस्पताल के आने से झारखंड को कैंसर से लड़ने में और आसानी होगी। कैंसर के बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर या दूसरे राज्यों का रुख करने वाले रांची के लोग अब इस अस्पताल की वजह से बड़ी राहत महसूस करेंगे। कैंसर के मरीजों के लिए यह बड़ी राहत है। कैंसर के इलाज के लिए दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों का रुख करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कैंसर रोगी टीएमएच मुंबई का रुख करते थे। वर्तमान में झारखंड के कैंसर रोगियों का इलाज रिम्स में भी होता है।

## राज्य में मॉब लिंचिंग की एक और घटना

### गांव वालों ने चोरी के आरोप में इतना पीटा की चली गयी जान

### हत्या के आरोप में 8 ग्रामीण गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में मॉब लिचिंग की एक और घटना घटी है। घटना राजधानी रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र की है। होरेदाग गांव में गांव के लोगों ने चोरी के आरोप में एक युवक की पीट- पीट कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गांव के मिथुन सिंह खरवार के रूप में हुई है। घटना बुधवार की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कि मिथुन खरवार रात में गांव के नंदलाल मुंडा के घर चोरी करने गया था। घरवालों को इसका पता चला गया। हल्ला मचा। मिथुन डर गया और भागने लगा। इधर आवाज सुनकर गांव के कुछ और लोग जमा हो गये। लोगों ने दौड़ाकर मिथुन को पकड़ा। घटना बुधवार की देर रात तीन बजे की बताई जा रही है। भीड़



ने उसकी जमकर पिटाई की, फिर ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया। भीड़ ने इतना मारा कि उसकी हालत खराब हो गयी। सुबह 10.30 बजे जब पुलिस पहुंची तो उसकी हालत गंभीर थी उसे उपचार के लिए सीएचसी ओरमांझी ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मिथुन के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मौत कैसे हुई इसका पता अबतक नहीं चला है, शरीर के किस हिस्से में ज्यादा चोट आयी, मौत होने की असल वजह क्या थी इसका पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। दूसरी तरफ पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई तेज शेष पृष्ठ 11 पर

### रांची में सरेशाम युवती की गोली मार कर हत्या

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित पटेल चौक के पास हॉस्टल में रहने वाली एक युवती को अज्ञात अपराधियों के द्वारा सरेशाम गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोली लगने से घायल युवती को आनन-फानन में रांची का रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया था। लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। अरगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार प्रेम प्रसंग में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय निवेदिता जो बिहार के नवादा जिला के रहने वाली थी।वह पटेल चौक स्थित एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार की शाम को अपने हॉस्टल की तरफ लौट रही थी इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियो ने उसे निशाना बनाकर गोली मार दी। गोली मारने के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए।

### लातेहार : नक्सलियों के छिपाए हथियार बरामद

**लातेहार।** जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकाखाड़ गांव के निकट पहाड़ी पर सीआरपीएफ के जवानों ने छापामार कर नक्सलियों के छिपा कर रखे गए हथियार, आईईडी बम तथा अन्य सामान बरामद किया है। बरामद आईडी बम को सुरक्षाबलों ने जंगल में ही निष्क्रिय कर दिया। सुरक्षाबलों का अभियान अभी भी जारी है। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी को सूचना मिली थी कि बोकाखाड़ के आसपास के पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों ने हथियार तथा बम छिपाकर रखे गए हैं। इस सूचना के बाद सीआरपीएफ 214 बटालियन के अलावा सीआरपीएफ 11 बटालियन और 112 बटालियन के जवानों ने संयुक्त रूप से छापामारा। इस दौरान जवानों ने पहाड़ी पर एक स्थान पर गड्ढे में छुपाकर रखे हथियार और अन्य सामान बरामद किया गया। इसमें एक राइफल, एक कट्टा, भारी मात्रा में आईईडी बम, नक्सली साहित्य तथा अन्य सामान शामिल है।

## निलंबित आईएएस छवि रंजन की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना की भूमि सहित अन्य विवादित जमीन की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के आरोपित निलंबित आईएएस और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी ने छह दिनों तक पूछताछ करने के बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने दोबारा कोर्ट से छवि रंजन से पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने ईडी को चार दिनों तक पूछताछ की मंजूरी दी। इससे पहले छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद पांच मई को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। छवि रंजन से ईडी सेना के कब्जे वाली जमीन, बजरा मौजा की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ कर चुकी है। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अब तक छवि रंजन सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने जमीन घोटाले मामले



में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तारी किया गया था। इस छापेमारी के बाद ईडी ने रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी पूछताछ किया था। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने झारखंड में कई जगहों पर छापेमारी की थी। छवि रंजन के जमशेदपुर स्थित आवास में भी छापेमारी हुई थी।

### ज्ञानवापी विवाद मामला

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिवलिंग के कार्बन डेटिंग का आदेश दिया

**आरएनएम। प्रयागराज/वाराणसी**

ज्ञानवापी मामले के इस विवाद में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कथित शिवलिंग के कार्बन डेटिंग कराने का आदेश दे दिया। न्यायालय ने इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को कार्बन डेटिंग करने का निर्देश दिया है। इस बात पर भी जोर दिया गया है कि कार्बन डेटिंग के दौरान किसी भी तरह से उस कथित स्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

इस फैसले के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी की अदालत के उस आदेश को भी रद्द कर दिया है जहां पर यथास्थिति कायम रखने की बात कही गई थी। असल में इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने



ही यथास्थिति कायम रखने की बात कही थी, उसी वजह से जब वाराणसी कोर्ट में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की याचिका दायर की गई तो कोर्ट ने उसे स्वीकार करने से मना कर दिया था। लेकिन उस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई और अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को कार्बन डेटिंग की इजाजत दे दी गई है। वैसे हाई कोर्ट ने जो आदेश जारी किया है। इसका अनुमान तभी लगा लिया गया था जब सुनवाई के दौरान पूछा गया था कि क्या बिना शेष पृष्ठ 11 पर

### हौसला — किसी के पिता नहीं, किसी की मां ने मजदूरी की

## राज्य की ऐसी बेटियां देश के लिए खेल रहीं हॉकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किसी के सिर से पिता का साया बचपन में उठ गया तो किसी के मां-पिता ने दिहाड़ी मजदूरी की। किसी ने सपने को जमीन पर उतारने के लिए खुद खेतों में काम किया। संघर्ष की ये कहानियां झारखंड के सिमडेगा जिले की उन तीन बेटियों की हैं, जिनका चयन महिला जूनियर एशिया कप-2023 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इनके नाम हैं-दीपिका, रोपनी और महिमा।

हॉकी के मैदान तक पहुंचने और वहां अपनी काबिलियत साबित करने के लिए तीनों को बेहद विषम हालात से गुजरना पड़ा है। दीपिका तथा रोपनी- इन दोनों




के पिता का बहुत पहले निधन हो चुका है। उनके परिवार वालों ने किसी तरह मजदूरी कर खिलाड़ी बेटियों के सपनों को न सिर्फ जिंदा रखा, बल्कि उसे हासिल कराने में हर संभव योगदान दिया।

दीपिका सोरेंग जिले के केरसई प्रखंड के करंगागुड़ी सेमरटोली की रहने वाली हैं। दीपिका जब छोटी थीं तब ही उनके पिता दानियल सोरेंग की हत्या हो गई थी। इसके बाद बेबस मां फ्रिस्का सोरेंग ने राऊरकेला में दिहाड़ी मजदूरी कर अपनी संतानों का परवरिश की। दीपिका सोरेंग के हॉकी के प्रति झुकाव को देखते हुए उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ाने के लिए जी जान लगा दी।

रोपनी की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसके पिता रातू मांझी का भी निधन हो गया है। रोपनी को इस मुकाम तक पहुंचाने में उसकी मां और घर के अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा है। महिमा भले ही ओलंपियन सलीमा की बहन हैं, लेकिन घर के माली हालात बेहतर नहीं रहने से वो संघर्ष से ही आगे बढ़ीं हैं। उन्होंने खुद खेतों में काम किया है। उनके परिवार का आर्थिक आधार किसानी-मजदूरी है।

गौरतलब है कि तीनों खिलाड़ियों ने वर्ष 2017 में सबजूनियर नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड टीम से खेला और गोल्ड पर कब्जा जमाकर चैंपियन बनीं। तीनों ने वर्ष 2019 में भी जूनियर नेशनल में झारखंड टीम से खेलकर गोल्ड हासिल किया था। हॉकी खिलाड़ी दीपिका, रोपनी और महिमा लगातार झारखंड टीम से नेशनल प्रतियोगिता भी खेलती रही हैं। अब तीनों विदेशी सरजमीं पर झारखंड का नाम रोशन करेंगी। गौरतलब है कि हॉकी इंडिया ने जापान के काकामीगहारा में 2 जून से शुरू होने वाले प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की है।

# अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ ईडी में शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ ईडी में शिकायत की गई है। राजीव कुमार के खिलाफ ठाकुरगांव थाने में केस संख्या 36/22, 37/22 और 38/22 दर्ज कराने वाले भुवनेश्वर साहू ने ईडी निदेशक, ईडी के संयुक्त निदेशक व डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों को शिकायत की है। भुवनेश्वर साहू ने आरोप लगाया है कि अधिवक्ता राजीव कुमार ने आदिवासियों की जमीन हड़पने, जबरन कब्जा करने एवं जाली दस्तावेज बनाए। इसके बाद जमीन पर कब्जा कर लिया। भुवनेश्वर ने रांची के एसटी- एससी थाना में भी दर्ज राजीव कुमार के केस की जानकारी दी है। 39 विक्रय पत्र व पॉवर आफ अटार्नी से जमीन बेचने का जिक्र : भुनवेश्वर कुमार ने ईडी को भेजे शिकायत में बताया है कि राजीव कुमार ने अपने व अपने परिजनों के नाम से लगभग 39 विक्रय पत्र एवं पावर आफ अटार्नी के माध्यम से रांची जिला के विभिन्न अंचलों में संपत्ति व जमीन की खरीद बिक्री की। इनमें से तकरीबन 10 दस्तावेज आदिवासी खतियान की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अधिवक्ता राजीव कुमार कुछ भू माफियाओं से सांठगांठ कर आदिवासी



जमीन का साजिश के तहत गलत तरीके से जाली दस्तावेज एवं कुसीर्नामा बनाकर साजिश के तहत जमीन से बेदखल कर देते हैं। भुवनेश्वर साहू ने आरोप लगाया है कि केस की वापसी के लिए अधिवक्ता के द्वारा धमकी भी दी जाती है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अधिवक्ता ने आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री कर अकूत संपत्ति अर्जित की है।

**खुद व परिजनों के नाम पर किन जमीन की खरीद बिक्री का जिक्र :** राजीव कुमार व अनीश कुमार के नाम पर शाकंभरी राइस के लिए एग्रीमेंट, जमादार सिंह से बुढमू में 75 डिसमिल, समीरचंद्र गुप्ता से 42 डिसमिल, नपुर देवी से पत्नी के नाम पर 16 डिसमिल, विमला देवी से 38 डिसमिल, अलकार देवी से 27 डिसमिल, अर्जुन राम से 30 डिसमिल, समीर चंद्र गुप्ता से 50 डिसमिल की बुढमू में खरीद की गई। हटिया के जगन्नाथपुर में पत्नी के द्वारा अजय कुमार को 37 डिसमिल जमीन बेची गई। नरेश प्रसाद गुप्ता से 98 डिसमिल, समीर चंद्र गुप्ता से 2 एकड़, सीमर चंद्र गुप्ता से 1.50 एकड़, रामकांत कुमार से पत्नी के नाम पर अरगोड़ा में 5.37 डिसमिल की खरीद की गई। इसके अलावे 24 अन्य जमीन के पट्टों का विवरण ईडी को सौंपा गया है।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के विनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के दसवीं कक्षा के बच्चों का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। कुल 22 बच्चों में से 20 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं 2 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें नमन कुमार भगत ने 91% लाकर स्कूल टॉपर का गौरव प्राप्त किया। इधर मनीषा कुमारी ने 86% लाकर दूसरा और सुधीर उरांव ने 83% लाकर तीसरे स्थान पर अपना शानदार व उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि यह शिक्षकों की कड़ी मेहनत, लगन, उत्साह व अनुशासन से ही बेहतर परिणाम आया है। उन्होंने सभी बच्चों अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। साथ ही बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि यह स्कूल का दूसरा बैच है, जिसने कक्षा दसवीं की परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि दसवीं की परीक्षा बच्चों के जीवन का पहला पड़ाव है। जिसे इन्होंने पार कर लिया है। आगे की पढ़ाई इनके भविष्य निर्धारण करेगा।

# नर्सों की सेवा भाव से मरीज का दुख कम होता है : स्वास्थ्य मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रिम्स ऑडिटोरियम में आवर नर्सेज, आवर फ्यूचर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नर्स सिर्फ व्यवस्था नहीं, एक विश्वास हैं। कर्तव्य नहीं सेवा भाव का विश्वास है। नर्स की सेवा भाव मरीज को दुख में अपनों के होने का बोध कराता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, रिम्स निदेशक डॉ। कामेश्वर प्रसाद, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, एशिया पैसिफिक सिंगापुर से डॉ। एसएमएफ पाशा, अशोक कुमार सिंह प्रदेश महामंत्री, झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अतिरिक्त सुशांत कुमार साहू, संगठन महासचिव रिम्स अराजपत्रित कर्मचारी संघ उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइवी रानी खलखो एवं कार्यक्रम का संचालन सिस्टर सोनल सैमुअल एवं श्वेता आर्या ने किया।

## एदारा ए शरिया के बनाए गए प्याऊ का समाजसेवियों ने किया उद्घाटन



**नवीन मे संवाददाता। रांची**
भीषण गर्मी को देखते हुए एदारा ए शरिया झारखंड के द्वारा मधुबन मार्केट के बाहर, मेन रोड में अस्थाई प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ का उद्घाटन एदारा ए शरिया के संरक्षक मो. सईद ने किया। उन्होंने सेंट्रल मुहर्रम कमिटी, एदारा ए शरिया, रांची पब्लिक स्कूल द्वारा चलाए जा रहे सभी सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। अकिलुर रहमान ने अपने उदगार में कहा कि सेंट्रल मुहर्रम कमिटी सामाजिक कार्य में सदैव अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि तपती गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी एवं चना, गुड़ मिलना बहुत ही राहत भरा जनसेवा का कार्य है। नर सेवा नारायण सेवा के समान है। तथा मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं। मो. सईद के नेतृत्व में कमिटी लगातार बहुत ही प्रशंसनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मो. आफताब आलम ने कहा कि एदारा ए शरिया, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी निरंतर सामाजिक कार्यों को आगे भी बढ़ाते रहेगी।धन्यवाद- ज्ञापन देते हुए रांची पब्लिक स्कूल के सचिव मो. तौहीद ने कहा कि पूरे गर्मी में पियाऊ, के साथ गुड, चना का भी व्यवस्था किया गया है। मौके पर मो. इस्लाम, मंजूर, मो. महजूद सहित अन्य उपस्थित थे।

### एआईएसएसई-2023 में सरला बिरला की छात्राओं ने परचम लहराया

## सक्षम गोयल 98.4% अंकों के साथ स्कूल रहा टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने ए. आई. एस. एस. ई.-2023 परीक्षा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल को गौरवान्वित किया है। सक्षम गोयल 98.4% अंक हासिल करके स्कूल टॉपर रहा। सुहानी सिंह ने 98.2%, अनिमेष राज ने 96.6% तथा आरुष भाटिया और सिमरन ने 96.4% अंक प्राप्त किए। कुल 77 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किए और 591 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने कहा कि चुनौतियों का सामना करते हुए छात्रों ने अत्यधिक परिश्रम के साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसका श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और लगन को दिया। उन्होंने उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

**प्राचार्या परमजीत कौर-** विद्यार्थियों के प्रदर्शन का पूरा श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और लगन को जाता है। मैं उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

## संत माईकल (+2) विद्यालय मुरी में कक्षा बारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**मुरी।** सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा कक्षा बारहवी का परिणाम 12 मई को घोषित किया गया जिसमें संत माईकल (+2) विद्यालय का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। निर्मल महतो 88.5% अंक लाकर विज्ञान संकाय में विद्यालय का टॉपर रहा हलधर महतो 88%, मुहम्मद गुलाम जहाँगिर 81% लाकर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुहम्मद तामिमुल हक 76.5%, भूमिका महतो 70.5%, निवेदिता घोष 74%, रिया पाठक 68% अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में सभी विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का एवं इस क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों की बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्याथीयों की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो ने गुणवता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्याथीयों की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकगण की धन्यवाद दिए जिसने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री सि. एल. प्रजापति ने कहा कि बारहवी का यह प्रथम बैच था और प्रथम बैच में ही इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियो की शुभकामनाए दिए।

### खूंटी में प्रेमिका ने फंदे पर झूलकर दी थी जान, प्रेमी गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रेमी की बेरुखी से खफा प्रेमिका सुषमा धान (25) ने प्रेमी के सामने ही गुरुवार को एक पेड पर फंदा लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजनों को सौंप दिया है। मृतका के भाई के बयान पर प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तोरपा पुलिस ने बताया कि जारियागढ़ थाना क्षेत्र जम्हार डांडटोली की रहनेवाली युवती सुषमा धान तथा लोहाजिमि के 30 वर्षीय विवेक गुड़िया के साथ एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सुषमा रांची में रह कर किसी सिलाई सेंटर में काम करती थी और हमेशा प्रेमी को पॉकेट खर्च देती रहती थी। सुषमा को लगा कि विवेक का किसी अन्य लड़की के साथ चक्कर चल रहा है। इसी बात को लेकर गुरुवार को दोपहर में सुषमा रांची से बस से तोरपा ब्लॉक गेट के पास उतरी और प्रेमी विवेक को मिलने के लिए बुलाया।

### सहायक लोक अभियोजन (एपीपी) की बहाली 107 में 47 बाहरी

# छल्ले गए झारखंडी : राजेन्द्र



नवीन मेल संवाददाता। रांची मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सहायक लोक अभियोजन परीक्षाफल में 107 में 47 बाहरी लोगों की नियुक्ति पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखण्डियों का शैक्षणिक भविष्य खतरे में है। प्रसाद ने कहा कि राज्य के पढ़े-लिखे झारखंडी अभ्यर्थियों की उपेक्षा करने का जब सरकार ने ही यह तय कर लिया है तो झारखण्डियों का शैक्षणिक भविष्य झारखंड में खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा राज्य में जिस तरह से बाहरी लोगों की सरकार में नियुक्ति हो रही है, इससे लगता है कि झारखण्ड में झारखण्डी वातावरण राज्य में कभी बन नहीं पाएगा। उन्होंने कहा महाराष्ट्र में मराठा मैं सरकार परीक्षा लेती है गुजरात में गुजराती में और उन लोगों की ही नियुक्ति होती है जो उन राज्य की भाषा को जानते हैं। साथ ही मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार की सरकार ने अपने राज्यों के अभ्यर्थियों को ही सिर्फ प्राथमिकता दे रही है।
प्रसाद ने कहा कि हेमंत सरकार ने 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति के नाम पर वोट लिया था। लेकिन सरकार जिस तरह से झारखण्डियों को धोखा दे रही है ,आने वाले चुनाव में निश्चित रूप से परिणाम सरकार और उनके गठबंधन के लिए घातक होंगा। प्रसाद ने कहा कि जो भी झारखण्डियों के अधिकार से खिलवाड़ करेगा अब वैसे लोगों को विधायक, सांसद, बनने नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि अब सरकार में वैसे दल को सरकार में लाया जाएगा जो झारखण्डियों के हित में काम करने के साथ-साथ भ्रष्टाचारियों के खिलाफ करवाई करेगी।

### स्कूली बच्चों के बीच चित्र सह निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बेड़ो।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2023 के उपलक्ष्य में झारखंड जैव विविधता पार्षद रांची एवं प्रगति एजुकेशनल एकेडमी रांची के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को जैव विविधता विषय पर एस.एस प्लस टू उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेड़ो रांची में स्कूली बच्चों के बीच चित्र सह निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सनद रहे कि जैव विविधता पर जो खतरा मंडरा रहे हैं, बहुत जीव जंतु इस प्राणी जगत से विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसके संरक्षण संवहनीय उपयोग तथा जैविक संपदा से प्राप्त लाभांशों के समुचित बंटवारे हेतु भारत सरकार द्वारा जैविकीय विविधता अधिनियम 2002 पारित किया गया है। वहीं जनमानस में जैव विविधता के प्रति जागरूकता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन द्वारा 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस घोषित किया गया है।

### खूंटी में व्यावसायिक शिक्षा के तहत जागरुकता कार्यक्रम

**खूंटी।** व्यावसायिक शिक्षा के तहत शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मी नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय, मुरहू में किया गया। प्रतिभागियों में कक्षा नौवी, 10वीं, 11वीं और 12वीं अध्ययनरत 150 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। सहायक शिक्षिका अनुभा अन्ना ने पैनल का संचालन किया। अनुमण्डल पदाधिकारी ने व्यावसायिक शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। झारखंड शिक्षा परियोजना के व्यावसायिक शिक्षा प्रभाग प्रभारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीप कुमार सोय ने जिले के विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के विभिन्न ट्रेडों की जानकारी दी।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग**

–:: शुद्धि पत्र ::–

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in **Chouparan & Daru** blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 2023-24 (Head-JJM); P.R. No.:- 296783 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D के ग्रुप संख्या–**HZB/SVS_Cluster/CHOUPARAN-1.19** को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR 297275 Drinking Water and Sanitation(23-24).D


### जवाबदेही: जैप वन की 80 महिला पुलिसकर्मियों को दी गई ट्रैफिक की जिम्मेवारी

# एक सप्ताह के भीतर हर चौराहों पर दिखेंगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के ट्रैफिक दस्ते में जल्द ही महिला पुलिस कर्मियों को शामिल किया जाएगा। ये महिला कर्मी पुलिसकर्मी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था की कमान संभालने के साथ ही शहर के स्कूल व कालेजों के बाहर विशेष रूप से तैनात रहेंगे। महिला कर्मी ट्रैफिक कंट्रोल करने के साथ ही छेड़छाड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए भी नजर रखेगी। रांची ट्रैफिक विभाग को जैप वन की 80 महिला पुलिसकर्मियों को दिया गया है। ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि महिला पुलिसकर्मियों को शहर के तकरीबन हर पोस्ट में तैनाती की जाएगी। महिला पुलिसकर्मियों के साथ पुरुषों को भी रखा जाएगा। महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को चालान काटने के अलावा जाम लगने पर उसे किलयर करने की भी जिम्मेवारी दी जाएगी। एक सप्ताह के भीतर सभी चौक-चौराहों पर महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मी की तैनाती कर दी जाएगी। बता दें कि वर्तमान में शहरभर में 250 ट्रैफिक पुलिसकर्मी ही हैं। सभी पुलिसकर्मी पुरुष ही हैं।

**महिला पुलिसकर्मियों को दी जा रही है ट्रेनिंग :** जैप वन की 80 महिला पुलिसकर्मियों को ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। पुलिस लाइन में सभी महिला पुलिसकर्मियों को जाम लगने पर क्या करना है और चालान कैसे काटना है। इन बातों की जानकारी उन्हें दी जा रही है। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि ट्रेनिंग पूरा होने के बाद उन्हें ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा।

महिला वाहन चालकों से निपटेगी रांची में महिला वाहन चालक अक्सर पुलिसकर्मियों के साथ उलझ जाती हैं। उनके साथ बदसलूकी भी करती हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन अब उन महिला वाहन चालकों का सामना महिला ट्रैफिक पुलिस ही करेंगी। महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से कहा है कि अगर कोई महिला उनसे बदसलूकी करती हैं तो वे कैमरा में रिकार्ड करें और उसके खिलाफ कार्रवाई भी करें।

### रातू मलमांडू में सड़क हादसा में एक युवक की मौत, एक घायल

**रातू ।** थाना क्षेत्र के ठाकुरगांव-काठीटांड मार्ग स्थित मलमांडू में सड़क हादसे में एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। युवक की पहचान हुरहुरी निवासी सलीम अंसारी के रूप में हुई। वही हादसे में पल्सर बाईक सवार मलमांडू निवासी सुनिल उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज झखराटांड़ स्थित कमलेश मेमोरियल हॉस्पिटल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक हुरहुरी निवासी सलीम अंसारी आइसक्रीम बेचता था। रोजाना की तरह व आइसक्रीम बेचने के बाद शुक्रवार की शाम 7 बजे मलमाण्डू की ओर से हुरहुरी अपना घर वापस रहा था। तभी स्टार आटो सर्विस पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक पल्सर बाईक सवार ने युवक को अपने चपेट में ले लिया जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस शव को कब्जे में कर पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वही बाइक को जब्त कर थाना ले आयी है। मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।


**कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

**E-tender Notice No:…07….. . Date. …12/05/2023…**

ई – निविदा आमंत्रण सूचना

सदर अस्पताल, कोडरमा एवं कोडरमा जिले के अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2023–24 हेतु 1. ग्रुप ए– मशीन उपकरण 2. ग्रुप बी– दवा, आकस्मिक दवा, उपचार सामग्री, केमिकल, आदि 3. ग्रुप सी– स्टेशनरी सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माणकर्ता /प्रतिष्ठानों / प्राधिकृत एजेंसियों से ई–निविदा आमंत्रित कि जाती है।

**Detail of e-Tender/Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दवा, आकस्मिक दवा, उपचार सामग्री, केमिकल, मशीन , स्टेशनरी आइटम्स का दर अनुमोदन हेतु |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 12.5.2023 |
| 3 | ई निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि | 16/05/2023 from 11 AM |
| 4 | ई निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 05.06.2023 के अपराह्न 5.00 P.M तक |
| 5 | तकनिकी बिड खुलने का समय | 06.06.2023 at 3.00 P.M |
| 6 | वितीय भाग खुलने का समय | To be notify later |
| 7 | अग्रधन की राशि जो DRHS RCH FLEXIBLE POOL KODERMA, Payble at BOI Koderma के नाम से देय होगा। | 1. Group A Medical Machines and others - 1,00,000.00 (One Lakh Only)<br>2. Group B Machine - 2,00,000.00 (Two Lakh Only)<br>3 Group C Stationery items - 25,000.00 (Twenty Five Thousand Only) |
| 8 | ई निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो DRHS RCH FLEXIBLE POOL KODERMA, Payble at BOI Koderma के नाम से देय होगा। (Non-Refundable) | 5000.00 (Five Thousand) Only **Each Group** |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 8709947006, 9911901948 |
| 11 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 8709947006, 9911901948 |
| 12 | निविदा शुल्क एवं EMD का DD (Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 16.5.2023 At 11.00 A.M to 05.06.2023 Up to 5.00 P.M |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

PR.NO.297209 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

## झारखंड में मनमाने तरीके से भूजल के दोहन पर लगेगी रोक, कानून जल्द

# सरकार इस पर लगायेगी कई तरह की पाबंदियां



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड में बारिश का पानी 85 फीसदी बेकार बह जाने और बोरिंग के जरिए अंधाधुंध ग्राउंड वाटर के दोहन को देखते हुए जलसंसाधन विभाग जल्द ही ग्राउंड वाटर कानून बनाने जा रहा है। इसकी प्रक्रिया तेज हो गयी है। इसके लिए सरकार अलग से ग्राउंड वाटर बोर्ड का गठन करेगी। सरकार ग्राउंड वाटर दोहन रोकने के लिए कई तरह की पाबंदिया लगा सकती है। इसके बाद न तो ग्राउंड वाटर और न ही सरफेस वाटर का मनमाने तरीके से दोहन हो सकेगा।

**इस कारण हुई सरकार सचेत :** सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के अनुसार, झारखंड में तेजी से गिरते ग्राउंड वाटर पर रिपोर्ट झारखंड सरकार को सौंपी गयी है। रिपोर्ट में वर्ष 2020 की तुलना में 2022 में ग्राउंड वाटर की निकासी 2.21 प्रतिशत बढ़ी है। वर्ष 2020 में ग्राउंड वाटर की निकासी 29।13 प्रतिशत रही, जबकि 2022 में बढ़कर यह 31.35 प्रतिशत तक हो गयी। धनबाद में 75 प्रतिशत, कोडरमा में 66।10 प्रतिशत तक दोहन बढ़ा है। वहीं पश्चिम सिंहभूम की स्थिति अच्छी है, यहां मात्र 9.93 प्रतिशत ही ग्राउंड वाटर का दोहन हुआ है।

**ग्राउंड वाटर और वाटर पॉलिसी के लिए कब क्या हुआ :** 2011 में जल नीति बनायी गयी, जो वाटर टैक्स से संबंधित थी। इसमें ग्राउंड वाटर को लेकर जिक्र नहीं था। 2015 में जल आयोग का गठन हुआ, मगर इसमें कोई ठोस काम नहीं हो सका। देश के 14 राज्य में ही राज्य वाटर बोर्ड है, झारखंड सहित शेष राज्य में नहीं है। अब राज्य में राज्य वाटर बोर्ड के गठन का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है, इसके साथ ही राज्य सरकार अपने हिसाब से ग्राउंड वाटर का दोहन रोकने के लिए अलग से कानून बनाने जा रही है।

## प्लेसमेंट ड्राइव में 100 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**रांची।** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) में शुक्रवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त डिप्लोमा कॉलेजों के विभिन्न संकाय के लगभग 100 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार के लिए 35 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

कैंपस प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित लूमैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, पुणे के प्रतिनिधि विक्रम साठे ने विद्यार्थियों को कंपनी की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर जेयूटी के कुलपति डॉ विजय पांडेय, रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी, परीक्षा नियंत्रक डॉ विप्लव किशोर पांडेय, सहायक रजिस्ट्रार सविता नायक, सहायक परीक्षा नियंत्रक प्रो एपीजी कुजूर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अमित प्रकाश, शिवराज मित्रा और धनंजय सिंह, ने किया।

## सुषमा टोप्पो को रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय रेफरी चुना गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सुषमा टोप्पो ने झारखंड का मान बढ़ाया है. सुषमा टोप्पो को रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय रेफरी चुना गया है। वह रांची के खेलगांव में 1 से 5 जून तक आयोजित चौथे राष्ट्रीय रैंकिंग रोड स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रेफरी की रूप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। बता दें कि सुषमा रोलर स्केटिंग की राष्ट्रीय खिलाड़ी भी रह चुकी है। वह पिछले कई सालों से कोच और रेफरी के रूप में झारखंड में अग्रसर रही है। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव ने दी बधाई

बता दें कि बचपन में सुषमा की पारिवारिक और आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी। बचपन में ही सिर से पिता का छाया उठ गया था। ऐसे में उसकी मां ने मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण किया। अभी भी सुषमा टोप्पो की मां मजदूरी करती है। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सुमित शर्मा ने सुषमा को काफी आर्थिक मदद की है। साथ ही पढ़ाई-लिखाई में भी काफी सहायता की है। सुमित शर्मा ने सुषमा को राष्ट्रीय रेफरी के रूप में चयनित होने पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है।

## सीबीएसई कोलकाता पब्लिक स्कूल ओरमांझी का परिणाम शत-प्रतिशत

**ओरमांझी।** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष स्कूल से कुल 60 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 38 छात्र और 22 छात्राएं थी। तीन छात्र-छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले। वहीं 70 से 90 प्रतिशत के बीच 24 छात्र-छात्राएं रही। स्कूल की छात्रा कृतिका सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल की टॉपर बनी। वहीं उन्नति सिंह 91.2 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। हर्ष सिन्हा को 91 प्रतिशत, विवेक पांडेय को 89 प्रतिशत और आकाश कुमार 88 प्रतिशत अंक के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या प्रियंवदा झा ने बताया कि परीक्षा परिणाम अच्छा है। आनेवाले समय में और बेहतर परीक्षा परिणाम करने का प्रयास किया जाएगा। छात्र-छात्राओं की लगन और शिक्षकों की मेहनत रंग लाई और बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## अब शशि शेखर ने माउंट लो बुचे ईस्ट में फहराया तिरंगा

# अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर फराना लक्ष्य है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शशि शेखर ने नेपाल स्थित माउंट लो बुचे ईस्ट में तिरंगा फहराया है। यह 6119 मीटर ( 20075 फीट ) ऊंची चोटी है, जो हिमालय पर्वत श्रृंखला की एक टेक्निकल चोटी है। शशि शेखर ने चढ़ाई बेस कैंप से शुरू कर हाईर कैंप तक की उसके बाद हाईर कैंप से लगातार चढ़ाई करते हुए चोटी पर तिरंगा फहराया। शशि शेखर का अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराना है और उसी की तैयारी करने के लिए उन्होंने माउंट लोबुचे की चढ़ाई की। शशि शेखर माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंच चुके और आगे कैंप 3 तक की रोटेशन पूरा कर बेसकैंप पर शिखर पर चढ़ने के लिए वेदर विंडो खुलने का इंतजार कर रहे है। शशि शेखर गोमिया विधायक डा.लंबोदर महतो के पुत्र हैं। इसके पूर्व शशि शेखर 19 हजार फीट पर स्थित माउंट मणिरंग के सम्मिट कैंप में भी तिरंगा फहरा चुके हैं। मणिरंग भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है। इसकी कुल ऊंचाई 21631 फीट है।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम का स्थापना दिवस समारोह आज

**रांची।** रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी में शनिवार को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। आश्रम में सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा होगी। शाम में धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। समारोह में रामकृष्ण मिशन आश्रम, भोपाल के सचिव स्वामी नित्यांजननानंद महाराज अपने विचार रखेंगे। स्वामी इश्ताकामनंदानंद स्वागत गान प्रस्तुत करेंगे। रांची आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद महाराज आगतों का स्वागत करेंगे। आयोजन स्थल पर शाम 7:15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन होगा। टीम ने संपादित नहीं किया है।

## वर्ग 10 और 12 के परिणाम में डीएवी कपिलदेव ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# 96.20 प्रतिशत अंक लाकर वैभव गुप्ता बने विद्यालय के टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** वर्ग 12 विज्ञान के छात्रों में 96.20 प्रतिशत अंक लाकर वैभव गुप्ता बने विद्यालय के टॉपर। 95.40 प्रतिशत के साथ तिथि मजूमदार दूसरे स्थान पर तथा 95.20 प्रतिशत के साथ पूर्वा बर्मन और वेद प्रकाश तीसरे टॉपर बने। इसी प्रकार कॉमर्स में 95.20% लाकर स्नेहा अग्रवाल प्रथम स्थान पर रहे जबकि 94.8 0% लाने वाली परिधि अडूकिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया 94.40% के साथ उमंग कुमार खंडेलवाल विद्यालय के तीसरे टॉपर बने। विज्ञान में 323 में से 323 और कॉमर्स में 105 में से 105 सभी के सभी उत्तीर्ण हुए हैं विज्ञान में 26 से ज्यादा बच्चों ने 90% से अधिक अंक आए हैं जबकि 162 बच्चों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त किया है। दसवीं की परीक्षा में 96.2% अंक लाकर कुशाग्र गौतम टॉपर बने जबकि 95.7% लाने वाले प्रवीण कुमार यादव और आयुषी मिश्रा दूसरे टॉपर बने 95.5% अंक प्राप्त करने वाले आरआर बाय राहुल कुमार मेहता और प्राची सिंह तीसरा स्थान प्राप्त किया। दसवीं की परीक्षा में 255 परीक्षार्थी शामिल हुए थे और सभी के सभी उत्तीर्ण हुए हैं 63 परीक्षार्थियों को 90% से ऊपर अंक प्राप्त हुए हैं जबकि 170 बच्चों को विशिष्टता प्राप्त हुए हैं 225 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने सभी शिक्षकों अभिभावकों और छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आंबेडकर के विचार और सिद्धांत को गांव-गांव तक ले जाना है: जयप्रकाश

**रांची।** राजद के झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचार और सिद्धांत को गांव-गांव तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को समान अधिकार दिया गया है। गरीब को भी एक वोट और अमीर को भी एक वोट चुनाव में देना है। यादव शुक्रवार को संविधान पर परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। देश के विरासत को मिटाया जा रहा है। जो गंगा जमुनी संस्कृति है, आज उसमें जहर घोला जा रहा है। बाबा साहब के विचारों को हम जिला, अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत और गांव तक ले जाने का काम करेंगे। उसके लिए विचार गोष्ठी करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल समाज के सभी जाति, वर्ग और धर्म को जोड़कर चलता है। बाबा ने कहा था कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो हमें अपने अधिकार को लेना है। परिचर्चा को संबोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने कहा कि देश के संविधान को भाजपा समाप्त करना चाहती है।

## स्मार्ट सिटी में 11 मंत्री बंगलो का 80 फीसदी काम पूरा

# मार्च 2024 तक जुडको को हैंडओवर करेगी कंपनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची स्मार्ट सिटी में 70 करोड़ की लागत से बन रहे 11 मंत्री बंगलो का काम 80 फीसदी पूरा हो चुका है। मॉडल के तौर पर एक बंगला पूरी तरह कंप्लीट हो चुका है। बाकी बचे 10 बंगले भी पूरी तरह तैयार हैं। उनमें फर्नीचर, वायरिंग और इंटीरियर का काम चल रहा है। मंत्री बंगलो के नजदीक क्लब हाउस, बैडमिंटन और बॉलीवाल कोर्ट, ओपन जिम भी बनाया जा रहा है। केएमवी कंपनी को मार्च 2024 तक बंगलों का निर्माण पूरा करके इसे जुडको को हैंडओवर करना है। इसके बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में रह रहे राज्य के सभी 11 मंत्रियों को यह बंगलो अलॉट होंगे और मंत्री सचिवालय से वॉकिंग डिस्टेंस पर बने अपने नये बंगलो में शिफ्ट करेंगे।

**नये बंगले में ऐसी होगी मंत्रियों की ठाट**

- सभी बंगले डुप्लेक्स और एक डिजाइन के हैं।
- प्रत्येक बंगले में बालकनी युक्त पांच बेडरूम बनाया गया है।
- ग्राउंड फ्लोर में दो बेडरूम, वेटिंग रुम, मीटिंग ३म और डायनिंग हॉल।
- फर्स्ट फ्लोर पर मास्टर बेडरूम समेत कुल तीन बेडरूम हैं।
- फर्स्ट फ्लोर पर मंत्री का रेसिडेंशियल चेंबर और मास्टर बेडरूम।
- परिसर में स्वीमिंग पुल, जिम, लाउंज और बॉलीबाल-बैडमिंटन कोर्ट।
- परिसर में फुटपाथ के साथ साइक्लिंग के लिए पाथ वे।
- मंत्री के कर्मियों के रहने का भी बंगले में अलग-अलग प्रबंध है।
- बंगले में आवासीय परिसर से अलग मंत्री का अपना कार्यालय। वास्तु शास्त्र के मुताबिक बने हैं किचेन, बाथरूम, बेडरूम समेत सभी कमरे।

## सरला बिरला ने एआईएसएससीई - 2023 में रचा इतिहास

# ऋत्विका खैतान 98.6 प्रतिशत के साथ स्कूल बनी टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अक्ररउए - 2023 की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। कॉमर्स स्ट्रीम में ऋत्विका खैतान ने 98.6% अंक प्राप्त किया। आयुषी गोपालका और अंजना प्रकाश ने 97.4 अंक हासिल किए। राजदीप दास गुप्ता ने भी कॉमर्स स्ट्रीम में 96.8% अंक प्राप्त किया। अनमोल जैन और वेदांश लखानी ने 96.2% अंक प्राप्त कर साइंस स्ट्रीम में टॉप किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 46 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किए तथा 428 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक लाकर सफलता की नई ऊँचाइयों को छुआ। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा के लिए किए गए प्रयास की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई दी और कहा कि यह उनके निरंतर और अथक प्रयास का ही परिणाम है। प्राचार्या परमजीत कौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने अपने निरंतर प्रयासों और समर्पण के कारण शानदार प्रदर्शन किया है, जिसे उनके माता-पिता और शिक्षकों के समर्थन और सकारात्मक सलाह का समर्थन मिला। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने अपने निरंतर प्रयासों और समर्पण के कारण शानदार प्रदर्शन किया है, जिसे उनके माता-पिता और शिक्षकों के समर्थन और सकारात्मक सलाह का समर्थन मिला। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस संगठन से जोड़ें कार्यकर्ता

**रांची।** स्थानीय क्लब परिसर में शुक्रवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक में संगठन के सशक्तीकरण के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिले के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठन की बारीकियों को समझाया और पार्टी संगठन को मजबूत करने के गुर बताए। साथ ही कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस संगठन से जोड़ें। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। कालीचरण मुंडा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए मैं 24 घंटे संगठन के साथ खड़ा हूं।, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने का सतत प्रयत्न किया जा रहा है और निश्चित रूप से आनेवाले दिनों में कांग्रेस का परचम खूंटी जिले में लहराएगा। बैठक में प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रदेश प्रतिनिधि ओम प्रकाश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, रविकांत मिश्रा, विल्सन तोपनो, पुनीत हेमरोम, उपाध्यक्ष पांड्या मुंडा, सुशील सांगा, तैयब अंसारी, नरेश तिर्की, विजय स्वासी के अलावा सभी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष, सुनीता गोप, परवेज आलम आदि उपस्थित थे।

**हौसला बुलंद**

## नागरमल मोदी सेवा सदन में अन्तराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया, सदन के अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

# नर्सों को समाज में उनके परिश्रम व सेवा के लिए किया सम्मानित








**नवीन मेल संवाददाता। रांची** नागरमल मोदी सेवा सदन द्वारा शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। यह एक वैश्विक समारोह है तथा मुख्य रूप से स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत नर्सों को समाज में उनके परिश्रम एवं सेवा के लिए सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में सदन की नर्सों के लिए निबंध लेखन एवं क्वीज प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसमें सदन की परिचारिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबंध लेखन का विषय 'नर्सिंग कार्य बनाम सेवा' था, 25 परिचारिकाओं द्वारा भाग लिया गया जिसमें पहला स्थान विनिता होरो को, दूसरा स्थान पनीया लकड़ा तथा तीसरा स्थान मंजू महतो को प्राप्त हुआ।

इसके अलावा सदन की ओर से **निम्नलिखित नर्सो को उनके योग्यता के अनुसार पुरस्कृत किया गया :** कॉडुर्ला किंडो, गायनी ओटी, सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व नर्स पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ समस्या समाधान नर्स पुरस्कार, जसमनी सुरीन, पीआईसीयू प्रभारी, उसुर्ला मिंज, डीलक्स केबिन विश्वसी कुजूर, सर्जिकल वार्ड को मिला।

**सबसे अनुभवी नर्स पुरस्कार : समय प्रबंधन नर्स पुरस्कार** –सर्वश्रेष्ठ संचार और हास्य की भावना, पनिया लकड़ा, गायनी वार्ड, कुसुम सिन्हा, सीसीयू, एलिजाबेथ टोपू, एसआईसीयू, अमीना मिंज। **एमआईसीयू, निशा रानी एक्का, आईसीसीयू देखभाल और सहानुभूति नर्स पुरस्कार :** सुखमनी मरकी, एसआईसीयू, इंदा सिन्हा, सीसीयू, प्रतिमा कुजूर, मेडिकल वार्ड हैं।

**सर्वश्रेष्ठ रोगी देखभाल नर्स पुरस्कार :** बबीता तिग्गा, एमआईसीयू, गुड्डी टोप्पो, न्यू साइड केबिन, सर्वश्रेष्ठ शिक्षार्थी नर्स पुरस्कार, सुषमा बालमुचु, ओल्ड साइड केबिन। साथ ही नर्सों द्वारा सांस्कृतिक हैंड वाज पर जानकारी तथा पैंडमिट प्ले डांस प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम की तैयारी में श्रीमती रेखा जैन एवं कविता मितल की भुमिका सराहनीय रही। सदन के अध्यक्ष ने सभी नर्सों को नर्स दिवस पर बहुत बहुत शुभाकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का संचालन नर्स विश्वासी लकड़ा एवं कमला कुमारी द्वारा किया गया। हमारे सदन में 160 नर्से सेवारत हैं। इस अवसर पर सभी नर्सों को उपहार स्वरूप ₹कॉफी मग₹ दिया गया। सदन की नर्सिंग सुपरइनटेंडेंट सरबजीत कौर द्वारा सदन की सभी नर्सों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया लगातार होती रही है एवं नर्सिंग के स्तर को बढ़ाने के लिए उतरोतर प्रयास किया जाता रहा है। नर्स दिवस पर रांची के मारवाड़ी युवा मंच द्वारा केक काटकर एवं नर्सों को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा ल्उत्रष्ठ बैंक द्वारा भी केक काटकर सभी नर्सों को सम्मानित किया गया। प्रेम संस के द्वारा भी सभी नर्सों को उपहार दिया गया। कार्यक्रम में सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन, मानद सचिव आशीष मोदी, सहायक सचिव वेद प्रकाश बागला, पवन शर्मा एवं विजय शंकर साबू, माननीय सदसरु आलोक तुलस्यान, कमल कुमार केडिया, श्रीमती कविता मितल एवं सदन के माननीय चिकित्सक डॉ. सुनील रूंगटा एमएस, डॉ. विजय शंकर दास-सीएमए, डॉ. अंजु कुमार, डॉ. विनय महेश्वरी, डॉ. नंदिता अग्रवाल, डॉ. विनय ढढनिया एवं डॉ. कृष्णा मुरारी प्रसाद उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## झारखंड में कोरोना से एक की मौत, तीन नए केस मिले

रांची। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है जबकि राज्य में कोरोना के तीन नए केस मिले हैं। हालांकि, धीरे-धीरे कोरोना के मरीज राज्य में कम हो रहे हैं। राज्य में कोरोना से 24 घंटे में 17 मरीज स्वस्थ हुए हैं। राज्य में कोरोना के 86 एक्टिव मरीज हैं। स्वास्थ्य विभाग से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार कोरोना के नए मामलों में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), कोडरमा और रांची में एक-एक मरीज मिले हैं। राज्य के 21 जिले में कोरोना के एक भी मरीज नहीं मिले है। सिर्फ तीन जिले में कोरोना के मरीज एक्टिव है। राज्य में सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 41 मरीज एक्टिव हैं।

## खूंटी में युवती का शव मिला, हत्या की आशंका

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के होटोर गांव के पास पुलिस ने शुक्रवार को सुषमा धान नामक एक 25 वर्षीय युवती का शव पेड़ से लटकता मिला। वह जरियागढ़ थाना के जम्हार डांड़टोली निवासी बसंत धान की बेटी थी। मृतका के भाई ने आशंका जताई है कि प्रेम प्रसंग में उसकी बहन की हत्या की गई है। उसके बयान पर तोरपा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चुनाव की ड्यूटी में बाहर गए पुलिसकर्मियों को मिलेगी पांच दिन की छुट्टी

**रांची।** विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में राज्य से बाहर गए झारखंड सशस्त्र पुलिस के जवानों और पुलिस अधिकारियों को एक साथ पांच दिन का अनुमति अवकाश देने का आदेश जारी किया गया है। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ड्यूटी पर तैनात जैप और आईआरबी के 10 इको कंपनी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को पांच दिन का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया गया है। इसे लेकर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने अनुरोध किया था, जिसे स्वीकृत कर दिया गया है। जैप डीआईजी ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है।

## विवेकानन्द विद्या मंदिर के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

रांची। विवेकानन्द विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। 10वीं की परीक्षा में विद्यालय से कुल 289 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें सभी सफल रहे। वहीं, 12वीं की परीक्षा में 453 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें विज्ञान संकाय में 9, वाणिज्य में 4 व आर्ट्स संकाय में एक विद्यार्थी ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए।

# झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, रांची द्वारा आयोजित बी.एड. संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 13 मई 2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस



पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र एवं उनके अभिभावक परीक्षा केन्द्र पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा द० प्र० सं० की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी की गयी है: 1. पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।2. किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना।3. किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)। 4. किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे- लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलना। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। 5. किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना। ह निषेधाज्ञा 13.05.2023 के प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

## रांची में बढ़ने लगी पानी की किल्लत

**रांची।** राजधानी में इन दिनों गर्मी अपने प्रचंड रूप पर है। प्रतिदिन राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब रहता है। लगातार बढ़ रहे तापमान से आम जनजीवन त्रस्त है। बढ़ रहे तापमान की वजह से राजधानी के विभिन्न जगहों पर जल संकट गहराता जा रहा है। कई कॉलोनी में तो लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। राजधानी में लगभग 400 स्थान ऐसे हैं जहां पर निगम की तरफ से टैंकर भेजकर पानी की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। पानी की बढ़ती समस्या को लेकर निगम के उप नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि जिस तरह से पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में निगम को पेयजल का मुक्कमल इंतजाम कराना कहीं ना कहीं बड़ी चुनौती है। उप नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि बढ़ती गर्मी में पानी की किल्लत को देखते हुए निगम के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि निगम की तरफ पौधो में जो पानी का छिड़काव किया जाता है वो पानी पीने योग्य होता है।टैंकर में जो बोरिंग का पानी भरा जाता है वो बहुत ही स्वच्छ होता है। टैंकर में भरे पानी को लोग बिना फिल्टर किए पी सकते हैं।

## रांची सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से हर्निया का ऑपरेशन

**रांची।** सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से लेप्रोस्कोपिक वेंट्रल हर्निया का आपरेशन किया गया। अस्पताल के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एक अंबिलिकल हर्निया के मरीज का दूरबीन विधि से आईपोम प्लस ऑपरेशन किया गया। यह एक एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी मानी जाती है। इस सर्जरी में पेट के छेद को दो स्तर पर बंद किया जाता है, जिससे उसकी मजबूती काफी बढ़ जाती है और दोबारा हर्निया होने का खतरा ओपन विधि की तुलना में काफी कम होता है। इस ऑपरेशन के बाद मरीज बहुत जल्दी वापस अपने नियमित काम पर लौट सकता है और मरीज की छुट्टी भी जल्दी हो जाती है। चिकित्सकों की टीम में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, डॉ दीपक कुमार, डॉ विकास, सिस्टर सविता, सरिता, पूनम और ओटी असिस्टेंट सुशील, नीरज, मुकेश, मोहित, माधव सहित अन्य शामिल थे।

### समय पर प्रमोशन नहीं मिलने से रिम्स के चिकित्सकों में आक्रोश

# काम के बावजूद भी नहीं मिल रही प्रोन्नति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स के चिकित्सकों ने वर्षो से प्रमोशन नहीं होने के कारण स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर अपनी नाराजगी जताई है। डॉक्टरों ने मंत्री को अपनी पूरी पीड़ा सुनाई। बता दें कि वर्षों से प्रमोशन नहीं होने के कारण रिम्स के चिकित्सकों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को नर्स डे के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलने कुछ डॉक्टर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और अपनी पीड़ा सुनाई। डॉक्टरों ने अपना आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि वे वर्षों से रिम्स में कार्य कर रहे हैं और बेहतर कार्य करने के बावजूद भी अगर प्रमोशन नहीं मिलता है तो निश्चित रूप से चिकित्सक हतोत्साहित होते हैं। रिम्स में कार्यरत डॉक्टर यूके साहू ने बताया कि प्रमोशन नहीं मिलने के कारण उनके जूनियर आज उन्हीं के सीनियर के रूप में उन्हें निर्देशित कर रहे हैं, जो कार्य स्थल पर उन्हें शर्मिंदगी महसूस कराता है। बेहतर कार्य करने के बावजूद यदि प्रमोशन ना मिले तो




निश्चित रूप से डॉक्टरों के काम करने का उत्साह कम होता है और काम करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।55 में से मात्र 16 चिकित्सकों को दी गई पदोन्नतिः शिशु रोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पार्था चौधरी बताते हैं कि मंत्री की अध्यक्षता में यह निर्णय ले लिया गया था कि सभी को प्रमोशन दिया जाए, लेकिन इसके बावजूद भी 55 में से मात्र 16 चिकित्सकों को पदोन्नति दी गई है, जो कि निश्चित रूप से दुखद है। डॉक्टर पार्थ कुमार चौधरी ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि जिस तरह से प्रमोशन को लेकर निदेशक और अधिकारियों की तरफ से लापरवाही बरती जा रही है। इसका सीधा असर रिम्स में कार्यरत चिकित्सकों पर पड़ रहा है और कहीं ना कहीं इसका आंशिक असर मरीजों पर भी पड़ रहा है।

चिकित्सकों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामनाः डॉक्टरों ने कहा कि प्रमोशन नहीं मिलने की वजह से चिकित्सकों को काम करने के लिए अस्पताल में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज को देखने के लिए हमें उन डॉक्टरों से अनुमति लेनी पड़ रही है, जो डॉक्टर कभी हमारे जूनियर हुआ करते थे। बता दें कि रिम्स में 55 डॉक्टरों को प्रमोशन देना था, जिसमें मात्र 16 चिकित्सकों को ही अब तक प्रमोशन मिल पाया है। इस वजह से कुछ चिकित्सक सीनियर हो गए हैं और कुछ डॉक्टर उसी बैच के जूनियर डॉक्टर के रूप में काम करने को मजबूर हैं।

## नक्सलियों का बंद 15 मई को, पुलिस अलर्ट

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद का ऐलान किया है। इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश उतराचंल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। बंद की सूचना मिलते ही झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले के एसएसपी और एसपी को अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से झारखंड के नक्सल प्रभावित सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र भेजकर बंद के दौरान पूरी तरह से अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नक्सल अभियान के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग और ट्रेन चलने वाले पटरियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। इससे पूर्व भाकपा माओवादी संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो, केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता साकेत ने इस संबंध में प्रेस रिलीज जारी किया है। जारी रिलीज में कहा गया ह।

### अंत्योदय राशन कार्ड का लाभ उठा रहा था परिवहन-सह- हथालन अभिकर्ता

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची ने की कारवाई, लगाया जुर्माना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। अंत्योदय राशन कार्ड का लाभ उठाने वाले परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची अल्बर्ट बिलुंग ने कार्रवाई की है। परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता मो. खालिद, ग्राम-लोइयोकती टोली, पंचायत- लोइयो, प्रखंड- मांडर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने 148848.60 रुपये का जुमार्ना लगाया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता को 6 दिनों के अंदर 148848.60 रुपये की जुमार्ना राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। जुमार्ना राशि जमा नहीं करने, राशन कार्ड सरेंडर न करने और अपना पक्ष नहीं रखने पर परिवहन- सह-हथालन अभिकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता का परिवार पिछले 7 वर्ष 5 महीने से अंत्योदय राशन कार्ड संख्या 202005678197 का लाभ उठा रहा था, जो 13 सितंबर 2015 को बनाया गया था। राशन कार्ड के माध्यम से एनएफएसए/पीएमजीकेए के लिए आवंटित राशन सामग्री का उठाव किया जा रहा था, जो झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश-2022 के अध्याय-क्क की कंडिका-07 के विरुद्ध है तथा प्राप्त किए गए खाद्यान्न की राशि वसूलने एवं प्राथमिकी दर्ज करने के प्रावधान के अंतर्गत आता है। परिवहन सह हथालन अभिकर्ता के लिए वाहन का स्वामित्व होना अनिवार्य है, जबकि राशन कार्ड के लिए चार पहिया वाहन होने की स्थिति में पात्रता समाप्त हो जाती है।


## देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री एसीबी कोर्ट में हुए हाजिर, दी गवाही

**रांची।** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री शुक्रवार को रांची के एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने अदालत में खूंटी जिले के ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशन से जुड़े मामले में गवाही दर्ज करायी। मंजूनाथ भजंत्री ने ही यह केस खूंटी के तत्कालीन डीडीसी रहते हुए दर्ज करवाया था। देवघर डीसी ने अपनी गवाही में अदालत को बताया कि ठेकेदारों की शिकायत के बाद उन्होंने वर्ष 2014 में कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र मंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। ग्रामीण विकास विभाग ने एवी इंटरप्राइजेज को आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए टेंडर दिया था। भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संवेदक कंपनी ने विभाग को हैंडओवर कर दिया। इसके बावजूद ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बकाया राशि के भुगतान के लिए 26 जून, 2014 को लिखित आवेदन दिया गया। इस पर कार्यपालक अभियंता ने 20 प्रतिशत रिश्वत की मांग की।

## आईएएस-आईपीएस की कमी झेल रहा झारखंड, प्रभावित हो रहा प्रशासनिक ढांचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड आईएएस-आईपीएस अफसरों की कमी झेल रहा है। राज्य प्रशासन के कई अहम पद या तो खाली हैं या फिर प्रभार में चल रहे हैं। ऐसे में राज्य का प्रशासनिक ढांचा प्रभावित हो रहा है। कई विभागों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को गति नहीं मिल पा रही है। कई आईएएस अफसर ऐसे हैं, जो एक साथ कई विभागों का कामकाज देख रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राज्य में आईएएस अफसरों की कमी से अवगत कराया था। उन्होंने राज्य सरकार से एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लिए बगैर केंद्र द्वारा आईएएस अफसरों की सेवा सीधे केंद्रीय तैनाती पर भेजे जाने के नियम लागू करने के प्रस्ताव पर विरोध जताया था।



आईएएस-आईपीएस संवर्ग को मिलाकर राज्य में कुल 373 पद हैं, जिनमें से 88 पद खाली पड़े हैं। झारखंड कैडर के 18 सीनियर आईएएस और 22 आईपीएस अगले कुछ वर्षों के लिए केंद्रीय तैनाती पर हैं। आईएएस के 224 पद हैं, जिनमें केवल 170 अधिकारी ही कार्यरत हैं। इस तरह 54 पद खाली पड़े हैं। दो आईएएस पूजा सिंघल और छविरंजन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं।

आलम यह है कि राज्य की कुल पांच कमिश्नरियों में दो पलामू और दक्षिणी छोटानागपुर में कमिश्नर के पद रिक्त हैं। इनके अलावा आईपीआरडी, समाज कल्याण, उद्योग विभाग और प्राथमिक शिक्षा विभाग में निदेशक, गृह एवं कारा विभाग में विशेष सचिव और निबंधन महानिरीक्षक जैसे कई अहम पद खाली हैं। इसी तरह आईपीएस के 149 पद सृजित हैं। इनमें से 113 ही कार्यरत हैं। इनमें से 22 आईपीएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए हुए हैं।

**हौसला** | बीज दिवस पर बीज वितरण कार्यक्रम का कृषि मंत्री ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

# पारदर्शिता के साथ ब्लॉक चेन तकनीक से होगा बीज का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के किसानों को ससमय बीज, खाद उपलब्ध कराई जा रही है और योजनाओं के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी जिला के पदाधिकारियों पर है, मतलब साफ है कि योजनाओं की सफलता आपके ऊपर निर्भर है। उक्त बातें, राज्य के कृषि मंत्री बादल ने बीज दिवस के अवसर पर बीज वितरण कार्यक्रम के ऑनलाइन शुभारंभ के दौरान सभी जिला के कृषि पदाधिकारियों और जिला सहकारिता पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। श्री बादल ने कहा कि बीज वितरण में लैंप्स पैक्स, स्वयं सहायता समूह की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए और गांव के अंतिम किसान तक कृषि योजना का लाभ पहुंचे, इसके लिए काम करने की जरूरत है। इस वर्ष भी बीज का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ ब्लॉक चेन तकनीक से किया जाएगा और माइक्रो लेबल पर बीज वितरण की



मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बीज वितरण का कार्यक्रम जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों या उनके प्रतिनिधि के नेतृत्व में प्रखंड स्तर पर आयोजित किया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को बीज समय पर मिले। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर किसानों को अपने पैर पर खड़ा करने का काम सरकार कर रही है और इसके सफल कार्यान्वयन में आपकी समर्पण भावना का होना अत्यंत जरुरी है। श्री बादल ने कहा कि किसानों को समय पर बीज मिले इसके लिए 16100 क्विंटल बीज आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किए जा चुके हैं जिनमें 12,000 क्विंटल धान बीज, 2800 क्विंटल मक्का, 300 क्विंटल मडुआ बीज और एक हजार क्विंटल मुंग बीज शामिल हैं। पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम,सरायकेला, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज में रोहिणी नक्षत्र में धान की जल्दी बुआइ की जाती है, इसके लिए इन जिलों में प्राथमिकता के आधार पर 10,250 क्विंटल धान बीज की आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जा चुका है साथ ही, आगामी दिनों में भी विभिन्न फसलों के अतिरिक्त करीब 50,000 क्विंटल विभिन्न फसलों के बीज जिलों को वितरण हेतु आवंटित किए जाएंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि हम 12लाख किसानों को 3500 प्रति किसान मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत लाभांवित करने में सफल रहे तथा पांच लाख किसानों का सरकार ने लोन माफ किया है। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चतरा जिले के कान्हा चट्टी प्रखंड के उदय दांगी भी जुड़े जो एक प्रवासी मजदूर के तौर पर गुजरात में 25 साल से काम कर रहे थे ,कोरोना काल में यह वापस अपने गांव आए और इन्होंने खेती शुरू की, कृषि विभाग के मदद से महज 2 वर्षों में ही उन्होंने कहा कि 25 साल में जो कुछ नहीं मिला था वह आज मिल गया, आज अपने साथ कई किसानों को भी आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। कृषि मंत्री श्री बादल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान गोड्डा, गिरिडीह समेत कई जिला के किसानों से भी बात की और कृषि की योजनाओं से जुड़े सुझाव भी मांगे।

**बीज वितरण में लैंप्स-पैक्स और एसएचजी की सहभागिता सुनिश्चित करें: श्री बादल**

**गुजरात में जो 25 साल में नहीं हुआ, वह झारखंड में दो साल में हुआ: उदय दांगी, किसान**

**कृषि के विकास के लिए डीएमएफटी सहित जिला में उपलब्ध विभिन्न योजनाओं के साथ कन्वर्जन करें**

# रिम्स के नर्सों ने मनाया नर्स दिवस, स्वास्थ्य मंत्री से की नियुक्ति और सुविधा को बढ़ाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व नर्सिंग डे के मौके पर रिम्स में कार्यरत नर्सों के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, अधीक्षक डॉक्टर हीरेन बिरूवा, उपाधीक्षक डॉ एसके त्रिपाठी भी मौजूद रहे। बता दें कि वर्ष 1965 से हर वर्ष पूरे विश्व में फ्लोरेंस नाइटेंगल की याद में 12 मई को नर्स दिवस मनाया जाता है। विश्व नर्सिंग डे के मौके पर कार्यक्रम में मौजूद नर्सों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वो हमेशा ही नर्सों के साथ खड़े रहते हैं। मंत्री ने कहा कि यदि स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रही नर्स बहने ऐसे ही उनका साथ देती रही, तो वो दिन दूर नहीं जब हम गर्व से कह सकते हैं कि झारखंड एक




समृद्ध और स्वस्थ राज्य है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद नर्सों ने कहा कि आज के कार्यक्रम के माध्यम से समाज को हम यह बताना चाहते हैं कि नर्सों की सेवा भावना को उचित सम्मान मिले, तभी एक समृद्ध और स्वस्थ राज्य की परिकल्पना की जा सकती है।

नर्सों की सुरक्षा और नियुक्ति को लेकर काम करने की जरुरतः रिम्स में कार्यरत नर्स आईवी रानी और अनीता कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग बेहतर कार्य कर रहा है, लेकिन अभी भी नर्सों की सुरक्षा और नियुक्ति को लेकर कार्य करने की जरूरत है ताकि रिम्स और राज्य के विभिन्न अस्पतालों में नर्सों की कमी को पूरी किया जा सके। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नर्स डे के अवसर पर राज्य के सभी नर्सों को वह आश्वस्त करते हैं कि उनका मंत्री बन्ना गुप्ता उनके साथ है। जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से नए नर्सों की भी नियुक्ति की जाएगी और राज्य भर में नर्सों की संख्या बढ़ाई जाएगी।


# सीबीएसई में रामगढ़ विद्यालयों का बेहतर प्रदर्शन

Toppers : XII SCIENCE




Toppers : XII ARTS








## 12वीं में श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

### विज्ञान संकाय में 90 प्रतिशत अंक के साथ हर्ष राज वर्मा, वाणिज्य संकाय में 94 प्रतिशत अंक के साथ सोनाक्षी कुमारी और कला संकाय में 91 प्रतिशत अंक के साथ आयुषी कुमारी रहे अव्वल

Toppers : XII COMMERCE




**सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12 मई को 12वीं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। जिसमें श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और अपने परिजनों का नाम रौशन किया है। इस वर्ष की परीक्षा में विद्यालय के 172 बच्चे शामिल हुए थे। इनमें विज्ञान संकाय से 100, वाणिज्य संकाय स`49 और कला संकाय से 23 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिनमें विज्ञान संकाय से हर्ष राज वर्मा 95%, सजल कुमार निराला 94.6% ,रजी अहमद 94% ,अनिकेत कुमार भगतिआ 93.6% ,इंदरजीत कुमार 93.6%,अभिषेक कुमार गुप्ता 93%,अश्विनी कुमार 92.8%, स्नेहा श्रेया 91.6%,श्वेता सिन्हा 91.4% ,सर्वज्ञ गोयनका 89%, रश्मि पांडे 88.2%,रश्मीत कौर 88%, प्रीत मौर्य 87.8% ,गोतम कुमार 87%, सुभ्रोतो चटर्जी 87%, छाया रानी 85.2% जैद् पर्वेज 85.2% स्मृति साहू 83.8%, आयुष गुप्ता 83.6%, नीरज कुमार 80.8%, अंकुर कुमार 80% अंक प्राप्त कर अव्वल रहे। वहीं, वाणिज्य संकाय से सोनाक्षी कुमारी 94%, शशि कुमार भोगता 88.2% , देवांशु अग्रवाल 87.2%, सिमरन कपूर 86.8%,अंजलि कुमारी 86.4% ,तान्या कमल 85.2%, अमन पोद्दार 85%, शिवम् कुमार 84.4%, पीयूष कुमार 83.6%, प्रियांशु कुमार बाजोरिआ 82.6%, अर्चिता गंगानी 82.6%,मंताशा अंजुम 82.4%, अंश अग्रवाल 82.4% ,सिद्धार्थ कुमार 81.6%,विधि अग्रवाल 80.6% प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में अव्वल रहे। जबकि कला संकाय से आयुषी कुमारी 91.2%, अलका कुमारी 90%,दीशा कुमारी गोएंका 89.6% , शुभम कुमार बेडिया 87%, हिमांशु शरण 85.6 %, सिम्पी कुमारी 84.4%, हेमा तेजस्वी 83.8%, श्रावणी बरुआ 82.6%,वसुन्धरा मुर्मू 80.8%, सलोनी कुमारी 80.4% अंक प्रतिशत प्राप्त कर अव्वल रहे। विज्ञान संकाय से 36 विद्यार्थियों ने, वाणिज्य संकाय से 20 विद्यार्थियों ने और कला संकाय से 14 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया। जिन्हें विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### विद्यालयों की सफलता पर इन्होंने दी बधाई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल , सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा , स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी सहित शिक्षकों एवं सभी कर्मचारियों ने बधाई दी है।

## 10 वीं में श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

SRI GURU NANAK PUBLIC SCHOOL RAMGARH
A.I.S.S.E. 2023

Toppers : XTH





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** केंदीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को 10वीं का परीक्षाफल जारी कर दिया ।जिसमें शहर के श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफ लता प्राप्त कर परिजनों और विद्यालय का नाम रौशन किया है। वर्ष 2023 की 10वीं की परीक्षा में विद्यालय के 173 बच्चे शामिल हुए थे। जिनमें से आदर्श पाठक 93.6%, सोनल कुमारी 93.2%, विवेक कुमार 93.2%, तनीषा शर्मा 92.4%, अक्षय आडी 92.4%, सक्षम दुबे 92.2%, प्रिंस कुमार 92%, सिमरन सिंह 91.8%, तनिशा लोहनी 91.8%, आलिया कुमारी 91%, प्रियांशु कुमार ठाकुर 90.4%, तुषार बरनवाल 90%, शशांक वर्मा 89.2%, अन्नू कुमारी 89%, आशिका रंजन 87.8%, सचिन कुमार साहू 87.6%, तिया शर्मा 86.8%,काजल कुमारी 86.2%, अल्फिया कमर 86.2%, रोहित कुमार महतो 86%,मो सोहैल 85.8%, अंशिका सलूजा 85.8%, सत्येंद्र कुमार महतो 85.2%, तनवीर जमाल 84.4%, कोमल कुमारी 84.2%, शिवराज कुमार 83.8%, अनिकेत भास्कर 83.2%, कुमारी श्रिस्टी 83.2%, अंकिता कुमारी 82.8%, यश राज 82.8%, आयुष कुमार झा 82.2%, सिया कुमारी 82%, आयुष राज 81.8%, विशाल सेन गुप्ता 81.8%, अंजलि कुमारी 81.4%, आर्य कुमारी 81.4%,कृष मित्तल 80.4%, हर्ष श्रीवास्तव 79.6%, नैना जयप्रकाश 79.2%, मो जाएद 79% प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं, 51 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किये । गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल , सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा , स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली , मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी , प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक गन सहित विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने भी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं ।

### विज्ञान संकाय में सोनू कुमार बेदिया, कला संकाय में स्वाति कुमार एवं वाणिज्य संकाय में ज्योति कुमार रहे अव्वल

## 12वीं की परीक्षा में राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन






**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सीबीएसई 12वीं का परीक्षा का परिणाम 12 मई को घोषित कर दिया गया। जिसमें राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन सफ लता प्राप्त करते हुए विद्यालय एवं परिजनों का नाम रौशन करने का कार्य किया है। 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र सोनू कुमार बेदिया ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया और विद्यालय में अव्वल रहे। ऋषि कुमार 91 .6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, तनिष्क राज ने 91 .2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में स्वाति कुमारी ने 94.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम,रूपेश कुमार ने 90. 8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और शिवानी सेन ने 90 .2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में ज्योति कुमारी ने 80 .6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, रौनक मिश्रा ने 70 .4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और श्रेया बर्मन ने 65 .4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं की परीक्षा में छात्र छात्राओं द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन के साथ विद्यालय एवं परिजनों का नाम रौशन करने पर विद्यालय के सचिव बीएन साह, प्रियंका कुमारी, प्राचार्या तापसी प्रमाणिक, उप प्राचार्य सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक केएन सिंह, सभी शिक्षिक - शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

## बरकट्ठा: डिवाइन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

### पवन कुमार 95.2 प्रतिशत के साथ स्कूल के बने टॉपर



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई के 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है।वहीं परीक्षार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा।पवन कुमार 95.2% लाकर विद्यालय के टॉपर रहे।वही रवि चौधरी 94.% लाकर दूसरे , जावेद अनवर तीसरे तथा श्रेया गुप्ता90.8% लाकर चौथे स्थान पर रहे।गौतम कुमार 90.%लाकर पांचवे स्थान पर रहे।सूरज कुमार,रूपेश कुमार ,कुणाल कुमार, बादल कुमार, प्रभात कुमार,रौशन कुमार,प्रियांशु कुमार ,अंचल श्रेया ने 85% से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।वही 80 से 85% के बीच दर्जनों बच्चे रहे ।विद्यालय निर्देशक आई. पी भारती ने इस सफलता का श्रेय बच्चों,उनके अभिभावकों व शिक्षकों की मेहनत को दी।डिवाइन प्रबंधन समिति ने भी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्वच्छता अभियान, पीएम आवास व रोजगार दिवस को लेकर बैठक

## अधूरे आवास को पूर्ण करे लाभुक नहीं तो होगी कार्रवाई : मुखिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस, रोजगार दिवस एंव स्वच्छता पखवाड़ा जागरूकता अभियान को लेकर बैठक किया गया ।बैठक कि अध्यक्षता मुखिया प्रमीला देवी, संचालन पंचायत सचिव ललीत किशोर पांडेय ने की। वहीं ग्रामीणों के साथ आवास लाभुक दिवस, रोजगार दिवस एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। वहीं मुखिया ने संबोधित करते हुए कहा कि जो भी पंचायत में आवास कार्य अधुरे है उसे जल्द पुरा करे।साथ ही रोजगार दिवस पर रोजगार से संबंधित जानकारी दिया गया। बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा पर हम सभी को स्वच्छता प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है।उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग नही करने और अपने आसपास टोले मोहल्ले को स्वच्छ रखने की अपील की।पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने कहा कि हमलोग ग्रामीणों के साथ संकल्प लिया कि पंचायत के हर वार्ड गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करेंगे। यह कार्यक्रम अनवरत चलेगा।उन्होंने लोगो को शौचालय का उपयोग एंव पानी बचाने के लिए सोख्ता गढ़ा बनाकर पानी बचाने की जानकारी दी।इस अवसर पंसस प्रिती गुप्ता, उप मुखिया उर्मिला देवी, सांसद प्रतिनिधि सुशील पांडेय, पंचायत सचिव नागेश्वर यादव, रोजगार सेवक उमेश कुमार बीएफटी गुलजार अंसारी, वार्ड सदस्य दीपक सोनी,चंचल गुप्ता, बजरंग नायक समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### संदिग्ध हालात में युवती की मौत, आनन फानन में परिजनों ने जलाये शव

**बरकट्ठा।** प्रखंड के पचफेडी चौक स्थित राज मिस्टन भंडार में गुरुवार की रात्रि मिस्ठान भंडार के मालिक राजकुमार प्रसाद की 17 वर्षीय पुत्री कल्याणी कुमारी का शव संदिग्ध हालात में बाथरूम में गमछा से लटका मिला।परिजन आनन फानन में युवती के शव को जलाने श्मशान घाट ले गये।इसकी सूचना बरकट्ठा पुलिस को मिलने के बाद जब तक बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची तबतक शव में आग लगा दिया गया था।थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने साक्ष्य के लिए जले हुए शव के अवशेष को एक बर्तन में लेकर जांच के लिए भेज दिया है।वही बरकट्ठा पुलिस ने पचफेडी स्थित मृतिका के आवास का जांच किया । जांच में पुलिस को कई साक्ष्य मिले जिसकी जांच की जा रही है। घर में लगी सी सी टी वी सेटबॉक्स को पुलिस अपने साथ ले गई है। वही पुलिस के समक्ष मृतिका कल्याणी कुमारी के भाई राजाबाबू ने बताया कि हम सभी भाई बहन को मेरी दादी व घर के अन्य सदस्य हमेशा मारपीट किया करते थे। 7 मई को मुझे भी दादी ,चाचा,पाप के द्वारा मारपीट किया गया था जिसके डर से मैं अपने मामा घर अचलजामु, विष्णुगढ़ चला गया।जब सुबह मेरे मामा के मोबाइल पर फोन आया की कल्याणी कुमारी की मौत हो गई है।

## बिजली की समुचित व्यवस्था की जाए : कुमकुम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी ने खेतों तक बिजली की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर कार्यपालक अभियंता अंग्रेश कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा ।किसानों की जमीनी समस्या से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के किसान भारी मात्रा में खेती कर फसल की पैदावार करते हैं ।किंतु बिजली का पोल और तार की ठीक व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसान अपनी जान जोखिम में डालकर लकड़ी के पोल और नंगे तार के सहारे बिजली खेतों तक ले जाते हैं जो बेहद ही खतरनाक है।इससे बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता । विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गैपहाड़ी ,ढोढ़ीया,सलैया और झुरझुरी के किसान पंजाब व हरियाणा के तर्ज पर खेती कर रहे हैं।वहीं बरकट्ठा में सिंचाई के साधन न के बराबर है। बावजूद इसके जैसे तैसे बिजली की व्यवस्था कर जेठुआ कद्दू, नेनुआ, झिंगी ,साग, टमाटर, मकई, ककड़ी, खीरा, करेला, भिंडी समेत दर्जनों प्रकार के सब्जियां व अन्य फसल उगा रहे हैं। कुछ किसानों ने अपनी समस्या कुमकुम को बताई जिसे उन्होंने संज्ञान लेते हुए अंगेश कुमार से मुलाकात की। वहीं कार्यपालक अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही सर्वे कराकर खेतों तक बिजली उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पत्रकारों से बातचीत में कुमकुम ने बताया कि शुक्रवार को जिला योजना की बैठक में भी यह बात मेरे द्वारा रखी गई है।

## गैस सिलेंडर लदे वाहन की चपेट में आयीं दो मासूम बहनें, अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड के बावन धारा खटाल निवासी राजू यादव की 5 एवं 6 वर्षीय दो पुतरियां जो 12 मई को फोनिक्स पब्लिक स्कूल से वापस अपने घर जा रही थीं ।उसी क्रम में सौंदा हाथीदाड़ी में इंडेन गैस लदा वाहन खैरामांझी के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गया । इस क्रम में वाहन ने स्कूल से लौट रही सुषमा कुमारी व सोनाली कुमारी को चपेट में ले लिया। दुर्घटना में दोनों बच्चियां घायल हो गईं। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल दोनों बच्चियों को मैक्स अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

### जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित

रामगढ़। उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की शुक्रवार को अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त ने समिति के सदस्यों को 28 मई से 31 मई तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमो में गंगा आरती, फूड फेस्टिवल, स्वच्छता फोटो प्रदर्शनी, गंगा स्वच्छता जागरूकता सेमिनार सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि का भी आयोजन योजनाबद्ध तरीके से करने के संबंध में चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में जी-20 कार्यक्रम के दूसरा दिन

## प्रतिनिधियों ने किया समझौता पत्र पर हस्ताक्षर




**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित जी-20 कार्यक्रम के दूसरे दिन अलग-अलग देशों के प्रतिनिधियों ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। दूसरे दिन डिफेंस डील, डिफेंस मिनिस्टर, फॉरेन अफेयर मिनिस्टर, कंट्री लीडर ने विश्व शांति, परमाणु नियंत्रण, देशों के बीच आपसी समझौता पर चर्चा की और समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसमें भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और जर्मनी के प्रतिनिधि अपने देश के झंडे के साथ बैठे थे। सबों ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। निर्णायक की भूमिका प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार और पायल सिंह ने निभाई। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने कहा कि बच्चों ने 20 देशों की अर्थव्यवस्था, रक्षा नीति, विदेश नीति को विस्तार से जाना। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों की लिसनिंग, डिबेटिंग और स्पीकिंग स्किल्स डिवेलप होता है। ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पर देश के प्रति बच्चों की समझ विकसित होती है। अलग-अलग देशों के कल्चर से वे रूबरू होते हैं, जो उन्हें आगे बढ़ने में मदद करती है। राजा बाबू गौतम रिपब्लिक ऑफ कोरिया, निखिल राज यूरोपीयन यूनियन, रितिका पंडित यूनाइटेड किंगडम, निखिल यादव यूनाइटेड किंगडम, दिव्यंका बक्शी यूरोपीयन यूनियन, दिव्यानी सिंह, जाह्नवी ओझा, वंशम सिंह ऑस्ट्रेलिया, कृष्ण मुरारी रूस, राजनंदिनी रूस, अंजुम आरा अंसारी यूएसए, गौरव कुमार यूएसए, अंकित कुमार ऑस्ट्रेलिया, अभिनव कुमार ऑस्ट्रेलिया, आदर्श कुमार कनाडा, काव्या भदानी मेक्सिको, श्रुति कुमारी ब्राजील, समृद्धि सिंह टर्की के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुई। देश के नेताओं ने आपस में एमओयू साइन किया। आयोजन को सफल बनाने में दीपक सर्राफ, अभिलाषा सिंह, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, रजनीबाला, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, फैयाज कैशर, सतीश कुमार, संजय तिवारी, पवन ठाकुर, विक्की कुमार, राकेश पांडेय, कुंदन राणा समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा। परिणामो की घोषणा शनिवार को की जाएगी।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल का शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

झुमरी तिलैया। सीबीएससी बोर्ड के द्वारा 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस रिजल्ट में सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतेलैया के शत-प्रतिशत बच्चों ने सफलता पाई है। इस बारे में विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि परीक्षा में 151 छात्र शामिल हुए थे। इनमें 22 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए । जबकि 27 छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किया है। अगर विषय वार जाने तो अंग्रेजी में श्रेष्ठ कुमार, रिया कुमारी, माही पांडेय को 95 अंक, श्रेष्ठ कुमार को संस्कृत में 98, गणित में 100, श्वेता सुमन को साइंस में 98, समृद्धि जायसवाल को एसएससी में 98, प्रिया श्रीवास्तव को आईटी में 98, रिया कुमारी, माही पांडेय, समृद्धि बड़गवे और श्रेया सिन्हा को हिंदी में 95 अंक हासिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ कुमार 96.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। जबकि समृद्धि जायसवाल 95% लाकर स्कूल की सेकंड टॉपर बनी। वहीं रिया कुमारी 94.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर, श्वेता सुमन 94.4 अंक लेकर चौथे स्थान पर रही। पीयूष कुमार 93.6 प्रतिशत अंको के साथ पांचवे तथा प्रिया श्रीवास्तव ओर सचिन कुमार ने 93 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से छठा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार ने सभी सफल बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी सफल छात्रों को बधाई देने वाला में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय तिवारी, शंकर कुमार, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, विक्रम कुमार, विक्की कुमार, सतीश कुमार, सुनील पाठक समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने बधाई दी है।

### बिजली चोरी को लेकर 33 लोगों पर प्राथमिकी

**झुमरी तिलैया।** बिजली चोरी को लेकर विभाग के द्वारा चलाए गए छापामारी अभियान में बिजली चोरी के आरोप में 33 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बारे में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 89 स्थानों पर छापामारी की गई, जहां बिजली चोरी के आरोप में 33 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन सब पर 2,20,000 रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि झुमरी तिलैया के 61 स्थानों पर छापामारी हुई।

## वाणिज्य में तनिष्का तथा विज्ञान में उपासना बनी विद्यालय टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सीबीएसई द्वारा आयोजित द्वादश का परीक्षाफल घोषित किया गया जिसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। वाणिज्य संकाय की बहन तनिष्का ने 94.6% प्रतिशत अंक लाकर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की।जबकि विज्ञान संकाय में बहन उपासना कृति ने 93% लाकर विज्ञान संकाय में अव्वल रही। वही विज्ञान संकाय में ही भैया रितेश वर्मा 91.6 प्रतिशत ,रौशन कुमार 89.4 प्रतिशत ,कोमल कुमारी 87.4 प्रतिशत तथा अंशु सिंह 84.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया। जबकी वाणिज्य संकाय में यशस्वी ने 94.4%,अनुष्का ने 86%, प्रेम कुमार जैन ने 85.6%, कृतिका जैन ने83.8%अंक लाकर विद्यालय में क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया ।इस मौके पर विद्यालय के सचिव अनुराग सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू, आचार्य प्रदीप कुमार ,मनोज कुमार सिंह, रामानुज पांडेय, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह ,विजय मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, सुनील कुमार ,टिंकू कुमार ,चंद्रशेखर कुमार ,विरेंद्र प्रसाद ,विपिन कुमार डे, संजय महतो , प्रणव प्रभास ,उमाशंकर कुमार ,सोनी कुमारी ,अर्चना सिन्हा, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद ,शर्मिष्ठा साहा आदि ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दिए।

### हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# युवती और उसके प्रेमी सहित चार अरेस्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा से जहांकोलेबिरा थाना क्षेत्र के बंदरचुआ में केरसई निवासी रवि कुमार की हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। मामले में पुलिस ने युवती औरउसके प्रेमी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त सामान भी जब्त किया गया है। मामले में एसडीपीओ ए डेविड ढोढ़राय ने शुक्रवार को कोलेबिरा थाना में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि केरसई प्रखण्ड के एक युवक का शव कोलेबिरा के बंदरचुआ जंगल में पत्थर से कुचा हुआ मिला था। शव की पहचान केरसई निवासी रवि कुमार के रूप में हुई थी। रवि की हत्या मामले में कोलेबिरा पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए 4लोगों को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया है। एसडीपीओ डेविड ढोढ़राय ने बताया कि20मई को जिस लड़की के साथ रवि की शादी होनी थी उसने ही इस हत्या की साजिश रचते हुए अपने प्रेमी एवं उसके दो साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिलाया था। इस घटना के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया था। टीम में शामिल अधिकारियों ने घटना के72घंटे के अंदर हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एसडीपीओ ने बताया कि युवती ने एक षड्यंत्र के तहत रवि को कोलेबिरा घाटी के निकट बुलाकर हत्या कर दी। घटना में प्रयुक्त सामान को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### जलडेगा पुलिस ने 3 घंटे में अपहरणकर्ता को धर दबोचा

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के कोनमेरला खास बस्ती से गुरुवार शाम साढ़े छह बजे अज्ञात हेलमेट पहने व्यक्ति द्वारा 9 वर्षीय बच्ची के अपहरण के सूचना के महज तीन घंटे के अंदर जलडेगा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरण कर्ता को धर दबोचा एवं बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी हीरालाल महतो ने बताया कि गुरुवार शाम को साढ़े छह बजे के आसपास कोनमेरला से बच्ची के अपहरण की सूचना मिली जिसपर जलडेगा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया एवं अनेक स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग शुरू कर लोगों से पूछताछ प्रारंभ किया इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि कोई टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल चालक रफ्तार में भाग रहा है जिसका पुलिस ने पीछा किया पुलिस के भय से अपहरण कर्ता मामा भगिना रोड की तरफ भागने लगा एवं गाड़ी से नियंत्रण खोकर गिर बच्ची सहित गिर पड़ा इससे पहले की वो भाग पाता पुलिस ने घर दबोचा। अपहरण कर्ता की पहचान सुरेश दास पिता भुनेश्वर दास सिमडेगा के बीरू ब्राह्मण बस्ती के रूप में हुई है।

## सिमडेगा में झारखंड पार्टी चलाएगी सदस्यता अभियान : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत कोचेडेगा महुआ टोली में आयोजित विशेष प्रार्थना शिविर में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का शामिल हुए। इस मौके ग्रामीणों ने उनका भव्य तरीके से स्वागत किया मौके पर पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो,पास्टर हनुक टोप्पो,पास्टर बेनु जोसेफ,प्रचारक ओलेम डुंगडुंग पंकज टोप्पो मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर पूर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा अनुग्रह प्रार्थना भवन में आकर आप सभी लोग परमपिता परमेश्वर का प्रार्थना करते हैं जिससे मन को शांति मिलती है और जीवन के सभी कष्टों से छुटकारा मिलता है आप सभी परमेश्वर पर इसी प्रकार विश्वास बनाए रखें। ईश्वर का एकलौता पुत्र होने के बावजूद पापियों के पाप को क्षमा करने के लिए धरती पर जन्म लिया और मानव कल्याण के लिए क्रूस का रास्ता चयन करते हुए मानव जीवन में प्रेम और मानवता का परिचय दिया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। आगे संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी आगे से अब दुगना उत्साह के साथ कार्य कर रही है 15 साल तक जेल में रहने के बाद जनता के बीच सेवा करने का पुनः मौका मिला है तो इसे जाया नहीं जाने दिया जाएगा। हाल के दिनों में झारखंड पार्टी अब विशेष रूप से सदस्यता अभियान चलाते हुए सिमडेगा विधानसभा कोलेबिरा विधानसभा दोनों जगहों पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं को झारखंड पार्टी में शामिल करते हुए संगठन को मजबूत कर आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे जोर-शोर के साथ चुनाव लड़ेगी।

### कोलेबिरा विधायक ने ठेठईटांगर प्रखंड क्षेत्र का किया निरीक्षण

**ठेठईटांगर।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ठेठईटांगर प्रखंड का औचक दौरा किया। भ्रमण के क्रम में विधायक ठेठईटांगर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निर्मित जलमीनार का टंकी,कुआं आदि कार्यों को देखा।पाया गया कि जिस स्थान पर पानी के लिए कुआं का निर्माण किया जा रहा है वहां का पत्थर उठाकर टंकी वाले स्थान पर लगाया गया है,जो गलत है, क्योंकि इससे सरकार का राजस्व को भी नुकसान पहुंचाया गया है। जबकि उक्त कार्य का प्राक्कलन करोड़ों का है।विधायक कोलेबिरा ने कहा कि विभाग क्षेत्र में मनमाने ढंग से सब काम को कर रहा है,किसी भी प्रकार की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी नहीं देते हुए कार्य को सम्पादित कर दिया जाता है।जब किसी प्रकार की अनियमितता को लेकर आम जनता स्थानीय प्रशासन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हो,अंचल अधिकारी हो, उनसे जनता जानकारी मांगती है तो वो लोग असमर्थता व्यक्त करते हैं कि मुझे नहीं पता कि किस विभाग से कार्य किया जा रहा है।

## श्रद्धानंद बेसरा ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की सुनी समस्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सिमडेगा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया भ्रमण के क्रम में कुलुकेरा पंचायत के डरेडा, मंझाघाट, बरटोली, भेलवाटोली, तावापानी, अम्बाकोना इत्यादि गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को सुना, ग्रामीणों ने बताया कि विगत 15 वर्षों के पूर्व डेरदा गांव में 3 स्थानों में विद्युतीकरण के लिए पोल गिराया गया। परंतु आज भी 2023 में गिराए गए विद्युत पोल को उपयोग में नहीं लाया गया। जिसके कारण आज भी गांव के गांव विद्युत से वंचित हैं। मंझाघाट, बरटोली, भेलवाटोली, तावापानी,अम्बाकोना गांव के लोगों ने बेसरा जी को बताए की आज भी हमारे गांव में पेयजल वा सड़क व्यवस्था नहीं है, हमलोग ढाड़ी, चुंआं, डोभा का पानी को पीने के लिए उपयोग में लाते हैं, गर्मी के मौसम में पानी की दिक्कत होती है,सरकार की योजनाएं हमारे गांव तक नहीं पहुंचती है, हमारे गांव में चापाकल नहीं है जिसके कारण बरसात के दिनों में भी मजबुरी में बरसाती पानी को भी उपयोग में लाते हैं। कच्ची वा दुर्गम रास्ते के कारण गाड़ी घरों तक नहीं पहुंचती हैं, हमलोग बीमार व्यक्ति को बरसात के दिनों में ढोकर गाड़ी तक पहुंचाते हैं।श्री बेसरा ने लोगों को अस्वस्थ कराते हुए कहा कि आपकी सभी मांगों को सक्षम अधिकारियों के समक्ष रखी जाएगी एवं साथ ही साथ माननीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी इन बातों से अवगत कराया जाएगा।

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कोलेबिरा।** सीबीएसई 12वीं के परीक्षाफल की घोषणा के साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। एक ओर जहां कला संकाय में राज प्रधान ने 87.4 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय में टॉप किया, वहीं दूसरी ओर कामरान अंसारी ने 84.8 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्राचार्य बी पी गुप्ता ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस साल बारहवीं की परीक्षा में कुल 64 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें शत प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 12वीं के नतीजे की घोषणा के साथ ही विद्यालय कर्मियों ने विद्यालय के बेहतर परिणाम के लिए एक दूसरे के बीच मिठाईयां बांटीं।

### नगर परिषद ने किया संचालित योजनाओं के लिए चयन समिति की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर . रॉनिटा की अध्यक्षता में नगर परिषद सिमडेगा के निर्वाचित सदस्यों अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित के कार्यकाल समाप्ति के उपरान्त नगर परिषद, सिमडेगा के लिए योजनाओं के चयन हेतु समिति की बैठक आयोजित की गयी, बैठक में शहर के विकास को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त महोदया के द्वारा शहरी परिवहन एवं नागरिक सुविधा मद के तहत ली जाने वाली योजनाओं का चयन हेतु विचार-विमर्श किया गया एवं इस संबंध में उपायुक्त महोदया द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार , सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव,विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो० समी आलम,विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा सन्तोष कुमार सिंह , पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय नर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन

**सिमडेगा।** सिमड़ेगा सदर अस्पताल मे अंतरराष्ट्रीय नर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे जिला परिषद अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग के साथ उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा सिमडेगा जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा जीप सदस्य जलडेगा रोजालिया शांता कांडूलना मौजुद रही कार्यक्रम मे जीप अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग ने कहा कोरोना काल में जब वायरस के कारण पूरी दुनिया में लोग पीड़ित थे, तब डॉक्टरों के साथ ही नर्सों की भूमिका बहुत अहम हो गई थी। कोविड संकट के दौरान हेल्थ वर्कर कोरोना वॉरियर्स बनकर इस वायरस से हमारी सुरक्षा करते रहे। दिन रात डॉक्टरों के साथ नर्सों ने लोगों की सेवी की। नर्स दिवस मुख्य रूप से नर्सों को उनके परिश्रम और समाज की सेवा के लिए सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती भी है।अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पूरे विश्व में अस्पतालों और चिकित्सा पेशेवरों द्वारा मनाया जाता है। नर्सों को इस दिन उनके समर्पण के लिए सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज सिमडेगा अस्पताल मे उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्स मधुर वाणी को जिला परिषद अध्यक्षा के द्वारा सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम मे रंगोली, चित्रांकन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिसमें प्रथम सफली द्वितीय स्थान मनोज कुमार,तृतीय स्थान सुनैना को देकर सम्मानित किया गया ।

**आस्था**

### कोलेबिरा के धवईटांड़ में तीन दिवसीय आत्मिक प्रार्थना महोत्सव का आयोजन

# परमेश्वर मनुष्य के जीवन का स्रोत है : संदेश एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड के धवईटांड में तीन दिवसीय आत्मिक प्रार्थना महोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहे। इस मौके पर आयोनकर्ता रे०राजेश कोवर ब्रदर मुकेश, ब्रदर अब्राहम, ब्रदर पौलुस, ब्रदर मुकुट मुख्य रूप से उपस्थित है। वहीं बंगाल से मुख्य रूप से पास्टर राजू हरि एवं पास्टर फिरोज हरि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सन्देश एक्का का पारंपरिक तरीके से महिलाओं ने स्वागत किया जिसके बाद चर्च में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मैं मनुष्य भागदौड़ की जीवन में परमेश्वर को याद नहीं कर रहा है जिसके कारण कई प्रकार की परेशानियों से जूझ रहा है हमें परमपिता परमेश्वर के बातों को अनुसरण करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि अच्छा जीवन जीने के लिए हमें तन मन से पापों को हटाने की आवश्यकता है क्योंकि परमेश्वर सबसे ज्यादा हमें पापों से मुक्ति दिलाता है और हम इंसान पाप करते रहते हैं इसलिए हमें परोपकार की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि जीवन में अच्छाई और इमानदारी बढ़ता रहे। उन्होंने सभी लोगों को अध्यात्म की ओर बढ़ते हुए गलत कार्य को बढ़ावा ना देने तथा युवाओं को नशा पान एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की बात कही। साथियों ने कहा कि झारखंड पार्टी लगातार सभी जगहों पर सभी धर्मों का सम्मान करने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं ताकि क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो सके और जिस विश्वास से आप लोग आगे बढ़ रहे हैं। वह विश्वास है भविष्य में भी खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर झापा प्रखंड अध्यक्ष सुघड़ जरिया,जिला उपाध्यक्ष सामूवेल धनवार, संध्या डांग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पलामू में खुलेगा झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर खोला जा रहा है। जिसका उद्घाटन 14 मई को होगा। जिसमें छात्र 12वीं के बाद यूजी और पीजी के साथ-साथ सर्टिफिकेट कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे। इस यूनिवर्सिटी से रेगुलर और डिस्टेंस दोनों तरह से पढ़ाई कराई जाएगी। जिसमे छात्र घर बैठे भी पढ़ाई कर सकेंगे। वहीं छात्र जिन्हे रेगुलर बेस पर पढ़ाई करनी है वो स्टडी सेंटर मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर सकेंगे।हालांकि छात्रों को परीक्षा केंद्र पर जाकर परीक्षा देनी होगी। झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव व झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के वीसी टीएन शाहू के द्वारा 14 मई की शाम 4 बजे स्टडी सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन जाएगा। जिसमें झारखंड के लोक नृत्य व नागपुरी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं स्पोर्ट्स डांस के रूप में स्केटिंग डांस और अवार्ड समारोह का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज पोखराहा में आयोजित होगा।



## कॉलेज में 29 विषयों का होगा शुभारंभ

डेडिकेटेटिड सोसाइटी फॉर एजुकेशन साइंस के सचिव के अनुसार राज्यपाल की पहल से अन्य राज्यों के तर्ज पर झारखंड में भी झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी की शुरूआत की गई है।जिसका स्टडी सेंटर पलामू में खुलने जा रहा है। इसमें सर्टिफिकेट कोर्स के साथ, यूजी, पीजी की भी पढ़ाई होगी। शुरूआत में यूजी और पीजी के जेनरल कोर्स में एडमिशन होगा। वहीं जुलाई के बाद से 29 कोर्स का एफिलेशन यूनिवर्सिटी द्वारा लिया गया है।

**इग्नू की तर्ज पर होगी पढ़ाइ :** मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज की प्राचार्य के अनुसार यहां अब इग्नू की तर्ज पर पढ़ाई कराई जाएगी। जिससे छात्रों को भरपूर लाभ मिलने वाला है। शहर से 8 किलोमीटर दूर पोखराहा में मेडिकल कॉलेज के सामने डेडीकेटेड इंटर कॉलेज स्थित है।जहां पर छात्रों के लिए पूरी व्यवस्था किया गया है।जहां उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान किया जाएगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### चार नये एपीपी ने दिया योगदान

**मेदिनीनगर।** सिविल कोर्ट पलामू में कार्य करने के लिए चार नए सहायक लोक अभियोजक शुक्रवार को अभियोजन कार्यालय में योगदान दिया है । उक्त आशय की जानकारी प्रभारी लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में पांच नए सहायक लोक अभियोजक की पदस्थापना की गई है । इसमें चार नए सहायक लोक अभियोजक शनिवार को योगदान दिया है । योगदान देने वालों में रविंद्र नाथ चौरसिया, दिलीप कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, विकास कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं । सहायक लोक अभियोजकों के योगदान देने से न्यायिक कार्य तेज गति से होगा। तथा मामले के निस्तारण में गति मिलेगा। विदित हो कि जिले में दो अपर लोक अभियोजक व दो सहायक लोक अभियोजक कार्यरत थे । इसमें एक अपर लोक अभियोजक प्रभारी लोक अभियोजक के चार्ज में हैं। चार नए सहायक लोक अभियोजक के योगदान देने पर सहायक लोक अभियोजक अनुराग सिंह, अनुराग शुक्ला ने बधाई दी है।

### नम आंखों से हुई एआईएसएफ अध्यक्ष की अंतिम विदाई



**मेदिनीनगर।** एआईएसएफ के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार की अंतिम संस्कार टेढ़वा नदी घाट पर शुक्रवार की अहले सुबह की गई। अंतिम विदाई से एआईएसएफ के सभी साथियों सहित भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने एआईएसएफ का झंडा दिया एवं राहुल कुमार अमर रहे, कामरेड राहुल को लाल सलाम जैसे नारे लगाए और नम आंखों से अंतिम विदाई दी। वही मुखाग्नि राहुल कुमार के दादा रामनरेश पासवान ने दिया। पिता कुंदन पासवान का रो रो कर बुरा हाल है वही माता और दादी को भी सुध ही नहीं है। राहुल कुमार दो भाई और एक बहन है। जिसमें वे सबसे बड़ा थे और उनके इस तरह चले जाने से घर परिवार सहित छात्र संगठन एवं पार्टी की की अपूरणीय क्षति हुई है। जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी,एआईएसएफ कॉलेज अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा ने कंधा लगाया। मौके पर सूर्यपत सिंह,के डी सिंह, राजीव कुमार,उपेंद्र मिश्रा,चंद्रशेखर तिवारी,मृत्युंजय तिवारी,रवि शंकर, भोला,फैज खान,जीएस कॉलेज के प्रोफेसर एस खान,जफर पठान,रिंकू कुमार,राजू सिंह,प्रेम शंकर,सुरेश सिंह, उदय तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने घाट पर जाकर अंतिम विदाई दी।

### बसपा नेता ने निमिया गांव का किया भ्रमण

**विश्रामपुर।** बसपा नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के अल्पसंख्यक बहुल्य गांव निमिया का भ्रमण किया। श्री सिंह निमिया गांव की जनसमस्याओं से रूबरू हुए। इस क्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि अब तक के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के मुस्लिमो को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। मुस्लिम गांवो के विकास हेतु कुछ भी नहीं किया। गांव की मूलभूत समस्याएं आज भी यथावत है। बबलू सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि समस्याओं के समाधान हेतु सार्थक प्रयास किये जायेंगे। समस्याओं से आला अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। गांव में मूलभूत सुविधाएं बहाल कराई जायेगी। मौके पर बसपा नेता सह नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी,उस्मान अंसारी,निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी,प्रवीण सिंह,जसीम अंसारी,करीम अंसारी,नियामत अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आज होगी पलामू में अभ्यर्थियों की दूसरी कॉउंसलिंग

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आज पलामू में अभ्यर्थियों की दूसरी काउंसलिंग कराई जाएगी। इससे पहले 11 मई को भी 71 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कराई गई। जिसमें कुछ अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं शनिवार को लगभग 70 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कराई जाएगी । काउंसलिंग के लिए स्थानीय गिरिवर स्कूल में केंद्र बनाया गया है। जिसमें सभी अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे पहुंचने को कहा गया है। शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अन्य कागजातों के साथ सभी को उपस्थित रहने को कहा गया है। सभी अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के जाच के बाद स्कूल आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हाई स्कूल के सभी चयनित अभ्यर्थियों को 19 मई को मुख्यमंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना है।

## एनसीपी की सरसोत पंचायत कमेटी की गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सरसोत पंचायत के सुल्तानी गांव स्थित देवी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को एनसीपी कार्यकताओं की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष सरोज प्रसाद कुशवाहा, प्रभारी विकास कुमार तथा रौनक सिंह मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से संतोष शर्मा को सरसोत पंचायत अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। जबकि अभिनंदन पासवान को सचिव, सीटू सिंह को कोषाध्यक्ष, नागेंद्र सिंह तथा लल्लू सिंह को उपाध्यक्ष, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी को पंचायत प्रभारी बनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत में मनोनीत पदाधिकारीयों के बनने के बाद पार्टी को क्षेत्र में नई पहचान और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष गोलू सिंह, विकास कुमार सिंह भोला सिंह रामवृक्ष मस्ताना हंसराज सिंह अनिल मिस्त्री सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ता की मौत पर शोक व्यक्त

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के बहेरा गांव निवासी जुझारू भाजपा कार्यकर्ता व्यास सिंह की हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। इस घटना की सूचना पर पलामू सांसद बीडी राम, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल सिंह, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह सहित कई लोग पहुंचकर मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर पलामू सांसद श्रीराम ने कहा कि इस दुख की घड़ी को परिजनों को सहने की शक्ति भगवान प्रदान करें।

### जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, पीएम आवास व जमीन दाखिल खारिज पर संज्ञान

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी फरियादें



**विभिन्न स्थानों से आये फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न स्थानों से आये फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान कई मामलों में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिया। वहीं कुछ मामलों में उन्होंने कई बीडीओ-सीओ को फोन कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदन पर

### कौड़िया पंचायत के पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश

सदर प्रखंड के कौड़िया से आयी किरण कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि वो कौड़िया पंचायत में स्वयंसेवक का कार्य कर रहीं हैं.उन्होंने उपायुक्त के समक्ष कहा कि कौड़िया के पंचायत सचिव फतेह अहमद ने उनसे किसी काम के एवज में 50 हजार रुपए लिये लेकिन अब लौटने में आनाकानी कर रहें हैं । साथ ही जब वो पैसे की मांग करती है तो पंचायत सचिव उसे मानसिक रूप से परेशान करते हैं । साथ ही स्वयंसेवक के पद से हटाने की भी धमकी देते हैं एवं गलत नजर भी रखते हैं। इस पर उपायुक्त ने त्वरित एक्शन लेते हुए उक्त पंचायत सचिव को शाम तक निलंबित करने की बात कही। इसी क्रम में नवाबाजार से आये सत्येंद्र यादव ने राजस्व कर्मचारी श्रीकांत द्वारा लगान रसीद नहीं काटे जाने एवं विगत 8 महीने से बेवजह दौड़ाने की बात कही। इस पर उपायुक्त ने नवाबाजार सीओ को कॉल कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। इसी तरह शुक्रवार के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# पौधों को भी पानी की आवश्यकता:पूर्व महापौर






**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम के पूर्व प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा अपने निजी खर्च से लगाए गए सार्वजनिक जगह पर सैकड़ों नीला- सफेद कंक्रीट बेंच ,कचहरी ओवर ब्रिज एवं पूरन चंद सेतु पर लगा तिरंगा फ्लोरोसेंट लाइट जो शहर की खूबसूरती को बढ़ा रहा है। उसके बाद हर चौक चौराहे, रेलवे स्टेशन रोड डिवाइडर, कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान में अपने निजी खर्च से फूल पत्ती में दवा ,खाद एवं पानी का छिड़काव अपने वाहन द्वारा सुबह शाम कराना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में पूर्व महापौर ने बताया कि जैसे गर्मी के दिनों में लोगों को टैंकर से पानी आपूर्ति की जा रही है। उसी तरह आज हमारे चौक चौराहों एवं पार्क में लगे खूबसूरत फूल पौधों जहां लोग सम्मान के साथ खड़े होकर सेल्फी ले रहे हैं।उसके के लिए खाद, दवा एवं पानी के छिड़काव की आवश्यकता है। जिसे किसी ना किसी को शहर की इस खूबसूरती को बनाए रखने के लिए दायित्व लेने की आवश्यकता थी। ताकि हमारा निगम क्षेत्र भी हरा भरा बना रहे और चुकी मेरे कार्यकाल में निगम ने यह सब बड़े शौक के साथ सजाया है। इसलिए मैंने स्वयं निजी खर्च से अपनी गाड़ी देकर एक माली और ड्राइवर के साथ सुबह शाम पानी का छिड़काव कराना प्रारंभ कर दि ताकि गर्मी में भी लगाए गए फूल पत्ती पौधे तंदुरुस्त एवं हरा-भरा बना रहे ' पूर्व महापौर ने निगम के सभी लोगों से अनुरोध किया है यह आपका शहर है इसे सजाने एवं सुव्यवस्थित करने में निगम की मदद करें ' प्रथम महापौर द्वारा कराई जा रही निजी खर्चे से इस तरह के कार्य की प्रशंसा हर जगह हो रही ।पूर्व महापौर ने कहा मैं आधिकारिक रूप से निगम का कार्य भले ही नहीं कर सकती लेकिन सामाजिक रुप से निगम के हर उस कार्य में मेरी भागीदारी रहेगी जिससे मेरा शहर स्वच्छ स्वास्थ्य एवं हरा-भरा बना रहे।

# नशीला पदार्थ खिलाकर गढ़वा के युवक को दोस्तों ने लूटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रदेश में रहकर मजदूरी करके लौटे रहे युवक को उसके ही दो दोस्तों ने झांसे में लेकर पहले उससे जमकर खर्च कराया उसके बाद में उसे नशीला पदार्थ खिलाकर 15 हजार रुपये, मोबाइल, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज लूट लिए। नशीला पदार्थ खिलाये जाने के कारण युवक करीब 15 घंटे तक बेहोश रहा। होश में आने के बाद युवक ने अपनी आप बीती सुनायी। यह सुनकर लोगों के होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार गढ़वा के झलुआ निवासी इस्तेखार ईद की छुट्टी बिताने के बाद छतीसगढ़ के रायगढ़ में काम करने गया था। इसी बीच ससुराल में शादी होने के कारण वह घर लौट रहा था। मंगलवार को रायगढ़ से चला। बुधवार की सुबह इस्तेखार गढ़वा ऑटो स्टैंड में पहुंचा। यहां उसे उसके गांव के नौशाद और आशीम अंसारी मिले। दोनों इस्तेखार को देखते ही प्रसन्ता व्यक्त की। दोनों ऑटो चलाते हैं। साथ ही जिद करके इस्तेखार को बाइक पर बैठा लिया और डालटनगंज घूमने के लिए लेकर पहुंच गये। बुधवार को 12 बजे दिन में तीनों डालटनगंज में पहुंचे और दिन भर खाया-पिया। शाम साढ़े पांच से 6 बजे के करीब गढ़वा जाने के लिए तीनों निकले।पुलिस का कहना है कि चैनपुर थाना क्षेत्र के डालटनगंज-गढ़वा मुख्य मार्ग पर मंगरदाहा घाटी में बुधवार की रात करीब 11 बजे इस्तेखार को बेहोशी की हालत में पाया। उसे एम्बुलेंस से एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। रात भर इलाज चलने के बाद गुरुवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे उसे होश आया।इस्तेखार ने एमआरएमसीएच में जानकारी दी कि उसने दोनों दोस्तों के साथ गांजा पिया था।

# 94 विद्यार्थी नामांकित, शिक्षक मात्र दो; वह भी नदारद




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सरकार के लाख प्रयास के बावजूद भी स्कूलों में छात्रों की संतोषजनक उपस्थिति नहीं हो पा रही है। सरकारी स्कूलों में छात्रों के ठहराव के लिए मध्याह्न भोजन से लेकर पोषाक, जूता व किताबें आदि दी जाती है। बावजूद इसके स्कूलों में बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण स्कूलों में शिक्षकों का नहीं जाना है और पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि नहीं होना बताया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि सभी सरकारी स्कूलों में ऐसी बात है। जिले के कई सरकारी स्कूल तो अपनी एक अलग पहचान व आदर्श स्थापित की है। मगर आज हम बात कर रहे हैं लातेहार के सदर प्रखंड से दस किलोमीटर दूर डेमू पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अलगडीहा (लातेहार, दक्षिण) की. यहां पांचवीं तक की पढ़ाई होती है। इस स्कूल में कुल 94 बच्चे नामांकित हैं। मगर शिक्षक प्रिंसिपल को मिलाकर मात्र दो। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है पढ़ाई कैसे होती होगी और स्तर क्या होगा। क्लास वन से पांचवी तक के लिए मात्र दो शिक्षक। उसमें भी एक प्रिंसिपल, जिन्हें ऑफिस के अलावे भी कई काम होता है। गुरुवार को नामांकित 94 में से मात्र पांच विद्यार्थी ही स्कूल आये थे। पूछे जाने पर एक छात्र ने बताया कि स्कूल में प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह के अलावा एक सहायक अध्यापक सुशील सिंह ही हैं। उनके भी स्कूल आने का समय निर्धारित नहीं है। स्कूल में मध्याह्न भोजन भी रोज नहीं मिलता है। आज भी मध्याह्न भोजन नहीं बना है।

**क्या कहते हैं सहायक अध्यापक :** सहायक अध्यापक सुशील सिंह ने बताया कि इन दिनों बीआरसी से बच्चों की छात्रवृत्ति फार्म व सूची आदि भेजने का काफी दवाब है। स्कूल में यह संभव नहीं हो पाता है। इस कारण प्रधानाध्यापक ने उन्हें उनके घर बुला लिया था। प्रधानाध्यापक घर पर ही छात्रवृत्ति का फार्म अपलोड कर रहे हैं। स्कूल में मात्र पांच छात्रों के उपस्थित होने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि रसोइया के द्वारा बताया गया कि आज स्कूल बंद है।

## तीन मंजिला मेडिकल शॉप में भीषण आग आधा दर्जन घरों व दुकानों को भी नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

शहर के चर्चित न्यू फेमस मेडिकल और नेशलन फार्मा में देर रात भीषण अगलगी की घटना में लाखों की दवाइयां जलकर खाक हो गई। हालांकि इस दौरान पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस व फायर ब्रिगेड के जवानों ने अपनी जान जोखिम में डाल मेडिकल शॉप के तीसरे तल्ले में सो रहे एक युवक की जान बचाई और घंटों की मशक्कत के बाद चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के सहारे आग पर काबू पाया गया। शहर के मेन रोड स्थित पुराने पेट्रोल पंप के समीप संचालित दो बड़े मेडिकल शॉप में अगलगी की घटना से आसपास हड़कंप मच गया। रात करीब ढाई बजे लगी आग में मेडिकल शॉप का तीन मंजिला इमारत जलकर राख हो गया। वहीं शॉप के समीप संचालित साहू मेडिकल व गया मिष्ठान समेत आसपास के आधा दर्जन घरों को भी आंशिक नुकसान हुआ है। शार्ट सर्किट का कारण इन्वर्टर में ब्लास्ट बताया जा रहा है।

### संकट | जनसेवकों की हड़ताल से राशन कार्ड भी नहीं बन रहा

# राशन उठाव व वितरण कार्य प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिला के जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर 9 मई से हड़ताल पर है, जिसकी वजह से राशन का उठाव व वितरण समेत कई कार्य प्रभावित हो गये हैं। जरूरतमंदों का राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। वृद्धा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, कृषि ऋण माफी, मिट्टी जांच व सांख्यिकी समेत पंचायतों का कई कार्य प्रभावित हो गया है। अगर इसी तरह से जन सेवकों का हड़ताल चलता रहा तो इससे आगामी खरीफ योजना का कार्य भी प्रभावित हो सकता है।

शुक्रवार को भी जनसेवकों ने समाहरणालय के सामने धरना दिया. इस दौरान उनकी ओर से झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। जिला अध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि अगर सरकार संघ की मांगों को नहीं मानी तो आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार का कैसा इंसाफ है। वर्ष 2012 में कृषि व गन्ना विकास विभाग द्वारा 1,836 जनसेवकों की बहाली 2400 ग्रेड पे पर की गई थी। 10 सालों तक उन्होंने पूरी ईमानदारी से सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागी बने रहे। अब जब प्रमोशन और एमएसीपी का समय आया तो जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 कर दिया गया। सचिव लव कुमार पासवान व रघुनंदन राम ने 2012 में बहाल सभी जनसेवकों को एमएसीपी का लाभ देने व राज्य वरीयता सूची प्रकाशित करने और ग्रेड-पे 4200 करने की मांग की है। धरना में रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी,रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक शामिल थे।

## दुर्घटना में युवक गंभीर, गरीब परिवार ने इलाज में मांगी मदद

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के तिलरा गांव के चंदन कुमार दास पिता राजेश रविदास 20 वर्ष बाइक दुर्घटना में तीन दिन पूर्व गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे रिम्स रांची में भर्ती करवाया गया है, जहां अभी तक होश नहीं आया है। युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जिससे माथे में ब्लड जम गया है। रिम्स जैसे बड़े संस्थान में भर्ती होने के बावजूद युवक जमीन पर इलाजरत है। यह परिवार अत्यंत गरीब है। अपने बेटे को निजी अस्पताल में भर्ती कराने में असमर्थ हैं और सबसे बड़े संस्थान का यह हाल है। परिजनों ने लोगों से प्रार्थना कर मदद की अपील की है। इसके लिए घायल युवक के पिता का संपर्क नंबर 6370914451 मदद के लिए प्रसारित किया जा रहा है।



## सीएचसी में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में जीप सदस्य सन्तोषी शेखर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रंजनमुख्य रूप से शामिल थे। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस को लेकर जहां सीएचसी में पदस्थापित नर्सों द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर मनाया गया।

इस दौरान सभी ने एक दूसरे को केक खिलाकर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की बधाई दी। साथ ही जिप सदस्य और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी नर्सों को अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया। जिप सदस्य ने कहा की स्वास्थ्य सेवा में नर्सों का सबसे अहम योगदान होता है साथ ही नर्सों ने खुद के काबिलियत और आत्मविश्वास को उस समय सबसे अलग और बेहतर साबित किया जब पूरा देश कोरोना महामारी के संकट से जूझ रहा था और आज यहां हम सभी लोग महामारी से सुरक्षित है .जिसमे नर्सों का अहम योगदान है। वहीं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रंजन ने कहा कि स्वास्थ्य के अंतर्गत आने वाली सभी सेवाओं में हमारी नर्सों का अहम योगदान होता है जो कि उनके बिना पूरी स्वास्थ्य सेवा अधूरी है।

ज्ञान की बात

**' एक जागे हुए व्यक्ति को रात बड़ी लंबी लगती है, एक थके हुए व्यक्ति को मंजिल बड़ी दूर नजर आती है इसी तरह सच्चे धर्म से बेखबर, मूर्खों के लिए जीवन- मृत्यु का सिलसिला भी उतना ही लंबा होता है ' - गौतम बुद्ध**



# अपराध पर अंकुश कैसे?

***झारखंड*** के विकास में नक्सली बड़े कारण माने जाते थे। लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह अपराध का बोलबाला बढ़ा है,उससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके मंसूबे काफी बढ़ गये हैं। नक्सल की घटनायें काफी कम हो गयी हैं। नक्सलियों के पराभव के बाद अपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि इस बात का सबूत है कि राज्य में लॉ एंड आर्डर खराब हो चुका है। कोलफील्ड इलाकों में रंगदारी को लेकर और वर्चस्व की लड़ाई जारी है। आपसी गैंगवार में कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। हजारीबाग इसका उदाहरण है। ऐसे में जब नक्सली गतिविधियों को काबू में लाया जा सकता है,फिर इन अपराधियों को काबू में क्यों नहीं ला सकता है। जिस प्रकार हजारीबाग की कंपनी के मैनेजर की हत्या हुई है,उसने कई पोल खोल दिये हैं। यहां के इलाकों में दहशत फैला कर अपराधी रंगदारी वसूल रहे हैं। कोलफील्ड जहां भी है,वहां करोड़ो का वारा न्यारा हो रहा है। ऐसे संगठित गिरोहों के तार राजनेताओं के साथ-साथ कई बड़े अधिकारियों के साथ होते हैं। इनके नेटवर्क के तार सब जगह फैले हुए हैं। ऐसे में इन पर कार्रवाई आवश्यक है। कारण बगैर शांति स्थापित किये विकास की परिकल्पना बेमानी है। विकास शांति के माहौल में ही संभव है। कोई भी निवेशक अपनी पूंजी वहीं लगाना चाहता है,जहां शांति का माहौल हो। ऐसे में अपराधियों को दंड देकर ऐसी जगहों पर शांति लाना जरूरी है।

**आपसी गैंगवार में कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। हजारीबाग इसका उदाहरण है। ऐसे में जब नक्सली गतिविधियों को काबू में लाया जा सकता है, फिर इन अपराधियों को काबू में क्यों नहीं ला सकता है।**

बहरहाल राज्य के मुख्यमंत्री हाल के दिनों में निवेशकों को प्रोत्साहन दे रहे हैं। कई जगहों पर बाहर से निवेशक व्यापार करने को इच्छुक हैं। इस स्थिति में अगर उन्हें अपराधियों की करतूतों की जानकारी होगी तो क्या वह यहां पूंजी निवेश करेंगे। जाहिर सी बात है नहीं। ऐसे में रंगदारी की प्रथा को समाप्त करने की जरूरत है। हाल के दिनों में बेरोजगार युवा आपराधिक गतिविधियों में ज्यादा शामिल हो रहे हैं। दूसरी तरफ इनके अंदर दिखावे की प्रवृति काफी बढ़ गयी है। अपनी हैसियत लग्जरी गाड़ियों और शान शौकत भरी जिन्दगी की खातिर ये गलत रास्तों का चयन कर रहे हैं। यही कारण है कि अपराध समाज में पहले की अपेक्षा ज्यादा बढ़ रहे हैं। अपने स्टेटस और स्टाइल को बरकरार रखने के लिए इन्हें गलत कार्य को अंजाम देना ही पड़ेगा। ऐसे बिगड़े कमजोर लागों पर कुछ गिरोह अच्छी तरह से पहचानते हैं। बस कुछ पैसों का लालच देकर इन्हें गलत कार्य के लिए तैयार कर लिया जाता है। फिर वह अपराध की दुनिया में महफूज समझने लगते हैं। ऐसी स्थिति में समाज से भटके युवाओं को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए सरकार के साथ समाज को आगे आने की जरूरत है। बहरहाल अपराधि गतिविधियों की वजह से राज्य में जहां एक तरफ निवेशकों का टोटा लगने की संभावना है, वहीं शांति प्रिय लोगों के लिए खतरे की घंटी। हजारीबाग की घटना महज घटना नहीं अपितु न्याय व्यवस्था पर कई सवालियां निशान लगाते हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए कठोर कानूनी कार्रवाई की जरूरत है। हाल के दिनों में जिस प्रकार निवेशक अपनी पूंजी लगाना चाहते है, उसकी पहली शर्त शाति व्यवस्था है। नक्सल आंदोलन को जब कंट्रोल में किया जा सकता तो उन कोलफील्ड इलाकों में शांति व्यवस्था कायम करने में क्या परेशानी है? बस जरूरत है दृढ़ इच्छा शक्ति की। अपराधिक गतिविधियां किसी भी समाज के लिए स्वीकार्य नहीं है। ऐसी स्थिति में उस पर अंकुश लगाकर समाज में शांति व्यवस्था जरूरी है। अपराध के फलने फूलने के कारक तत्वों की पड़ताल आवश्यक है।

# एग्जिट पोल की विश्वसनीयता पर उठते सवाल






योगेश कुमार गोयल

***कर्नाटक*** विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया के समापन के साथ ही तमाम सर्वे एजेंसियों द्वारा अपने-अपने एग्जिट पोल्स का प्रसारण कर दिया गया। अधिकांश एग्जिट पोल में कर्नाटक में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने या बहुमत के करीब रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है लेकिन कुछ एग्जिट पोल ऐसे भी हैं, जिनमें भाजपा को कांग्रेस पर बढ़त मिलने या सत्तासीन होने की भविष्यवाणी की गई है। न्यूज नेशन-सीजीएस के एग्जिट पोल में भाजपा को 114 और कांग्रेस को 86 सीटें मिलने जबकि सुवर्णा न्यूज-जन की बात के पोल में भाजपा को 106 और कांग्रेस को 98 सीट, न्यूज 18-राजनीति के पोल में भाजपा को 100 और कांग्रेस को 92 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। दूसरी ओर इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 135 और भाजपा को 85, न्यूज 24-टुडेज चाणक्य के पोल में कांग्रेस को 120 और भाजपा को 92, इंडिया-सीएनएक्स के पोल में कांग्रेस को 115 और भाजपा को 85, टाइम्स नाउ-ईटीजी के पोल में कांग्रेस को 113 और भाजपा को 85, जी न्यूज के पोल में कांग्रेस को 108 और भाजपा को 86, पोल ऑफ पोल्स में कांग्रेस को 107 और भाजपा को 92, एबीपी-सी वोटर के पोल में कांग्रेस को 106 और भाजपा को 89, टीवी 9-पोलस्ट्रेट के पोल में कांग्रेस को 104 और भाजपा को 93 तथा रिपलब्लिक पी-मार्क के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 101 और भाजपा को 92 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई है। देखने वाली बात यह है कि इनमें से कई एग्जिट पोल के आंकड़ों में बड़ा अंतर है और साथ ही इनमें प्लस-माइनस का भी बड़ा खेल शामिल रहता है। यही कारण है कि एग्जिट पोल में किये जाने वाले दावों पर अब आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जाता क्योंकि ये केवल चुनाव परिणामों का पूर्वानुमान ही होते हैं और अभी तक कई बार ऐसा हो चुका है, जब विभिन्न एग्जिट पोल में किये गये पूर्वानुमान से चुनाव परिणाम बिल्कुल उलट रहे। हालांकि चुनावी सर्वे कराये जाने का इतिहास बहुत पुराना है और दुनिया के कई देशों में ऐसे सर्वे कराये जाते हैं। दुनियाभर में सबसे पहले अमेरिकी सरकार के कामकाज पर लोगों की राय जानने के लिए चुनावी सर्वे कराये जाने की शुरूआत अमेरिका में हुई थी। उस समय जॉर्ज गैलप और क्लॉड रोबिंसन ने इस विधा को अपनाया था, जिन्हें ओपिनियन पोल सर्वे का जनक माना जाता है। चुनाव के पश्चात सामने आये नतीजों का अवलोकन करने पर उन्होंने पाया कि उनके द्वारा एकत्रित किये गये सैंपल तथा चुनाव परिणामों में ज्यादा अंतर नहीं था। उनका यह तरीका काफी विख्यात हुआ। इससे प्रभावित होकर ब्रिटेन तथा फ्रांस ने भी इसे अपनाया और बहुत बड़े स्तर पर ब्रिटेन में 1937 जबकि फ्रांस में 1938 में ओपिनियन पोल सर्वे कराये गये। उन देशों में भी ओपिनियन पोल के नतीजे बिल्कुल सटीक साबित हुए थे। जर्मनी, डेनमार्क, बेल्जियम तथा आयरलैंड में जहां चुनाव पूर्व सर्वे करने की पूरी छूट दी गई है, वहीं चीन, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको इत्यादि कुछ देशों में इसकी छूट तो है किन्तु कुछ शर्तों के साथ। एग्जिट पोल अर्थात चुनाव पूर्व सर्वे का खाका भारत में वर्ष 1960 में खींच दिया गया था। तब 'सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज' (सीएसडीएस) द्वारा इसे तैयार किया गया था। हालांकि माना यही जाता है कि नीदरलैंड के समाजशास्त्री तथा पूर्व राजनेता मार्सेल वॉन डैम द्वारा एग्जिट पोल की शुरूआत की गई थी, जिन्होंने पहली बार 15 फरवरी, 1967 को इसका इस्तेमाल किया था और उस समय नीदरलैंड में हुए चुनाव में उनका आकलन बिल्कुल सटीक

**चुनाव के पश्चात सामने आये नतीजों का अवलोकन करने पर उन्होंने पाया कि उनके द्वारा एकत्रित किये गये सैंपल तथा चुनाव परिणामों में ज्यादा अंतर नहीं था। उनका यह तरीका काफी विख्यात हुआ।**

इन दिनों

रहा था। भारत में एग्जिट पोल की शुरूआत का श्रेय इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन के प्रमुख एरिक डी कोस्टा को दिया जाता है, जिन्हें चुनाव के दौरान इस विधा के जरिये जनता के मिजाज को परखने वाला पहला व्यक्ति माना जाता है। चुनाव के दौरान इस प्रकार के सर्वे के माध्यम से जनता के रुख को जानने का काम सबसे पहले एरिक डी कोस्टा ने ही किया था। शुरूआत में देश में सबसे पहले इन्हें पत्रिकाओं के माध्यम से प्रकाशित किया गया जबकि बड़े पर्दे पर चुनावी सर्वेक्षणों ने 1996 में उस समय दस्तक दी, जब दूरदर्शन ने सीएसडीएस को देशभर में एग्जिट पोल कराने के लिए अनुमति प्रदान की। भारत में अधिकांश टीवी चैनलों पर चुनाव पूर्व सर्वे वर्ष 1998 में प्रसारित किये गये और तब ये बहुत लोकप्रिय भी हुए किन्तु कुछ राजनीतिक दलों द्वारा इन पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग पर 1999 में चुनाव आयोग द्वारा ओपिनियन पोल तथा एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उसके बाद एक अखबार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग के फैसले को निरस्त कर दिया। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग उठी और मांग के जोर पकड़ने पर तब चुनाव आयोग ने प्रतिबंध के संदर्भ में कानून में संशोधन के लिए तुरंत एक अध्यादेश लाये जाने के लिए कानून मंत्रालय को पत्र लिखा। उसके बाद जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 में संशोधन करते हुए सुनिश्चित किया गया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान जब तक अंतिम वोट नहीं पड़ जाता, तब तक किसी भी रूप में एग्जिट पोल का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि एग्जिट पोल मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिखाये जाते हैं। मतदान खत्म होने के कम से कम आधे घंटे बाद तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता। इनका प्रसारण तभी हो सकता है, जब चुनावों की अंतिम दौर की वोटिंग खत्म हो चुकी हो। ऐसे में यह जान लेना जरूरी है कि आखिर एग्जिट पोल के प्रसारण-प्रकाशन की अनुमति मतदान प्रक्रिया के समापन के पश्चात ही क्यों दी जाती है? जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 126 के तहत मतदान के दौरान ऐसा कोई कार्य नहीं होना चाहिए, जो मतदाताओं के मनोविज्ञान पर किसी भी प्रकार का प्रभाव डाले अथवा मत देने के उनके फैसले को प्रभावित करे। यही कारण है कि मतदान से पहले या मतदान प्रक्रिया के दौरान एग्जिट पोल सार्वजनिक नहीं किये जा सकते बल्कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के आधे घंटे बाद ही इनका प्रकाशन या प्रसारण किया जा सकता है। यह नियम तोड़ने पर दो वर्ष की सजा या जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। यदि कोई चुनाव कई चरणों में भी सम्पन्न होता है तो एग्जिट पोल का प्रसारण अंतिम चरण के मतदान के बाद ही किया जा सकता है लेकिन उससे पहले प्रत्येक चरण के मतदान के दिन डेटा एकत्रित किया जाता है। एग्जिट पोल से पहले चुनावी सर्वे किए जाते हैं और सर्वे में बहुत से मतदान क्षेत्रों में मतदान करके निकले मतदाताओं से बातचीत कर विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की हार-जीत का आकलन किया जाता है। अधिकांश मीडिया संस्थान कुछ प्रोफेशनल एजेंसियों के साथ मिलकर एग्जिट पोल करते हैं। ये एजेंसियां मतदान के तुरंत बाद मतदाताओं से यह जानने का प्रयास करती हैं कि उन्होंने अपने मत का प्रयोग किसके लिए किया।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें केदारनाथ ज्योतिर्लिंग की कथा*

**इसी** क्षेत्र में एक गौरी कुंड भी है। जहाँ शिव-पार्वती जी का मंदिर है। मौसम के बदलाव की बजह से यह मंदिर अक्षय तृतीया (अप्रैल महीने का अंत) से लेकर कार्तिक पूर्णिमा (नवंबर) तक खुला रहता है। ऐसा कहा जाता है कि यह मंदिर पांडवों द्वारा निर्मित है। हिंदी के महान साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन के अनुसार यह मंदिर 12 - 13 वीं शताब्दी का है। इस मंदिर का पुनः निर्माण आदी शंकराचार्य ने करवाया था। यह मंदिर वास्तुकला पर आधारित है। ऐसी मान्यता है कि यदि आप केवल बद्रीनाथ की यात्रा पर जाते हैं और केदारनाथ के दर्शन किये बिना वापस आ जाते हैं तो आपकी यात्रा अधूरी रहती है। केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के साथ -साथ नर और नारायण के दर्शन करना भी जरुरी है। सत युग में उपमन्यु ने यहाँ भगवान शिव की आराधना की थी। मंदिर के अंदर पहले हॉल में पांच पांडव, कृष्ण भगवान, शिव भगवान का वाहन नंदी, वीरभद्र शिव जी का संरक्षक, द्रौपदी और कई देवी - देवताओं की मूर्तियां हैं। इस तीर्थ स्थल की यात्रा करना थोड़ा कठिन है क्योंकि ये पहाड़ों से घिरा हुआ है और मौसम भी कभी - कभी प्रतिकूल हो जाता है। 2013 में इस क्षेत्र में बाढ़ आने की बजह से यह क्षेत्र प्रभावित हुआ था। लेकिन मंदिर के अंदर का हिस्सा व मूर्ति सुरक्षित थीं। यह तीर्थ स्थल अपने आप में ही एक अद्भुत स्थान है। केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने मात्र से ही भक्तगणों के संकट दूर हो जाते हैं। ***(समाप्त)***

***आइये सुने भगवान बद्रीनाथ की कथा***

***बद्रीनाथ*** धाम भारत के उत्तराखण्ड राज्य के चमोली जिले में अलकनन्दा नदी के तट पर स्थित एक पवित्र हिन्दू मन्दिर है। बद्रीनाथ मन्दिर में भगवान विष्णु के एक रूप 'बद्रीनारायण' की पूजा होती है। हिन्दू धर्म के अनुसार बद्रीनाथ धाम की यात्रा के बिना बाकि सभी तीर्थ धाम अधूरे माने जाते है।

# पाकिस्तान में फैल रहा राजनीति का आंतक



सुरेश हिन्दुस्थानी

***पाकिस्तान*** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी और फिर उनकी रिहाई के बाद हालात बेकाबू हो रहे हैं। इसके बाद भी उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत ने उनको प्रकरण में बरी नहीं किया है, केवल जिस स्थान से गिरफ्तार किया, वह तरीका गलत बताया है। इस दौरान पाकिस्तान में जो चला या चल रहा है, उसे किसी भी प्रकार से पाकिस्तान के लिए हितकारी नहीं माना जा सकता। तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने एक प्रकार से पाकिस्तान को राजनीतिक आतंक की आग में झोंकने का काम किया है। पिछले कई वर्षों से बेहद दयनीय स्थिति का सामना कर रहे पाकिस्तान में इस प्रकार के हालात उत्पन्न करना अपने स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही कहा जायेगा। इसी कारण पाकिस्तान की स्थिति दिनों दिन और ज्यादा विकराल होती जा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार के विरोध में खतरनाक ढंग से प्रदर्शन करना कहीं न कहीं पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी निरूपित होता जा रहा है। इससे पाकिस्तान की स्थिति और ज्यादा खराब ही होती जायेगी। पाकिस्तान की विसंगति यही है कि वहां आतंकवाद को खुले तौर पर आश्रय दिया जाता है। आतंकी आकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाली सरकार न चाहते हुए भी उनके इशारे पर कार्य करने के लिए विवश रहती है। इतना ही नहीं पाकिस्तान की सेना भी दूसरे देश के लिए आतंकियों जैसा ही व्यवहार करती है। आज पाकिस्तान की स्थिति को देखते हुए यह सहज ही कहा जा सकता है कि आतंक केवल आतंकवादी ही नहीं फैलाते, बल्कि हर स्तर पर आतंक का सहारा लिया जाता है। अभी जिस प्रकार से राजनीतिक प्रदर्शन किया गया, वह प्रदर्शन कम, आतंक फैलाने वाला ज्यादा दिखाई दे रहा है। हालांकि पाकिस्तान के लिए किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले चले हैं। जब कोई नई सरकार बनती है कि पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया को राजनीतिक विद्वेष का शिकार होना पड़ा है। वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ भी इसके शिकार हो चुके हैं। स्पष्ट शब्दों में कहा जाय तो यही कहना तर्कसंगत होगा कि पूरा पाकिस्तान राजनीतिक विद्वेष की अवधारणा को लेकर ही राजनीति कर रहा है। जहां तक पाकिस्तान की सेना की बात है तो यह सर्वविदित है कि सेना के संरक्षण में ही पाकिस्तान की सरकार बनती है, जैसे ही सरकार सेना के विरोध में आती है, तब पाकिस्तान की सरकार का या तो तख्तापलट हो जाता है या फिर सेना किसी दूसरे दलों को समर्थन देकर नई सरकार बनवा देती है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में जब इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सत्ता में आई थी, तब इमरान खान की पार्टी को कुछ दलों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला था, इस समय सेना का पूरा समर्थन इमरान को प्राप्त था। आज से एक साल पूर्व पाकिस्तान की इमरान खान सरकार को सत्ता से बेदखल कर शहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। इमरान खान के समर्थन में इस

**आज पाकिस्तान की स्थिति को देखते हुए यह सहज ही कहा जा सकता है कि आतंक केवल आतंकवादी ही नहीं फैलाते, बल्कि हर स्तर पर आतंक का सहारा लिया जाता है।**


देश-विदेश

बार का प्रदर्शन खतरनाक स्थिति में है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि आगजनी की घटनाओं के बाद पूरे पाकिस्तान में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहां सरकारी वाहनों पर खतरनाक ढंग से पत्थरबाजी की जा रही है। जिससे जहां एक ओर आठ से ज्यादा नागरिक और कार्यकर्ता मारे गये हैं, वहीं कई घायल भी हुए हैं। इन घटनाओं से इस बात के साफ संकेत मिल रहे हैं कि पाकिस्तान बहुत बड़े गृह युद्ध की ओर कदम बढ़ा रहा है।

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से



# गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में विश्व को राह दिखाता भारत



प्रहलाद सबनानी

***भारत*** में विशेष रूप से कोरोना महामारी के बीच एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाये गये विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में गरीबी के अनुमान पर एक वर्किंग पेपर जारी किया है। जिसमें अलग-अलग मान्यताओं के आधार पर भारत में गरीबी को लेकर अनुमान व्यक्त किये गये हैं। इस वर्किंग पेपर के अनुसार, हाल ही में भारत में 1.2 करोड़ नागरिक अति गरीबी रेखा के ऊपर आ गये हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किये गये एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। वर्ष 2016 में भारत में अति गरीब वर्ग की आबादी 12.4 करोड़ थी जो वर्ष 2022 में घटकर 1.5 करोड़ रह गई है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अति गरीबी का आकलन 1.9 अमेरिकी डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन आय के आधार पर किया जाता है। इस परिभाषा के अनुसार किये गये आकलन के अनुसार अब भारत में केवल 0.9 प्रतिशत नागरिक ही इस गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक भारत में करोड़ों नागरिक अति गरीबी में जीते थे। वैश्विक स्तर पर एक दूसरी परिभाषा के अनुसार भी गरीबी का आकलन किया जाता है। इसके अनुसार जिस नागरिक की प्रतिदिन आय 3.2 अमेरिकी डॉलर से कम है, वह व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन करने वाला नागरिक माना जाता है। इसी प्रकार, संयुक्त राष्ट्र (यूएनडीपी) द्वारा जारी किये गये एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार भी पिछले 15 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी आधे से ज्यादा घटी है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत ने कई देशों को पीछे छोड़ा है। भारत सरकार ने गरीब वर्ग के नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में सफल नेतृत्व प्रदान किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन स्तर जैसे मानकों के आधार पर भारत ने अच्छा काम किया है एवं भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में लागू की गई विभिन्न योजनाओं का अच्छा असर हुआ है। भारत ने गरीबी के खिलाफ जंग में एक मिसाल पेश की है। भारत की इस सफलता पर यूएनडीपी ने भारत सरकार की जबरदस्त सराहना की है। भारत में अति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक है। इतने कम समय में किसी भी देश में इतनी तादाद में लोग अपनी आर्थिक स्थिति सुधार पाये हैं ऐसा कहीं

**कुछ वर्ष पूर्व तक भारत में करोड़ों नागरिक अति गरीबी में जीते थे। वैश्विक स्तर पर एक दूसरी परिभाषा के अनुसार भी गरीबी का आकलन किया जाता है।**

देश-दुनिया

नहीं हुआ है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2022 प्रतिवेदन के अनुसार ग्लोबल मल्टी डाईमेंशनल पावर्टी इंडेक्स को जारी करने के पूर्व, पूरे विश्व के 111 देशों के परिवारों में सर्वे किये गये। कुल मिलाकर पूरे विश्व के 610 करोड़ नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया एवं यह पाया गया कि पूरे विश्व में 120 करोड़ नागरिक अभी भी अति गरीबी से जूझ रहे हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# सामाजिक संस्कृति व विरासत की समझ



रतलाम के नजदीक जावरा तहसील में अभी रात्रि का अंतिम पहर चल रहा था। सुबह के करीब चार बजे होंगे। घर के बाहर कोलाहल सुनाई दिया। घर की महिलाएं दौड़ दौड़ कर किसी के पैर छू रही थी। सर्दी के मौसम में कोन आया है। बाहर निकल कर देखा तो एक बुजुर्ग व्यक्ति ऊंची आवाज में टेर लगा रहा था। उसके पीछे पीछे एक महिला भी गा रही थी।

बुजुर्ग व्यक्ति ने गीला कंबल ओढ़ रखा है। उससे पानी झर रहा है। उसके कंधे पर लाल कपड़े में कावड़ हैं और दूसरे हाथ से झिंझा बजा रहा है। उस महिला के एक हाथ में खाली लौटा, कलाई पर एक लुगड़ी और कंधे पर झोला टंगा है। वो बीच बीच में झिंझा भी बजाती है।

घर में बड़े बूढ़ों से सुना था कि पहले कावड़िया भाट आते थे। कंबल को पानी से भिगोकर सर्दी के मौसम में फेरी लगाते थे। गर्मी के समय में कांवड़ लेकर फिरते है। उनके पास गजब की बरकत रहती है। वह घर में खुशियां लेकर आते हैं। आज उन अजीब लोगों को देख भी लिया था।

गांव के लोग कह रहे थे कि छबीला बाबा और गोमती अम्मा एक दशक बाद आए हैं। यह लोग कावड़िया भाट घुमंतू समुदाय से संबंधित है। जो काठ से बने इस चलते फिरते मंदिर को लेकर घर घर अलख जगाते कार्तिक माह से लेकर अगले चार महीने पैदल गांव गांव घूमते हुए कथा, कहानी, गीत और किस्से सुनाते रहते हैं।

ये कावड़ एक चलता फिरता मंदिर हैं। इसके बहुत से कपाट हैं। जिन्हें बड़ी ही सावधानी और सूझबूझ के साथ खोलना पड़ता है। हर कपाट पर कुछ चित्र मांढे हुए हैं। जिनके बारे में गीतों के जरिए उनकी कथा सुनाने का काम करना पड़ता है। बगैर बांचे कावड़ बंद नहीं हो सकती।

इस कावड़ में श्रवण कुमार की कथा से लेकर, राजा हरीश चंद्र का किस्सा, मोरद्वाज की कथा, रानी मैनावती का किस्सा। रामायण महाभारत का कोई प्रसंग जैसे तमाम लोक गाथाएं इसमें उकेरी हुई रहती हैं। भूगोल के हिसाब से इसकी घटनाएं, गाथाएं और चरित्र बदल जाते हैं। ये लोग राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक अपनी यात्रा करते हैं।

कभी हमारी सामूहिक स्मृतियों का अटूट हिस्सा रहा यह समुदाय आज लुप्त होने की कगार पर खड़ा है। वह लोग बहुत थोड़े से संसाधनों में अपने जीवन को खुशी खुशी जीते हैं। यह समुदाय आज का नहीं है। बल्कि उस समय से हैं जब हमारे पास उपासना के कोई स्थाई केंद्र नहीं थे। हमारे ज्ञान, स्मृतियों और विश्वास का आधार यही लोग थे।

कावड़िया भाट समुदाय में एकमात्र छबीला बाबा और गोमती अम्मा शेष बचे हैं। जिनको कावड़िया भाट की परंपरा की संपूर्ण जानकारी है। जिनके पास सैकड़ों की संख्या में किस्से कहानियां और गाथाएं मौखिक याद है। जो रात भर इन्हीं किस्सों कहानियों के जरिए हमारी स्मृतियों को जिंदा करते हैं। हमें सुखद एहसास से भरते हैं।

कावड़िया भाट न जाने कितने हजार सालों से चले आ रहे हैं। हमारी धरोहर तो यह समुदाय है। मंदिर का स्थाई रूप तो बहुत बाद में आया है। वह भी कुछ गिने-चुने समाजों के लिए। दलितों को तो आज तक मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। आदिवासी और घुमंतू समुदायों ने अपने उपासना के तरीके और स्थान अपने भूगोल, जरूरत और उपयोग के अनुरूप चुने हैं।

छबीला बाबा और गोमती अम्मा के पास न बुढ़ापा पेंशन है। न कोई जमीन का पट्टा। राजस्थान सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी से लेकर मध्य प्रदेश के अधिकारियों तक घूम लिए न बुढ़ापा पेंशन बनी न कोई राशन की सहायता। मध्य प्रदेश सरकार का कहना है कि राजस्थान करेगा और राजस्थान का कहना है की जमीन का पट्टा लाओ तो कुछ होगा।

आखिर हमारे जेहन में हेरिटेज का मतलब क्या है? क्या अयोध्या में राम मंदिर बनाकर और नई गौशालाएं खोलकर हम अपने हेरिटेज को बचा सकेंगे? सब जगह पर्यटन पर्यटन करके हम क्या हासिल करेंगे? क्या बगैर इस सांस्कृतिक धरोहर को सहेजे, हमारा पर्यटन अगले पांच वर्ष भी चल सकेगा?

जिनको कला की एबीसीडी नहीं पता वे कला संरक्षण में लग गए। जिसने जीवन में कभी घर का व्यंजन नहीं देखा वह घुमंतू समुदायों और आदिवासियों के खानपान को बचाने में लग गया। जिसको सुर का पता है ना ताल का ज्ञान है, वह संगीत का पुरोधा बन गया। कॉलेज और यूनिवर्सिटी में कट पेस्ट करके पेपर छापने वाले लोग भारतीय ज्ञान परंपरा और लोक संस्कृति के ज्ञाता बन गए।

हमारे जेहन से विचार आने बंद हो गए। हमारा दिमाग पहले से ही कूड़े के ढेर से भर चुका है। इस पूरे विमर्श से मौलिकता एकदम गायब है। छबीला बाबा और गोमती अम्मा अपनी मौलिकता को जीते हैं। उनको अपना सामान्य जीवन जीने के लिए किसी सरकारी कार्यक्रम, सहयोग या संरक्षण की आवश्यकता नहीं है। सभ्यताओं को बनने में न जाने कितनी पीढ़ियां खप जाती हैं। कितने ही मौसम बीत जाते हैं। कितना ही चिंतन मनन और संवाद होता है। तब जाकर हम एक स्वरूप को देख पाते हैं। इस स्वरूप का आज हमारे लिए कोई मूल्य ही नहीं बचा है। वे लोग हजारों वर्षों से हमारे जीवन को प्रकाशित करते रहे हैं और आज भी वही रोशनी दिखा रहे हैं।

छबीला बाबा और गोमती अम्मा के जाने से बकाया समुदाय बहुत कुछ खोएगा। उनका जीवन अनुभव, समझ और मौलिक ज्ञान दुर्लभ है। वो किसी सरकारी कार्यक्रम, योजना या कॉन्फ्रेंस से हासिल नहीं होगी। और नहीं कोई नया भवन खड़ा कर देने से लौट आएगी।

❖ अश्वनी शर्मा

# तुलसी की पत्तियों से त्वचा बनेगी ग्लोइंग और हेल्दी

हिन्दू धर्म में तुलसी सिर्फ एक पौधा नहीं बल्कि आस्था का प्रतीक है, तुलसी गुणों का भण्डार है इसमें एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। आयुर्वेद में बहुत से रोगों के उपचार में तुलसी का प्रयोग लाभकारी बताया गया है। तुलसी शरीर की बीमारियों को दूर करने के साथ ही त्वचा की चमक बढ़ाने और दाग-धब्बे दूर करने में भी सहायक है। तुलसी का महत्व जितना धार्मिक रूप से है उतना ही रोगों के निदान के लिए भी तुलसी उपयोगी है। छोटी-मोटी संक्रामक बीमारियों के लिए तुलसी किसी वरदान से कम नहीं है। स्किन इन्फेक्शन में भी तुलसी बहुत असरदार हैं, यह त्वचा की बहुत सी परेशानियां जैसे, मुहांसो के दाग, डेड स्किन और स्किन ग्लो बढ़ाने में सहायक है।

## ग्लोइंग स्किन के लिए तुलसी

स्किन को चमकदार बनाने के लिए आप तुलसी का पेस्ट प्रयोग कर सकते हैं, इसको बनाने के लिए आप तुलसी की कुछ ताजा पत्तियों को पीसकर इनका पेस्ट बनायें। पेस्ट में पिसा हुआ ओट्स मिक्स करें, अब इसमें आधा टी स्पून शहद और एक चुटकी हल्दी पाउडर मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और मसाज करें कुछ देर मसाज करने के बाद 15 मिनट के लिए लगा रहने दें, 15 मिनट के बाद फेसवॉश करें। सप्ताह में दो से तीन बार इसका प्रयोग ग्लोइंग और हेल्दी स्किन बनाएं रखने में फायदेमंद है।



## पिंपल्स और एक्ने के लिए तुलसी

मुंहासे और एक्ने की समस्या के लिए आप कुछ तुलसी की पत्तियां और चार से पांच नीम की ताजा पत्तियां लें और उनको पीसकर पेस्ट बना लें। पेस्ट में आधा चम्मच शहद मिक्स करें, इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें, 15 मिनट तक लगा रहने दें, 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। इस पैक के नियमित प्रयोग से एक्ने और मुहांसो की समस्या कुछ दिनों में खत्म हो जाएगी।

## स्किन केयर में तुलसी के फायदे

- तुलसी त्वचा को साधारण एलर्जी से छुटकारा दिलाने में सहायक है।
- तुलसी के प्रयोग से डैमेज स्किन हील होती है।
- तुलसी अच्छा स्किन क्लींजर है।
- तुलसी कील-मुहांसो से छुटकारा दिलाने में सहायक है।

## हेल्दी स्किन के लिए तुलसी टोनर

बेजान और डेड स्किन की परेशानी से छुटकारा पाने के लिए तुलसी टोनर बहुत फायदेमंद है। तुलसी टोनर बनाने के लिए आप तुलसी की ताजा पत्तियां धोकर साफ कर लें अब इनको साफ पानी में डालकर उबालें, दस मिनट तक उबालने के बाद तुलसी के पानी को ठंडा करें, ठंडा होने के बाद इसको छानकर किसी स्प्रे बॉटल में स्टोर कर लें। इसका इस्तेमाल फेसवॉश करने के बाद करें, तुलसी टोनर के नियमित इस्तेमाल से आप का स्किन ग्लो बढ़ेगा और डेड स्किन की समस्या दूर होगी।

## स्किन क्लींजर तुलसी पैक

स्किन पोर्स में जमा गंदगी को साफ करने के लिए तुलसी की पत्तियों को गुलाबजल मिक्स करके पीस लें, अब इसमें आधा चम्मच चन्दन पाउडर, आधा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर और एक चम्मच गुलाब जल को मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें 15 मिनट तक लगा रहने दें। 15 मिनट बाद चेहरे को साफ कर लें, यह पेस्ट आपकी स्किन पोर्स को क्लीन करके ओपन पोर्स की प्रॉब्लम को दूर करता है।

# दिखावा करना सीखो



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

छीः -छीः तुमसे यह उम्मीद नहीं थी। क्या तुम दस किलोमीटर दूर ठहरे अपने दोस्त से मिलने चले गए? बड़े कमाल के आदमी हो। बड़े फुर्सतिया हो। तुम कुछ भी हो सकते हो लेकिन शहरी कतई नहीं। शहरी बनने के लिए शहरी मानसिकता भी चाहिए होती है। जो कि तुम्हारे पास बिल्कुल नहीं है। मुझे शर्म आती है तुम्हें मेरा मित्र कहते हुए। कह-कहकर थक गया कि शहरी बनो शहरी। और तुम हो कि वह छोड़कर सब बनने को तैयार हो।ह्य कलाई पर हेल्थ गजट लगाए पैरों में दस हजारी जॉगिंग जूता पहने मोटी सी तोंद को महंगे टी-शर्ट के लबादे सुपुर्द कर चुके हमारे मित्र ने अल्प अचरज हीन दृष्टि से मुझे लताड़ते हुए कहा। मैंने महाभारत युद्ध के पहले दिन अर्जुन की मुद्रा धारण किए अपने मित्र से शहरी होने का ज्ञान सीखने की इच्छा जताई। यह सुन वे टूट पड़े - शहर में जीने का मतलब झूठ बोलना आना चाहिए। बिना सच के शहर हो सकते हैं बिना झूठ के कतई नहीं। अगर कोई जाना-पहचाना शहर आए और कहे कि मैं फलाँ जगह ठहरा हूँ क्या हम मिल सकते हैं तो इसका जवाब फट से मुँह उठाकर नहीं दे देना चाहिए कि मैं निरा फुर्सत में हूँ। और तुम्हारी राह ही जोह रहा हूँ। तुम कितने भी फुर्सत में रहो, लेकिन कोई मिलने आए तो तुम्हारी फुर्सत फुर्र हो जानी चाहिए। नहीं तो सामने वाला समझेगा कि इसके पास कोई काम-धाम है ही नहीं। लगता है बड़ी फुर्सत में रहता है। उसके सामने ऐसे भाव दो कि तुम्हारे बिना शहर चल नहीं सकता। या यूँ कहो कि तुम्हारे जैसों की वजह से ही शहर सांस ले पा रहा है। । क्योंकि बच्चू! यह शहर है, धर्मशाला नहीं कि मुँह उठाया और चल दिए। शहर में लोग बेमतलब बगल वाले से ठीक मुँह बात नहीं करते और तुम हो कि दोस्त से मिलने चले गए। तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से ही शहर की हवा खराब हो चली है। यहाँ बसने वाले में एक गुण हमेशा रहना चाहिए। अपने काम निकलवाने तक सबको अपना बाप बनाते चलो। काम खत्म दुकान बंद। मतलब अपना काम हो जाने के बाद तुम कौन हम कौन जैसी रणनीति अपनानी चाहिए।

जिस शहर में जितना कचरा होता है वह उतना डेवलप्ड होता है। यहां कचरा उठाने वाला भी व्यस्त होता है। उसके पास खुद का कचरा उठाने का टाइम नहीं होता। तुम तो कचरे वाले से भी गए गुजरे हो। यहाँ अंग्रेजी समाचार पत्र पकड़े रहना स्टेटस और फोन पर कान धरे रहना हाईफाई होने की निशानी है। जेब में फुटकर पैसे रखना फुटकर होने की निशानी है। पाँच रुपए की चाय भी पियो तो गूगल पे या फोन पे करना आना चाहिए। यह शहर है। यहां हर कोई अपना असली चेहरा घर छोड़कर बाहर निकलता है। कई चेहरे वाले शहर के असली चेहरे होते हैं। स्वार्थ की नींव पर खड़े शहर में मनुष्य बनने का प्रयास करने वाला सबसे खतरनाक होता है। ऐसे लोग शहर के लिए किसी नासूर से कम नहीं होते। शहर जीते-जागते लोगों का श्मशान होता है। हर कोई अपार्टमेंट के कब्र में पड़ा है गुमसुम। कोई किसी से बात नहीं करता। यहाँ सांस लेने को जिंदगी नहीं कहते। जिंदगी रुपए-पैसों को कहते हैं। यहां काम निकल वाने, अपनों को पराया और परायों का अपना कहने वाले और सबसे जरूरी रंगा सियार बनकर दूसरों को बेवकूफ बनाने की कला आनी चाहिए।'

मित्र की बातें सुन मैंने बॉडी के हार्डवेयर में शहर का सॉफ्टवेयर फिट कर लिया है। अब मैं भी अपडेटेड वर्जन कहलाने लगा हूँ।

## सूडोकु नवताल- 6698

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6697 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## दैनिक पंचांग

13 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.32 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 07.30 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.43 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.59 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 14.11 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 16.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.37 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 20.53 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 22.58 बजे से |
| | | कुंभ | 00.44 बजे से |
| | | मीन | 02.17 बजे से |
| | | मेष | 03.48 बजे से |


राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2023 वर्ष का 133 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 06.51 बजे तदनन्तर नवमी 04.43 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 11.35 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 09.22 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 06.51 बजे, तैतिल 17.46 बजे तदनन्तर गर 04.43 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 16' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871612 **जूलियन दिन** 2460077.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सव्वाल **तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7760



**बाएँ से दाएँ**

1. सुगंध, खुशबू-3
3. व्यवस्था-2,2
5. आम लोग-2
6. चिंतन, सोच विचार-3
7. पराया-2
8. विनाश, विध्वंस-2
10. अपने ही घर में बंधक-5
12. वलय, घेरा-3
15. आंचल, पल्लू-3
17. सेंधमार-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. एक सवारी गाड़ी-2
23. पीहर, पिता का घर-3
24. नवीन, नया, नवजात-2
25. लात मारना-4
26. जोंक, न भरने वाला जख्म-3

**ऊपर से नीचे**

1. जी, चित्त, इच्छा-2
2. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3. तार कसना-3
4. जोकर, विदुषक-4
5. दुनिया, जगत-3
7. पंख-2
9. सदैव, हरदम-2
11. जन्म, पैदा होना-3
13. जुड़वा-3
14. आश्चर्य में पड़ना-5
15. जंगल की आग-4
16. टोंटी, नलका-2
18. वश, अधीन-2
19. परिणाम, हल-3
21. अर्जित करना-3
24. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -7759 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यक्षेत्र में बाधाएं आएंगी, लेकिन अपने प्रयासों और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में प्रगति होगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक दृष्टि से स्थिति मजबूत होगी, लेकिन पारिवारिक समस्याएं आएंगी। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कारोबार विस्तार की योजनाएं बना रहे हैं।

**सिंह राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है।

**कन्या राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधे में लाभ और नौकरी में आय में वृद्धि के योग रहेंगे, लेकिन नए कार्यों में शीघ्रता से बचें।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में स्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। नौकरी-व्यवस्था में उन्नति या वेतन वृद्धि का मामला टल सकता है।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्यभार की अधिकता से परिश्रम अधिक करना पड़ेगा और भागदौड़ भी रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे।

**मीन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी और कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। कामकाज को लेकर छोटा प्रवास हो सकता है।

# सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ना मेरे लिए भावुक क्षण होगा : कोहली



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली, जो सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ तीन कदम दूर हैं, ने स्वीकार किया है कि मास्टर ब्लास्टर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ना उनके लिए एक भावनात्मक क्षण होगा। एक समय शायद ही कोई होगा जिसने सोचा होगा कि कोई तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के लैंडमार्क को पार करने के करीब पहुंच जाएगा। लेकिन, यहां 34 वर्षीय कोहली के अब 274 एकदिवसीय मैचों में 46 शतक हो गए हैं और उन्हें अपने बचपन के आदर्श खिलाड़ी से आगे निकलने के लिए चार और शतक की आवश्यकता होगी। विश्व कप वर्ष में टीम इंडिया जितने वनडे खेलने जा रही है, उससे यह उपलब्धि काफी हद तक हासिल की जा सकती है और कोहली अभी जिस फॉर्म में हैं, यह बस कुछ ही समय की बात है। जब कोहली से उस मुकाम तक पहुंचने के बारे में उनके विचार के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने तुरंत कहा, यह मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण होगा। कोहली ने प्यूमा की छह-भाग वाली डॉक्यू-श्रृंखला के दौरान अपने दिल की बात कही, जिसमें युवराज सिंह, एमसी मैरी कॉम, छेत्री, हरमनप्रीत कौर और पैरा-एथलीट अवनि लेखारा भी शामिल हैं। कोहली ने बड़े लड़कों के साथ क्रिकेट खेलने और खेलों के महत्व पर प्रकाश डालने की बचपन की यादों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ₹खेल आपको जीवन, अनुशासन और योजना के कुछ मूल्यों को सिखाता है। यह आपके पक्ष को खोलता है, आपको एक उत्पादक व्यक्ति बनाता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस पेशे में हैं, खेल खेलने का मूल्य बहुत अधिक है। कोहली ने कहा कि वह उस घटना को याद करते हैं जब उनके स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने उन्हें क्रिकेट खेलने की सलाह दी थी, जिससे उन पर पढ़ाई का दबाव कम हो गया था। उन्होंने कहा, ₹छात्रों को केवल खेल खेलने के लिए मत बनाओ, उन्हें सिखाओ। उन्हें छोटे-छोटे विवरण सिखाना महत्वपूर्ण है कि खेल खेलने का क्या मतलब है।

## भारत अपने अभियान की शुरूआत चीनी ताइपे के खिलाफ करेगा

**सुझोउ (चीन)।** मजबूत मलेशिया, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया के साथ एक कठिन ग्रुप सी में रखा गया भारत बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स 2023 में अपने अभियान की शुरूआत 14 मई को चीनी ताइपे के खिलाफ करेगा। भारत ने कभी भी इस आयोजन के सेमीफाइनल में जगह नहीं बनाई, लेकिन एक मजबूत टीम के साथ जिसमें पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत जैसे मजबूत एकल खिलाड़ी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद जैसी शीर्ष युगल जोड़ी शामिल हैं। उनका अगला मुकाबला मिश्रित टीम बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रारंभिक ग्रुप चरण में मलेशिया के खिलाफ होगा, जिसका 18वां संस्करण 14 से 21 मई तक सुझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा। राउंड-रॉबिन प्रारंभिक ग्रुप चरण में उनका अंतिम मुकाबला 17 मई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

## फुटबॉल एशिया कप : भारत 13 जनवरी 2024 अपने अभियान की शुरूआत करेगा

**एजेंसी। दोहा**

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशिया कप कतर 2023 में अपने अभियान की शुरूआत 13 जनवरी को अहमद बिन अली स्टेडियम में ग्रुप बी में पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। एशिया की शीर्ष 24 टीमों ने गुरुवार को एएफसी एशियन कप कतर 2023 के लिए दोहा में कटारा ओपेरा हाउस में अपने ग्रुप स्टेज ड्रा का पता लगाया और 12 जनवरी से 10 फरवरी, 2024 के बीच कॉन्टिनेंटल शोपीस में लड़ाई करेंगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा ग्रुप बी की अन्य टीमें उज्बेकिस्तान और सीरिया हैं। एशिया कप में अपने अन्य ग्रुप बी मैचों में भारत 18 जनवरी को उज्बेकिस्तान और 23 जनवरी को सीरिया से भिड़ेगा। एएफसी एशिया कप कतर 2023 के लिए एएफसी और एलओसी ने पिछले महीने पुष्टि की थी कि उत्सुकता से प्रतीक्षित टूर्नामेंट आठ स्टेडियमों में आयोजित किया जाएगा। इनमें से छह फीफा विश्व कप कतर 2022 के लिए स्थान थे, जो विश्व कप स्थलों पर खेले जाने वाले



पहले एएफसी एशिया कप के लिए मंच तैयार कर रहे थे। रिकॉर्ड तीसरी बार मेजबान, गत चैंपियन कतर को 12 जनवरी, 2024 को लेबनान का सामना करके एशिया की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मिलेगी। 68,895-क्षमता वाला अल बायत स्टेडियम दो पश्चिम एशियाई टीमों के बीच उद्घाटन का गवाह बनेगा, जो पहले एएफसी एशियन कप इतिहास में केवल एक बार भिड़े थे। टूर्नामेंट के इतिहास में यह कतर का 40वां मैच होगा, जबकि लेबनान पहली बार किसी एएफसी एशिया कप के शुरूआती मैच में खेलेगा। एएफसी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि एएफसी एशिया कप इतिहास में केवल तीसरी बार मिलने पर अपने संबंधित पॉट्स में शीर्ष फीफा रैंक की टीम, जापान (पॉट 1) और 2007 के विजेता इराक (पॉट 2) एक रोमांचक मुकाबले के लिए तैयार हैं।

# मुंबई ने गुजरात को दिया 219 रनों का टारगेट



**एजेंसी। मुंबई**

सूर्या के पहले शतक के दम पर मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (क्र्कछ) के 57वें मुकाबले में गुजरात टाइंटस को जीत के लिए 219 रन का टारगेट दिया। जवाब में गुजरात ने 11 ओवर में पांच विकेट पर 90 रन बना लिए हैं। डेविड मिलर और राहुल तेवतिया क्रीज पर हैं। अभिनव मनोहर 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कुमार कार्तिकेय ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले, पीयूष चावला ने विजय शंकर (29 रन) को बोल्ड किया। शुभमन गिल 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर आकाश मधवाल ने बोल्ड कर दिया। यह आकाश का दूसरा विकेट है। उन्होंने ऋद्धिमान साहा (2 रन) का भी विकेट लिया। कप्तान हार्दिक पंड्या 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जेसन बेहरनडॉर्फ ने ईशान किशन के हाथों कैच कराया। पहलाः दूसरे ओवर की 5वीं बॉल पर इम्पैक्ट प्लेयर आकाश माधवाल ने ऋद्धिमान साहा को छइह कर दिया। दूसरा : तीसरे ओवर की तीसरी बॉल पर बेहरनडॉर्फ ने कप्तान हार्दिक पंड्या को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया ।तीसरा : चौथे ओवर की पांचवीं बॉल पर आकाश मधवाल ने शुभमन गिल को बोल्ड कर दिया। चौथाः 7वें ओवर की पहली बॉल पर पीयूष चावला ने विजय शंकर को बोल्ड कर दिया। पांचवांः 8वें ओवर की पहली बॉल पर कुमार कार्तिकेय ने अभिनव मनोहर को बोल्ड कर दिया। 219 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरूआत खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में ऋद्धिमान साहा का विकेट गंवा दिया। तीसरे ओवर में कप्तान हार्दिक पंड्या भी कैच आउट हो गए। चौथे ओवर में ओपनर शुभमन गिल को आकाश मधवाल ने बोल्ड कर दिया। टीम 6 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 48 रन ही बना सकी। मुंबई से सूर्यकुमार यादव 49 गेंद पर 103 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

## बहुत सारी डॉट बॉल खेलने की जिम्मेदारी लेता हूं: वेंकटेश अय्यर

**कोलकाता।** ईडन गार्डन्स पर राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हारने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के बाएं हाथ के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने कहा कि वह बीच के ओवरों में अपनी टीम की धीमी बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेंगे। दो गति वाली पिच पर, वेंकटेश संघर्ष कर रहे थे और एक समय 20 गेंदों पर 11 रन बना पाए थे। हालांकि उन्होंने रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के खिलाफ बॉउंड्री लगाते हुए 42 गेंदों में सर्वाधिक 57 रन बनाये लेकिन यह कोलकाता की प्ले-ऑफ की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए उसे हार से नहीं बचा सका। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं बहुत सी डॉट गेंदें खेलने की जिम्मेदारी लेता हूं। मुझे और अधिक स्ट्राइक रोटेट करना चाहिए था, और मुझे लगता है कि उस छोटे चरण में राजस्थान का दबदबा था, लेकिन हमने मैच में अच्छी वापसी की। हालांकि, दिन के अंत में,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वेंकटेश ने यह भी कहा कि राजस्थान के तेज-तर्रार क्षेत्ररक्षण ने भी कोलकाता की बल्लेबाजी की धीमी गति में एक भूमिका निभाई।

# खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने को दौडे जिलाधिकारी व एसएसपी



**एजेंसी। झांसी**

खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 के लिए शुक्रवार की सुबह मशाल रैली का आयोजन किया गया। मशाल रैली को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शुरू कराया। उन्होंने युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए सभी खेलों में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने का आह्वान किया। मशाल रैली का शुभारंभ वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के ऐतिहासिक दुर्ग के दरवाजे किया गया। जिलाधिकारी ने स्वयं मशाल थामी और दौड़ पड़े। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस. एवं मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद ने दौड़ लगाई। रैली को हरी झंडी दिखाकर भव्य स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करते हुए खेलों से होने वाले उनके समग्र शारीरिक विकास के महत्व को समझाया। इस कार्यक्रम में महानगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, खेलप्रेमियों एवं अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया भी किया।

## 2023-24 सत्र से अब 40 मैचों का होगा बीबीएल



**एजेंसी। मेलबोर्न**

ब्रॉडकास्टर्स से हुए अनुबंध के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बिग बैश लीग को छोटा करने का निर्णय किया है। अब बीबीएल में 56 मुकाबलों के बजाय कुल 40 मुकाबले खेले जाएंगे। इससे हर टीम अब सिर्फ.10 मैच खेलेगी। बीबीएल में यह नया प्रावधान इसी गर्मियों से जोड़ा जाएगा। लीग मैचों के अलावा फाइनल सीरीज को भी छोटा किया जाएगा। पांच के बजाय अब चार टीम ही फाइनल सीरीज में प्रवेश करेंगी। हालांकि इसकी रूपरेखा अभी तक तय नहीं की गई है। फिलहाल बीबीएल की तारीखों का ऐलान होना बाकी है लेकिन टूर्नामेंट के छोटा होने से अब यह क्रिसमस की स्कूल की छुट्टियों की अवधि में खेला जा सकेगा। इससे अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों के ज्यादातर मुकाबलों में हिस्सा लेने की संभावना भी बढ़ जाएगी।

# फुटबॉल महासंघ ने पीके बनर्जी के जन्मदिन को एआईएफएफ ग्रासरूट दिवस के रूप में घोषित किया

एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ 23 जून को महान खिलाड़ी प्रदीप कुमार बनर्जी का जन्मदिन मनाएगा, जो 1960 के रोम ओलंपिक में भारत के कप्तान थे और खेल को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 'पीके' के नाम से लोकप्रिय थे। एआईएफएफ ग्रासरूट डे रणनीतिक रोडमैप 'विजन 2047' के अनुरूप है, जो देश में जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ाने का प्रयास करता है। फेडरेशन ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2026 तक 35 मिलियन बच्चों और 2047 तक 100 मिलियन तक फुटबॉल से जुड़ने का लक्ष्य है। पीके के जन्मदिन को चुनने का कारण बताते हुए, एआईएफएफ के



महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा कि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि पीके एक अनुकरणीय फुटबॉलर थे, जिन्होंने 1962 के एशियाई खेलों में भारत की ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डॉ प्रभाकरन ने कहा, ₹हालांकि, हम अक्सर भूल जाते हैं कि प्रदीप दा एक उत्कृष्ट शिक्षक भी थे। एक बार जब उन्होंने अपने जूते लटकाए, तो उन्होंने कोचिंग की और अगले 30 वर्षों के लिए, कई खिलाड़ियों का निर्माण किया, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जबकि उनकी एक राष्ट्रीय और एक क्लब कोच के रूप में भूमिका बहुत चर्चा में है। भारतीय फुटबॉल बिरादरी जमीनी स्तर पर पीके दा के योगदान को नहीं भूल सकती। टाटा फुटबॉल अकादमी में उनका नेतृत्व, जूनियर नेशनल के साथ उभरती प्रतिभाओं को प्रेरित करने और उन्हें ठीक करने की उनकी क्षमता अनुकरणीय है। 1969 में, जब फीफा ने अपना पहला कोचिंग कोर्स जर्मन कोच डेटमार क्रैमर के तहत जापान में चलाया, जिसे अंतरराष्ट्रीय सर्ट में 'फुटबॉल प्रोफेसर' के रूप में जाना जाता है, तो पीके ने खुद को कोर्स में नामांकित किया और प्रथम श्रेणी की डिग्री के साथ घर लौटे।

# दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न मामले में कुश्ती संघ प्रमुख का बयान रिकॉर्ड किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपी भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह का बयान दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि पुलिस ने उनसे कुछ दस्तावेज भी मांगे हैं और अगर जरूरत पड़ी तो और भी बयान लिए जाएंगे। सूत्र बताते हैं कि सिंह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का खंडन किया है। पुलिस ने मामले में एक अन्य आरोपी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के सहायक सचिव विनोद तोमर का भी बयान लिया है। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में उनका नाम है। साथ ही दिल्ली पुलिस ने मामले की गहराई से जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसआईटी में एक महिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सहित 10 अधिकारी हैं। अधिकारी ने कहा, महिला पहलवानों द्वारा दायर शिकायतों के आधार पर विभिन्न राज्यों से जानकारी एकत्र करने के लिए टीम का गठन किया गया है। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतने वाले बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, और विनेश फोगट जैसे प्रमुख भारतीय पहलवान 23 अप्रैल से डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने भी पहलवानों को अपना समर्थन दिया है और बड़ी संख्या में वे पहलवानों के विरोध में शामिल होने के लिए हरियाणा और पंजाब से सोमवार को पहुंचे थे।

**महंगा** हम्पी, हरिका जून में 10 खिलाड़ियों वाले केन्र्स कप में अगुआई करेंगी

# 80,000 डॉलर के पुरस्कार राशि का मुकाबला होगा

**एजेंसी। सेंट लुइस (अमेरिका)**

शीर्ष भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका 10 खिलाड़ियों के जून में होने वाले केन्र्स कप में शीर्ष दावेदारों में शामिल होंगी। दस-खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट की मेजबानी 3-13 जून, 2023 से वर्ल्ड चेस हॉल ऑफ फेम में सेंट लुइस शतरंज क्लब द्वारा की जाएगी। पूर्व फिडे महिला रैपिड शतरंज चैंपियन हंपी, जिनकी वर्तमान रेटिंग 2576 है, लाइनअप में शीर्ष वरीयता प्राप्त होंगी, जबकि हरिका, 2511 की रेटिंग के साथ चौथी वरीयता प्राप्त होंगी। इस टूर्नामेंट में सबसे मजबूत महिला खिलाड़ी उतरेंगी और 180,000 डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। अब इसमें यह देखना है कि कौन सबसे





अच्छा प्रदर्शन करेंगी। सेंट लुइस शतरंज क्लब के कार्यकारी निदेशक टोनी रिच ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा, शतरंज के खेल को बढ़ावा देने के लिए सेंट लुइस शतरंज क्लब नए और अनूठे तरीके लाता रहता है। सेंट लुइस क्लब हमेशा चाहता है कि इस खेल हर खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा से आगे और अपने देश का नाम रौशन करे। केन्र्स कप देखने के लिए रोमांचक है क्योंकि यह महिलाओं के शतरंज में अब तक के सबसे मजबूत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में से एक है।

## इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2023 के पहले मैच में भारत का सामना मंगोलिया से होगा

**नई दिल्ली।** इंटरकॉन्टिनेंटल कप के पहले दिन भारत का सामना मंगोलिया से होगा, जो नौ जून से कलिंगा स्टेडियम में शुरू होगा। प्रतियोगिता में अन्य दो टीमें, लेबनान और वानुअतु भी टूर्नामेंट के उद्घाटन के दिन एक-दूसरे का सामना करेंगी। यह टूर्नामेंट कतर में 2023 एएफसी एशियन कप के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा है। इंटरकॉन्टिनेंटल कप के तुरंत बाद, भारत 21 जून से 3 जुलाई, 2023 तक बेंगलुरु में होने वाली सैफ चैंपियनशिप 2023 खेलेगा।
राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक के अनुसार भारतीय टीम अगले सप्ताह, 15 मई, 2023 से टूर्नामेंट की तैयारी के लिए भुवनेश्वर में डेरा डालेगी। यह इंटरकांटिनेंटल कप का तीसरा संस्करण होगा, जिसमें पिछले दो मुंबई (2018) और अहमदाबाद (2019) में आयोजित किए जाएंगे।



# वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 13 फीसदी बढ़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 13 फीसदी बढ़ गई है। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 3,31,278 इकाई रही है, जबकि अप्रैल, 2022 में यह 2,93,303 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 13 फीसदी बढ़ी है। उद्योग संगठन ने कहा कि इस दौरान सभी खंडों में मांग मजबूत रही। आंकड़ों के मुताबिक यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 3,31,278 इकाई रही है, जबकि अप्रैल, 2022 में यह 2,93,303 इकाई थी। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 1,37,320 वाहन डीलरों को भेजे, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,21,995 इकाई था। इसी तरह हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 49,701 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 44,001 इकाई थी। सियाम ने बताया कि दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी अप्रैल महीने में 15 फीसदी बढ़कर 13,38,588 इकाई रही है, जो एक साल पहले 11,62,582 इकाई थी। इसी तरह अप्रैल में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी बढ़कर 42,885 इकाई हो गई। थोक बिक्री का मतलब कंपनियों से डीलरों तक पहुंचने वाले यात्री वाहनों की संख्या से है। उद्योग संगठन के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में मानसून की अच्छी बारिश वाहनों की बिक्री में वृद्धि को बनाए रखने में मदद कर सकती है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अप्रैल महीने में यात्री वाहनों की बिक्री किसी भी साल अप्रैल में अब तक सबसे अधिक रही है।

# देश का औद्योगिक उत्पादन मार्च महीने में 1.1 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार को झटका देने वाली खबर है। देश का औद्योगिक उत्पादन मार्च महीने में 1.1 फीसदी बढ़ा है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसकी वृद्धि दर 2.2 फीसदी रही थी। हालांकि, फरवरी में औद्योगिक उत्पादन 5.6 फीसदी रहा था। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। एनएसओ के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) मार्च 2023 में 1.1 फीसदी बढ़ा है। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में आईआईपी में 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 11.4 फीसदी बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक बीते वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम महीने मार्च में खनन उत्पादन 6.8 फीसदी बढ़ा है जबकि बिजली उत्पादन में 1.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 0.5 फीसदी ही बढ़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक किसी अर्थव्यवस्था के औद्योगिक क्षेत्र में किसी खास अवधि में उत्पादन के स्थिति के बारे में जानकारी देता है।

## रॉयल एनफील्ड सुपर मीटियोर-650 की कीमत बढ़ी

**चेन्नई।** रॉयल एनफील्ड ने इंडियन मार्केट में फ्लैगशिप क्रूजर सुपर मीटियोर-650 बाइक की कीमत बढ़ा दी है। कंपनी ने इस बाइक को इसी साल जनवरी महीने में लॉन्च किया था। कंपनी ने इसके तीनों वैरिएंट की कीमत में लगभग 6000 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। रॉयल एनफील्ड ने केवल कीमत में बढ़ोतरी की है, लेकिन बाइक में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया है। आइए कीमत में हुई बढ़ोतरी के साथ ही बाइक की डिजाइन, ब्रेकिंग, सस्पेंशन और इसके साथ मिलने वाली एक्सेसरीज के बारे में जानते हैं। अब रॉयल एनफील्ड सुपर मीटियोर-650 के एस्ट्रल वैरिएंट की कीमत 3,54,398 रुपए हो गई है, जो 3,48,900 रुपए में लॉन्च हुआ था। जबकि, इंटरस्टेलर वैरिएंट 3,63,900 रुपए में पेश किया गया था, जो अब 3,69,622 रुपए में अवेलेबल है। वहीं, हाई-एंड सेलेस्टियल वैरिएंट अब 3,84,845 रुपए में उपलब्ध है, जो 3,78,900 रुपए में लॉन्च हुआ था। सभी कीमतें चेन्नई एक्स-शोरूम की हैं।

## नेटफ्लिक्स की भारत में हुई कमाई पर टैक्स वसूलेगी सरकार



**नई दिल्ली।** भारत सरकार नेटफ्लिक्स की स्ट्रीमिंग सर्विस से होने वाली इनकम पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। इकोनॉमिक टाइम्स ने इनकम टैक्स के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि असेसमेंट ईयर 2021-22 में नेटफ्लिक्स के इंडियन परमानेंट इस्टैब्लिशमेंट को लगभग 6.73 मिलियन डॉलर (55.28 करोड़ रुपए) की इनकम हुई है। अगर सरकार नेटफ्लिक्स पर टैक्स लगाती है तो यह पहला मौका होगा जब भारत में इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स सर्विस प्रोवाइड करने वाली फॉरेन डिजिटल कंपनी पर टैक्स लगेगा। नेटफ्लिक्स ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, भारत सरकार पिछले कुछ समय से डिजिटल टैक्स शुरू करने के बारे में चर्चा कर रही है। नेटफ्लिक्स के साथ इस टैक्स की शुरुआत होगी, जिसके बाद अन्य विदेशी डिजिटल कंपनियों की सर्विस पर भी लगने वाले चार्ज पर भी टैक्स लगाया जा सकता है। सरकार इसके जरिए डिजिटल इकोनॉमी को रेग्युलेट करना चाहती है, जिसमें यह ईश्योर करना है कि विदेशी कंपनियां यहां से होने वाली इनकम पर टैक्स का पेमेंट करें। नेटफ्लिक्स ने साल 2016 में भारत में अपनी स्ट्रीमिंग सेवा शुरू की थी।

# मारुति सुजुकी 2030 तक दो गुना करेगी प्रोडक्शन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की सबसे बड़ी कार मेकर कंपनी मारुति सुजुकी 2030 तक अपनी 4 करोड़ प्रोडक्शन कैपेसिटी को दो गुना करेगी। इसके लिए कंपनी 5.5 बिलियन डॉलर (करीब 45.18 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा इनवेस्ट करेगी। प्रोडक्शन कैपेसिटी बढ़ाकर कंपनी लोकल मार्केट में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ एक्सपोर्ट को भी बढ़ाएगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस इन्वेस्टमेंट के बाद कंपनी 2 नई फैसिलिटीज में 2.50 लाख यूनिट प्रोडक्शन कैपेसिटी के साथ 8 असेंबली लाइन शुरू करेगी। हरियाणा के खरखोदा में पहले प्रोडक्शन यूनिट का कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, कंपनी के एक एग्जीक्यूटिव ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'प्रोडक्शन यूनिट्स को शुरू करने की समय-सीमा और लागत मूल्य बढ़ सकता है। मारुति सुजुकी की वर्तमान में गुजरात के महेसाणा और गुरुग्राम के मानेसर में कुल 2 मिलियन यूनिट प्रोडक्शन कैपेसिटी के प्लांट हैं। मारुति सुजुकी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने इकोनॉमिक टाइम्स को एक इंटरव्यू में बताया कि कंपनी को खरखोदा प्लांट में एक मिलियन यूनिट प्रोडक्शन कैपेसिटी को बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही कंपनी को एक और साइट पर एक मिलियन यूनिट प्रोडक्शन के लिए प्रिंसिपल अप्रूवल मिल गया है। चेयरमैन आरसी भार्गव ने कहा कि हमारे पास पहले करीब 50% मार्केट शेयर था, जिसे हम वापस पाना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कंपनी कई स्वच्छ और इलेक्ट्रिक व्हीकल लॉन्च करने का प्लान बना रही है। मारुति सुजुकी फाइनेंशियल ईयर 2023 में लगातार दूसरे साल भारत की सबसे बड़ी पैसेंजर व्हीकल एक्सपोर्टर बनी है। दशक के आखिरी तक कंपनी ने 7.50 लाख यूनिट्स एक्सपोर्ट करने का टारगेट रखा है, जो पिछले फाइनेंशियल ईयर में 2.59 लाख यूनिट था। भारत में वाहनों की ओवरऑल रिटेल सेल्स में 4.03% की गिरावट दर्ज की गई है। अप्रैल-2023 में देशभर में 17,24,935 व्हीकल बेचे गए, जबकि पिछले साल इसी महीने में 17,97,432 व्हीकल बेचे गए थे। अप्रैल महीने से देश में लागू हुए एमिशन नॉर्म्स को इसकी वजह माना जा रहा है।

# गो फर्स्ट से विमान वापस लेने एनसीएलएटी पहुंची एसएमबीसी



**नई दिल्ली।** गो फर्स्ट को लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स नेशनल कंपनी ला‍ॅ अपीलेट ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलएटी पहुंच गई है। गुरुवार को अपनी याचिका में एसएमबीसी ने कहा कि एयरलाइन ने मामले से भटकाने के लिए ट्रिब्यूनल में दिवाला कार्यवाही शुरू करने की याचिका लगाई है। 12 मई को इस मामले की सुनवाई करेगा। बुधवार को गो फर्स्ट की दिवालिया याचिका को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलटी ने स्वीकार कर लिया था। एयरलाइन को राहत देते हुए मोरेटोरियम की मांग को भी मान लिया था। मोरेटोरियम यानी लेनदार किसी भी लोन के मामले में कोई लीगल एक्शन नहीं ले सकते। लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स अपने प्लेन वापस नहीं ले पाएंगी। एसएमबीसी ने कहा कि उन्होंने एनसीएलएटी के एयरलाइन की स्वैच्छिक दिवालिया याचिका को स्वीकार करने से पहले ही अपनी लीज खत्म कर दी थी। एसएमबीसी ने कहा कि गो फर्स्ट का विमानों पर कोई अधिकार नहीं है। गो फर्स्ट ने अपनी पसंद का एक रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल अपॉइंट किया और अब वे उस विमान को अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहे हैं जो उनके है ही नहीं।

## रिलायंस-मेट्रो की 2850 करोड़ की डील पूरी

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने जर्मन रिटेलर मेट्रो अग्र के भारतीय कैश एंड कैरी बिजनेस का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। मेट्रो एजी ने इसकी जानकारी दी। मेट्रो एजी ने कहा कि डील में मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के संचालित सभी 31 होलसेल स्टोर और पूरा रियल एस्टेट पोर्टफोलियो शामिल है। यह डील रिलायंस रिटेल को भारत में अपनी पोजीशन को मजबूत करने में मदद करेगी। डील के अनुसार, सभी मेट्रो इंडिया स्टोर ट्रांजीशन पीरियड के दौरान मेट्रो ब्रांड के तहत काम करना जारी रखेंगे। मेट्रो के एम्प्लॉइज और मेट्रो कस्टमर के लिए भी कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मेट्रो और आरआरवीएल ने दिसंबर 2022 में मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली फर्म के साथ 2,850 करोड़ रुपए में इस डील की घोषणा की थी। मेट्रो एजी के उप्ड स्टीफन ग्रेबेल ने कहा: मेट्रो इंडिया अपनी जर्नी में एक नया चैप्टर खोलेगा। इस अधिग्रहण से रिलायंस रिटेल को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, अहमदाबाद, सूरत, इंदौर, मेरठ, लखनऊ, नासिक, विशाखापट्टनम, गुंटूर, विजयवाड़ा, तुमकुर, गाजियाबाद और हुबली में मेट्रो के प्राइम लोकेशन पर मौजूद स्टोर का एक्सेस मिल जाएगा। डील के हिस्से के रूप में रिलायंस रिटेल को रजिस्टर्ड किराना स्टोर, संस्थागत ग्राहकों और एक मजबूत सप्लायर नेटवर्क का बड़ा बेस भी मिलेगा। इस अधिग्रहण से रिलायंस रिटेल के फिजिकल स्टोर फुटप्रिंट को और मजबूती मिलेगी। जब ये डील हुई थी तब रिलायंस रिटेल वेंचर्स की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा था, 'मेट्रो इंडिया भारतीय बी2बी बाजार में प्रमुख खिलाड़ी है और इसने मजबूत ग्राहक अनुभव देने के लिए एक ठोस मल्टी-चैनल प्लेटफॉर्म बनाया है। हमारा मानना है कि भारतीय व्यापारी/किराना इको-सिस्टम की हमारी गहरी समझ और मेट्रो इंडिया के हेल्दी एसेट भारत में छोटे व्यवसायों की मदद करेगा।

# पाकिस्तान : मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, 2 सुरक्षाकर्मी भी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया, हालांकि, गोलीबारी में दो जवान भी मारे गए हैं। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि यह घटना तड़के उस समय हुई जब आतंकवादियों के एक समूह ने उत्तरी बलूचिस्तान में अर्धसैनिक बलों के फ्रंटियर कोर के एक शिविर पर हमला किया। समाचार एजेंसी शिंहुआ ने आईएसपीआर के हवाले से कहा कि झड़प में तीन आतंकवादी भी घायल हो गए। बयान में कहा गया कि सुरक्षाबलों द्वारा एक इमारत परिसर में घुसे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है। बयान में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शामिल आतंकवादियों की पहचान उजागर नहीं की गई है।

## गाजा के रॉकेटों से एक इजरायली की मौत, 11 घायल

**यरूशलम।** इजरायली हवाई हमले में दो फिलिस्तीनी कमांडरों के मारे जाने के बाद गाजा से दक्षिणी इजरायल में रॉकेट दागे गए। एक रॉकेट एक रिहायशी इमारत पर गिरा, इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इजरायल की फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि रॉकेट तेल अवीव से 25 किमी दक्षिण में रेहोवोट में गुरुवार दोपहर एक चार मंजिला आवासीय इमारत की दूसरी मंजिल पर गिरा। इजरायल के मैगन डेविड एडोम आपातकालीन चिकित्सा सेवा ने रेहोवोट के मृतक की पहचान की। रेहोवोट के कापलान अस्पताल ने एक बयान में कहा कि हमले में नौ लोग घायल हुए हैं। एशकोल के दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद में 30 वर्षीय विदेशी नागरिक मैगन डेविड एडोम भी घायल हो गया। हमले में एक बुजुर्ग इजरायली महिला भी घायल हो गई। इस्लामिक जिहाद के रॉकेट बल के कमांडर अली हसन गाली और उनके डिप्टी अहमद अबू डक्का की हत्या के बाद दिन में गाजा पट्टी में दो इजरायली हवाई हमले हुए, इससे 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

**विदेश**

# ब्रिटेन में सिख किशोर की चाकू गोदकर हत्या करने के मामले में दो को उम्रकैद



**नवीन मेल संवाददाता**

लंदन। 2021 में 16 वर्षीय सिख लड़के की हत्या करने के आरोप में दो किशोरों को जेल की सजा सुनाई गई है, जिसे उन्होंने गलती से पश्चिम लंदन में एक प्रतिद्वंद्वी गिरोह का सदस्य समझ लिया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। हिलिंगडन के 18 वर्षीय वनुशन बालकृष्णन और इलियास सुलेमान को बुधवार को ओल्ड बेली में ऋषमीत सिंह की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में सजा सुनाई गई। पुलिस ने कहा कि बालाकृष्णन को कम से कम 24 साल की सजा काटने के लिए और सुलेमान को कम से कम 21 साल की सजा काटने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। ऋषमीत की मां गुलिंदर ने एक बयान में कहा, आखिरकार रिश्मीत को न्याय मिला है, लेकिन उनकी सजा मेरे लिए कभी भी काफी नहीं होगी। उन्होंने मेरी पूरी जिंदगी मुझसे छीन ली है और रिश्मीत फिर कभी घर नहीं आएगा। अफगानिस्तान से शरण लेने के लिए अपनी मां और दादी के साथ अक्टूबर 2019 में ब्रिटेन आए ऋषमीत को 15 बार चाकू मारा गया था। ऋषमीत के पिता को तालिबान ने मार डाला था, और कुछ ही समय बाद उन्होंने युवा लड़के का अपहरण करने की कोशिश की और परिवार को यूके भागने के लिए मजबूर किया। मेट्स स्पेशलिस्ट क्राइम कमांड से डिटेक्टिव इंस्पेक्टर लॉरा सेम्पल ने कहा, ऋषमीत एक मासूम, 16 साल का युवा था, जिसके आगे उसकी पूरी जिंदगी पड़ी थी। उसने अपने दोस्तों के साथ एक सुखद शाम बिताई थी और घर की छोटी पैदल यात्रा कर रहा था, जब बालकृष्णन व सुलेमान ने उसका पीछा किया और चाकू मारकर हत्या कर दी। सेम्पल ने कहा, किसी की निर्ममता से हत्या करने का कोई बहाना नहीं होता है, लेकिन यह मामला इस तथ्य से और भी दुखद हो जाता है कि ऋषमीत को उसके हमलावरों ने गलत तरीके से निशाना बनाया था। 24 नवंबर, 2021 की रात, ऋषमीत साउथहॉल में एक सुखद शाम का आनंद लेने के बाद अपने दोस्तों को छोड़कर घर जा रहा था, जब उसने दो अज्ञात युवकों को अपनी ओर भागते देखा। वह तुरंत साउथहॉल में रैले रोड पर भागा, जहां वह लड़खड़ाया और गिर गया। उसका पीछा करने वालों में से एक ने उसकी पीठ में कम से कम पांच बार वार किया। उसके बाद दूसरे युवक ने भी उसे चाकू मारना शुरू कर दिया। इसके बाद हमलावर उसे छोड़कर चले गए। सूचना मिलने पर अधिकारी और लंदन एम्बुलेंस सेवा के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उनके सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद ऋषमीत की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पूछताछ से पता चला कि बालाकृष्णन और सुलेमान ने अपनी बाइक पुल के पास छोड़ दी और पैदल ही ऋषमीत का पीछा किया। बालकृष्णन ने पहले उस पर हमला किया और उसके बाद सुलेमान ने ऋषमीत की मां ने कहा, ऋषमीत मेरा इकलौता बच्चा था, और उसके आगे उसका पूरा जीवन था।

**एक का शेष...**

## वर्ल्ड क्लास मशीनों के ...

कि राज्य का यह रिसर्च सेंटर राज्य के लिए नहीं देश के लिए मील का पत्थर साबित हो। मुख्यमंत्री ने कहा, देश में कैंसर की स्थिति ऐसी है कि ऐसे कई राज्य हैं जहां कैंसर के लिए स्पेशल ट्रेन चलती है। कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमें उसी तेजी से काम करने की आवश्यकता है जिस तेजी से कैंसर बढ़ रहा है। जब से शुरूआत तब से एयर ऐंबुलेंस हर दिन लोगों को दूसरे जगहों पर ले जा रही है। अस्पताल का कैंपस 25 एकड़ का है धीरे- धीरे यह और बड़ा रूप लेगा। हम राज्य में एक मेडिको सिटी की भी कल्पना कर रहे हैं जहां स्वास्थ्य से जुड़ी कई सुविधाएं होंगी। हमें दूसरे राज्यों में इलाज के लिए जाना पड़ता है उसमें कमी आयेगी।अस्पताल की सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा, कैंसर अस्पताल में अब हमारे पास वर्ल्ड क्लास की मशीन हमारे पास है। तकनीक बदल रही है नयी तकनीक के साथ यह कैंसर अस्पताल आम लोगों को समर्पित। यह हमारे राज्य के लिए गौरव की बात है।

## राज्य में मॉब लिंचिंग ...

कर दी है और हत्या के आरोप में पुलिस ने गांव के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीण कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव ने बताया कि मिथुन पहले भी इस तरह की घटना को अंजाम दे चुका है। वह मुर्गा, साइकिल, बाइक आदि चुरा लेता था। बाद में खर्चा-पानी के नाम पर पैसा लेकर वह चोरी का सामान लौटा भी देता था। कुछ ग्रामीण बताते हैं कि दो दिन पूर्व वह पिठोरिया थाना क्षेत्र के मोढ़ा गांव में एक विवाह समारोह के दौरान भी चोरी कर रहा था, वहां भी उसकी जमकर पिटाई हुई थी।

## झारखंड में बढ़ रही ...

होने की संभावना है लेकिन इससे पूरी तरह अभी राहत नहीं मिलेगी।

**कैसा रहा तापमान**

पिछले 24 घंटे में तापमान में कोई खास बदलाव दर्ज नहीं किया गया है। गोड्डा सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कई जिलों का पारा 40 डिग्री से अधिक रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 38.4 दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 41.7 और मेदिनीनगर में 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**मोचा तूफाना का कितना असर**

चक्रवाती तूफान मोचा का असर भी साफ दिखने लगा है। झारखंड में इसका आंशिक असर पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने साफ कहा था कि इसका कोई खास असर नहीं पड़ेगा। बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवातीय तूफान मोचा आगे बढ़ रहा है। तूफान बांग्लादेश और म्यांमार की तट से टकराकर आगे बढ़ेगा। झारखंड के कुछ इलाकों में इसका आंशिक असर देखने को मिल सकता है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ...

किसी नुकसान के कार्बन डेटिंग किया जा सकता है। असल में इस मामले में केंद्र सरकार के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह से कोर्ट ने पूछा था कि क्या शिवलिंग को बिना नुकसान पहुंचाए कार्बन डेटिंग संभव है? इस पर जवाब हां में दिया गया था और तभी से अटकलें थीं कि इस कथित शिवलिंग की असल आयु जानने के लिए कार्बन डेटिंग को इजाजत दी जा सकती है।जहां तक इस केस की बात है तो पिछले साल 16 मई को ज्ञानवापी में कथित शिवलिंग मिला तब हिंदू पक्ष ने कहा था कि भोलेनाथ मिल गए। उसके बाद ही जिला अदालत में इस कथित शिवलिंग का सर्वे करवाने की मांग की गई थी। लेकिन तब यथास्थिति बनाए रखने के लिए उस सर्वे को मंजूरी नहीं दी गई। अब जब इसकी इजाजत दे दी गई है, हिंदू पक्ष उत्साहित है, वहीं ज्ञानवापी मस्जिद के लोगों की तरफ से अभी भी कहा जा रहा है कि वो एक वजू खाना है और उसका शिवलिंग से कोई लेना देना नहीं।

**संभावना**

## मोका चक्रवात से निपटने के लिए अलर्ट पर बांग्लादेश और म्यांमार

# तटीय इलाकों से हटाए जायेंगे 5 लाख से अधिक लोग

मोका चक्रवात से निपटने के लिए अलर्ट पर बांग्लादेश और म्यांमार, तटीय इलाकों से हटाए जाएंगे 5 लाख से अधिक लोग

ढाका। चक्रवाती तूफान 'मोका' तेजी से उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसके बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक बहुत भीषण चक्रवात में बदलने की संभावना है। इसी को देखते हुए बांग्लादेश और म्यांमार की सरकार सचेत हो गई है। बांग्लादेश और म्यांमार के अधिकारियों ने शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी में उठे भीषण चक्रवाती तूफान मोका के मद्देनजर रखते हुए लोगों को तटीय इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है औ वहां से लाखों लोगों को निकालने की तैयारी की जा रही है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि तूफान रविवार को 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा की गति के साथ बांग्लादेश में कॉक्स बाजार और म्यांमार में क्यौकप्यू के बीच 175 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है। बांग्लादेश 160 मिलियन से अधिक लोगों का एक डेल्टा राष्ट्र है और अक्सर ऐसा देखा जाता है कि बाढ़ और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं से यह घिरा रहता है। बांग्लादेश सरकार के प्रशासक मुहम्मद शाहीन इमरान ने कहा कि तटीय इलाकों से शनिवार से लगभग 500,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की उम्मीद है और उन्हें एक विशाल तट पर बनाए जा रहे 576 चक्रवात आश्रयों में शरण दी जाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेंद्र कुमार जेनामणि ने कहा कि मोका तूफान इस साल उत्तर हिंद महासागर में पहला चक्रवात है। मोका चक्रवात काफी खतरनाक साबित हो सकता है और यह बांग्लादेश और म्यांमार में लाखों मछुआरों और तटीय क्षेत्रों के पास रहने वाले लोगों को भी काफी नुकसान पहुंचा सकता है। मई 2008 में, चक्रवात नरगिस ने



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### जी-7 देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के लिए जापान पहुंचे मांडविया



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जी-7 देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के लिए शुक्रवार को जापान के नागासाकी शहर पहुंचे। जापान इस साल जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है। जापान 13 से 14 मई तक स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा।

### कन्याकुमारी में सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में शुक्रवार सुबह एक वैन की बस से आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग नागरकोइल-तिरुनेलवेली के वेल्लामदम में तिरुचेंदूर से कन्याकुमारी जा रही डांस ग्रुप की वैन को बस ने टक्कर मार दी।

### आंध्र प्रदेश में 4 हाथियों को लगा करंट, मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम-मण्यम जिले में शुक्रवार तड़के चार जंगली हाथियों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना ओडिशा सीमा के पास जिले के भामिनी मंडल के कटरागड्डा गांव के पास हुई। हाथी बिजली के ट्रांसफार्मर के पास मृत पड़े मिले।

# भेदभावरहित योजना बनाना और लाभ पहुंचाना ही सच्ची धर्मनिरपेक्षता : पीएम

**एजेंसी। गांधीनगर/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय को लेकर कहा कि हमारी सरकार योजना बनाते या लाभ पहुंचाते समय धर्म या जाति नहीं देखती, यही असली धर्मनिरपेक्षता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश का विकास दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के गांधीनगर में लगभग 4,400 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं में शहरी विकास विभाग, जल आपूर्ति विभाग, सड़क एवं परिवहन विभाग और खान एवं खनिज विभाग आदि की 2450 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन शामिल है। प्रधानमंत्री ने



लगभग 1950 करोड़ रुपये की पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इसीं कार्यक्रम के दौरान योजना के लाभार्थियों को चाबियां सौंपकर योजना के तहत बनाए गए लगभग 19,000 घरों के गृह प्रवेश में भाग लिया। उन्होंने वीडियो लिंक के जरिए लाभार्थियों से बातचीत भी की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, आज हमारी सरकार हर अभाव को दूर करते हुए, हर गरीब तक खुद पहुंचने का काम कर रही है। लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए हमारी सरकार न जाति देखती है और न ही धर्म देखती है। क्योंकि मैं सोचता हूं कि जहां कोई भेदभाव नहीं है वहीं तो सच्चा धर्मनिरपेक्षता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए देश का विकास दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता है। अभी गुजरात में भाजपा की सरकार बने कुछ ही महीने हुए हैं, लेकिन विकास ने जो रफ्तार पकड़ी है उसे देखकर आनंद आ रहा है, एक सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि पुरानी विफल नीतियों के साथ आगे बढ़ने से न तो देश का भाग्य बदल सकता है और न ही देश सफल हो सकता है। पिछली सरकारों और आज की सरकार के दृष्टिकोण और दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। हम वास्तव में गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-आवास योजना ने आवास क्षेत्र को बदल दिया है। इससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद हमने गरीबों के घर को सिर्फ एक पक्की छत तक सीमित नहीं रखा, बल्कि हमने घर को गरीबी से लड़ाई का एक ठोस आधार बनाया। 'पीएम आवास योजना' गरीबों के साथ महिला सशक्तिकरण को भी बहुत बड़ी ताकत दे रही है। पिछले 9 वर्षों में करीब-करीब 4 करोड़ पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। इनमें करीब 70 प्रतिशत घर महिला लाभार्थियों के नाम पर हैं।

उन्होंने कहा कि पहले रियल एस्टेट सेक्टर में मनमानी चलती थी, धोखेबाजी की शिकायत आती थी। मध्यम वर्ग के परिवारों को सुरक्षा देने के लिए कोई कानून नहीं था। हमने एक रेरा कानून बनाया, इससे मध्यम वर्ग के परिवारों को सुरक्षा मिली है। भाजपा सरकार देश में बढ़ते शहरीकरण के कारण भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# दिल्ली सरकार फिर पहुंची सर्वोच्च न्यायालय

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा दिल्ली सरकार के अधिकारों को लेकर फैसला आने के ठीक एक दिन बाद केजरीवाल सरकार सचिव के ट्रांसफर के मामले को लेकर फिर सर्वोच्च न्यायालय पहुंची है। आप सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के सामने इस मामले को उठाते हुए केंद्र सरकार पर अधिकारियों का ट्रांसफर ना करने का आरोप लगाया है। सर्वोच्च न्यायालय इस याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने इस मामले में कहा है कि वह अगले सप्ताह बेंच का गठन करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आने के बाद पहले ट्रांसफर को लेकर ही विवाद शुरू हो गया है। दिल्ली सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार ने सर्विसेज सेक्रेटरी के तबादले के मामले पर केंद्र ने कोई पहल नहीं की। दिल्ली सरकार ने आशीष मोरे के ट्रांसफर की फाइल एलजी के पास भेजी थी। इस ट्रांसफर को एलजी ने अवैध बता दिया। दिल्ली सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केंद्र सरकार पर इसे लेकर अवमानना का केस चलना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी केंद्र ट्रांसफर को लेकर कार्रवाई नहीं कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग का काम चुनी हुई सरकार की ही जिम्मेदारी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पुलिस, पब्लिक और जमीन से जुड़े मामले ही केंद्र सरकार देख सकती है। चूंकि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला है। इसलिए उसके अधिकार अन्य राज्यों से कम है। लेकिन प्रशासनिक फैसले लेने के अधिकार दिल्ली सरकार के पास है। उपराज्यपाल को दिल्ली सरकार की सलाह माननी होगी।

# अतीक के वकील ने उसके वित्तीय मामलों को संभाला व शाइस्ता को रिपोर्ट किया

**एजेंसी। प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)**

मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ 2017 में डॉन के जेल जाने के बाद से ही उसके आर्थिक मामलों को देख रहे थे। उमेश पाल की हत्या की जांच कर रहे अधिकारियों के अनुसार वकील ने कबूल किया है कि वह न केवल डॉन के पैसे के मामलों को संभालता था, बल्कि अवैध रूप से या कानूनी रूप से अर्जित धन को या तो अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन या उसके अकाउंटेंट राकेश को सौंप देता था। खान सौलत हनीफ



ने पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान अतीक के आर्थिक साम्राज्य का ब्योरा भी दिया है। उसने पुलिस के सामने अतीक की संपत्ति और व्यवसायियों और बिल्डरों सहित प्रभावशाली लोगों के साथ सांठगांठ का भी खुलासा किया। खान सौलत हनीफ कानूनी या अवैध तरीकों से अतीक द्वारा जमा किए जा रहे पैसे को सौंपने के लिए शाइस्ता के घर जाता था। अतीक के अन्य लोगों के साथ व्यावसायिक संबंध का पता लगाने के लिए पुलिस महत्वपूर्ण दस्तावेजों की भी जांच कर रही है। इस बीच, जांचकर्ताओं ने दावा किया कि अतीक के नाबालिग बेटे ने सभी 14 फेसटाइम आईडी को बार-बार जोड़ने के इरादे से बनाया था। जबकि 10 आईडी के विशिष्ट नाम और पते हैं, बाकी को आवश्यकता के अनुसार बदल दिया गया है।

# जज वर्मा सहित 68 जजों का प्रमोशन रद्द

### मूल पद पर वापस भेजने का आदेश

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात में राहुल गांधी को सजा देने वाले जज सहित 68 जजों के जिला जज कैडर में प्रमोशन को अवैध करार देते हुए , उनके पदोन्नति पर रोक लगा उन सभी को वापस पहले जिस पद पर थे, वहां भेजने का आदेश दे दिया। इन 68 जजों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि से जुड़े मामले में सजा देने वाले जज हरीश हसमुखभाई वर्मा भी शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने



आदेश में कहा है कि फिलहाल जिन जजों को प्रमोट किया गया है, उन्हें उनके पुराने पद पर वापस भेजा जाए। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति एमआर शाह ने कहा कि यह ध्यान देने की आवश्यकता है कि गुजरात के भर्ती नियमों के अनुसार प्रमोशन की क्राइटेरिया 'योग्यता सह वरिष्ठता' (मेरिट कम सीनियरिटी) और सूटेबिलिटी टेस्ट है। ऐसे में हम संतुष्ट हैं कि राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का उल्लंघन करता है। जस्टिस शाह ने आगे कहा- हालांकि हम इस याचिका का निस्तारण चाहते थे। लेकिन एडवोकेट दुष्यंत दवे नहीं चाहते हैं कि हम याचिका डिस्पोज करें। जस्टिस शाह ने आगे कहा, चूंकि राज्य सरकार ने अधिकारियों को प्रमोट करने का निर्णय ले लिया है, ऐसे में हम इस प्रमोशन लिस्ट को लागू करने पर रोक लगाते हैं। जिन जजों को प्रमोट किया गया है, उन्हें उनके मूल मूल पदों पर वापस भेजा जाए। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार भर्ती नियम- मेरिट कम सीनियरिटी है। जबकि गुजरात में इस मामले में नियम को उलट कर सिनियरिटी कम मेरिट करके राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि से जुड़े मामले में सजा देने वाले जज हरीश हसमुखभाई वर्मा सहित 68 को पदोन्नति दे दिया गया। जिसके विरूद्ध मेरिट में ऊपर वाले यानि ज्यादे नंबर पाने वाले कई अभ्यर्थियों ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी थी। जिस पर यह फैसला आया।

**अल-कादिर ट्रस्ट केस**

# इमरान खान को दो सप्ताह की जमानत मिली

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने शुक्रवार को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुरक्षात्मक जमानत दे दी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति समन रफत इम्तियाज की दो सदस्यीय विशेष खंडपीठ ने मंगलवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट परिसर से गिरफ्तार पूर्व प्रधानमंत्री को 15 दिन की सुरक्षात्मक जमानत दी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अल कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान खान की



गिरफ्तारी को "गैरकानूनी" करार दिए जाने के एक दिन बाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए विशेष खंडपीठ का गठन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शुक्रवार को सफेद चश्मा पहने इमरान खान हल्के नीले रंग की सलवार कमीज और गहरे नीले रंग का वेस्टकोट पहने एक सेलिब्रिटी की तरह कड़ी सुरक्षा के बीच इस्लामाबाद हाई कोर्ट पहुंचे। पहले सत्र के दौरान इमरान खान ने एक संवाददाता के सवाल के जवाब में बताया कि उन्हें अपनी गिरफ्तारी के दौरान एनएबी अधिकारियों ने लैंडलाइन के माध्यम से अपनी पत्नी से बात करने की अनुमति दी थी। उस वक्त सैकड़ों पुलिस और अर्धसैनिक बल संघीय राजधानी में न्यायिक ढांचे के परिसर की सुरक्षा में तैनात थे।

# महाराष्ट्रः परभणी जिले में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 5 मजदूरों की मौत

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के परभणी जिलान्तर्गत सोनपेठ तहसील के टांडा गांव में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान पांच मजदूरों की मौत हो गई। सभी मजदूरों के शव निकालकर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार गुरुवार को रात में मारुति राठोड़ के खेत के पास पांच मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई कर रहे थे। देर रात होने की वजह से पांचों मजदूर काफी देर तक बाहर नहीं निकले। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने ग्रामीणों की मदद



से पांचों मजदूरों के शव सेप्टिक टैंक से बाहर निकाले। मृतकों की पहचान शेख सादेक (45), शेख शाहरुख (20), शेख जुनैद (29), शेख नवीद (25) और शेख फिरोज (25) के रूप में हुई है। पहली नजर में यह सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस का मामला लग रहा है।




### इंडिया गेट के पास होगी परिणीति चोपड़ा व राघव चड्ढा की सगाई



**एक्ट्रेस** परिणीति चोपड़ा और राज्यसभा सांसद व आप नेता राघव चड्ढा की सगाई 13 मई को इंडिया गेट के पास होगी। एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि परिणीति की बहन प्रियंका चोपड़ा जोनस कल दिल्ली आएंगी। हालांकि, प्रियंका के पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के बारे में अभी तक कोई अपडेट नहीं है। सगाई से पहले, मुंबई के बांद्रा इलाके में एक्ट्रेस का अपार्टमेंट रोशनी से जगमगाया हुआ है। पैपराजी विरल भयानी द्वारा साझा किया गया एक वीडियो में परिणीति का अपार्टमेंट उनकी सगाई से पहले लाइटिंग से जगमगाता हुआ दिख रहा है, जो शनिवार 13 मई को होने वाली है।

### अनन्या पांडे ने खींचा सबका ध्यान, लोगों ने उड़ाया मजाक



**बीती** रात मुंबई में एक मोस्ट स्टाइलिश अवॉर्ड्स इवेंट हुआ। इस इवेंट में कई सितारों ने शिरकत की और उन्होंने इवेंट में अपना बेहतरीन लुक प्रेजेंट किया। जाह्नवी कपूर, अनन्या पांडे, श्रिया सरन, रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख समेत कई अन्य सेलेब्स भी इसमें शामिल हुए। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान अनन्या पांडे ने खींचा। वह इवेंट में सबसे खूबसूरत तो दिख ही रही थीं, लेकिन उनके पर्स ने उनसे भी ज्यादा सुर्खियां बटोरी। अनन्या पांडे अपने लुक और खूबसूरती से ज्यादा अपने पर्स की वजह से चर्चा में रहीं। इवेंट से अनन्या का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि उन्होंने गुलाबी रंग का एक आउटफिट पहना हुआ है।

### नेटफ्लिक्स के साथ बाफ्टा की साझेदारी

**बाफ्टा** ब्रेकथ्रू इंडिया प्रोग्राम की जबर्दस्त सफलता के बाद, बाफ्टा एक बार फिर तीसरे साल इस स्कीम को लॉन्च किया है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 12 मई से आरम्भ हो गई है और यह 5 जुलाई तक चलेगी। यह प्रोग्राम राष्ट्र स्तर पर और यूके तथा यूएस में कार्यरत फिल्म, गेम्स और टेलीविजन उद्योगों में क्रिएटिव के लिए खुला है। भारत में बाफ्टा ब्रेकथ्रू को नेटफ्लिक्स के सहयोग का तीसरा साल और यूके एवं यूएस में इसका चौथा साल है। बाफ्टा ब्रेकथ्रू का उद्देश्य दुनिया भर की उभरती प्रतिभाओं की पहचान कर उनके हुनर को निखारना तथा उन्हें अपने चयनित क्षेत्र में अपने कौशल को बेहतर बनाने एवं आगे बढ़ने के लिए जरूरी संसाधनों से लैस करना है। पहली बार दस साल पहले यूके में आरम्भ किया गया, बाफ्टा ब्रेकथ्रू आर्ट्स चैरिटी की प्रमुख प्रतिभा योजनाओं में से एक है, जिसके अंतर्गत अभी तक 200 से ज्यादा कॅरियर का विकास किया जा चुका है। इसके तहत सहभागियों को उद्योग के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने, और अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा।



**समस्या** | मप्र में भाजपा की मुश्किलें बढ़ीं

# भ्रष्टाचार के खिलाफ बढ़ा गुस्सा

**एजेंसी। भोपाल**

भोपाल, शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर के बीच, कर्नाटक की तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ बढ़ते गुस्से की वजह से पार्टी (भाजपा) को और अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही चुनाव नजदीक आने के साथ शीर्ष स्तर से लेकर जमीनी स्तर के कैडर तक असंतोष, मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए और अधिक चुनौतियां पैदा कर रहा है। राज्य नेतृत्व संभावित विद्रोहों को शांत करने का प्रयास कर रहा है, और अब संगठन के नेताओं को इस कठिन कार्य में लगाया गया है।



भाजपा के सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों से बागी पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों को दरकिनार करने की तुलना में निचले स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं में बढ़ता असंतोष अधिक परेशान कर रहा है। इसने शिवराज नेतृत्व को बूथ स्तर पर तीसरे दौर का अभियान शुरू करने के लिए प्रेरित किया। स्थिति का जायजा लेने के लिए संगठन के नेताओं का एक समूह बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बंद कमरे में बैठक कर रहा है।

भाजपा के सूत्रों ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महासचिव शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महासचिव अजय जंबार और राज्य प्रभारी मुरलीधर राव को असंतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं को शांत करने का जिम्मा सौंपा गया है।

संगठनात्मक कार्य देखने वाले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि संगठन के नेता निचले स्तर के कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं ताकि उन्हें पार्टी के साथ रखा जा सके और स्थानीय नेताओं की समीक्षा की जा सके। समीक्षाओं के आधार पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को उन लोगों तक पहुंचने का काम सौंपा जा रहा है जो विपक्ष को अपना समर्थन दे सकते हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि असंतोष केवल कुछ प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के कारण ही नहीं, बल्कि शिवराज सिंह चौहान सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ बढ़ती लहर के कारण भी बढ़ रहा है। रीवा में एक भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने स्थानीय कार्यकर्ताओं पर कोई ध्यान नहीं दिया है। अब जब चुनाव नजदीक आ रहा है तो हमारे नेता जाग गए हैं और स्थानीय कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं।

# मुजफ्फरपुर में लगी आग में तीन लोगों की मौत, दो घायल

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कथैया थाना क्षेत्र स्थित जसौली गांव के बाबु टोला में शुक्रवार को भीषण आग लग गयी। घटना में झुलसने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हैं। घायलों में दो लोगों की स्थित नाजुक बतायी जा रही है। मृतकों में हाफिज मिया, मुमनेश बेगम और अलीना बेगम हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है।